सुप्रभात
रांची, शनिवार
19.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 98




12 पाक की हेकड़ी टूटी, नवाज भी अब भारत से दोस्ती के पक्ष में

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस ने सूची फाइनल करने सीइसी को भेजा

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति ने झारखंड विस चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली। शुक्रवार की बैठक में राज्य चुनाव समिति ने केंद्रीय चुनाव समिति (सीइसी) को कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन के लिए अधिकृत कर दिया। बैठक में गुलाम अहमद मीर, केशव महतो, कमलेश समेत ।मिति के सदस्य शामिल हुए।

### लालू यादव ने तरारी सीट से किया नामांकन

**पटना।** तरारी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लालू प्रसाद यादव ने नामांकन दाखिल कर दिया। लालू प्रसाद यादव सारण जिला अंतर्गत मढ़ौरा प्रखंड के निवासी हैं। श्री यादव ने कहा कि वे तरारी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए यहां आये हैं।

### कोयला चोरी के आरोपों की सीबीआइ जांच पर लगी रोक

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस की संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।

### तीसरे दिन भारतीय टीम ने दाग कुछ धोया

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी न्यूनतम स्कोर का रिकार्ड बनानेवाली टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी पर कुछ हद तक दाग धोने में सफल रही। पहले टेस्ट के तीसरे दिन की अंतिम गेंद पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली (70) आउट हो गये। खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। सरफराज खान (70) पर नाबाद हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 97000 रु./प्रति किलो |




# पहले चरण की 43 सीटों पर नामांकन शुरू, तीन ने भरा परचा

## 25 अक्टूबर तक नामांकन, सरयू राय 24 को भरेंगे पर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। पहले दिन शुक्रवार को कुल तीन लोगों ने अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया। वहीं बरही, बरकट्ठा से पांच, हजारीबाग से तीन और पलामू समेत विभिन्न क्षेत्रों के कई स्वतंत्र प्रत्याशियों ने परचे खरीदे। प्रथम चरण में झारखंड के कुल 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया कि जमशेदपुर पश्चिमी, रांची और कांके विधानसभा क्षेत्र से एक-एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र भरा है। 25 अक्टूबर तक नामांकन अवकाश के दिन को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगा। वहीं जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय 24 अक्तूबर को परचा भरेंगे ।

**झारखंड विधानसभा :** 81 सीटें। 44 अनारक्षित, 28 एसटी और 09 एससी के लिए सुरक्षित। कुल 2.6 करोड़ मतदाता। 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष। इस बार में 11.84 लाख युवा पहलीवार बने वोटर।

**दो चरणों में वोटिंग :** उन्होंने बताया कि 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 तक नाम वापस लिया जा सकता है। (शेष पेज 11 पर)

## चुनाव प्रभावित न हो, रखें पैनी नजर : सीइओ



**रांची।** राज्य की सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में केवल कैश ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आरबीआइ के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन एवं बल्क ट्रांजेक्शन पर ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध लेनदेन की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट अथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, ईडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कई प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन के लिए कई तरह की वस्तुएं बांटी जाती है। इसपर कड़ी नजर रखें। सभी सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में निर्मित चेकपोस्टों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी रखें। इसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय एवं राज्य स्तर से वेबकास्टिंग के मध्यम से की जा रही है। बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनडीए ने बांट ली सीट, कहा- जनता बदलाव के मूड में

# भाजपा 68, आजसू 10, जदयू दो और लोजपा को एक सीट

### राज्य में सरकार बनाने का राजग अभियान चलायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। शुक्रवार को रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इसका एलान किया। एनडीए गठबंधन में भाजपा को 68 सीटें, जेडीयू को 2, लोजपा को एक और आजसू को 10 सीटें मिली हैं। भाजपा मुख्यालय में आजसू-भाजपा की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की गयी। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी व असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने एनडीए को मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की 10 सीटों पर आजसू पार्टी अपना कैंडिडेट देगी। जदयू को दो और लोजपा (आर) को एक सीट दी गयी है। भाजपा शेष 68 सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी।

**भाजपा की सूची शीघ्र :** हिमंता ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की सूची तैयार है। उम्मीदवारों घोषणा जल्द जारी होगी। यह कल भी संभव है। महाराष्ट्र व झारखंड की सूची साथ जारी हो सकती है। इसके पहले शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एनडीए यहां मजबूती से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत कुछ सीटों पर अदला-बदली संभव है। परिस्थितिजन्य तरीके से बदलाव संभव है, लेकिन अभी यही फाइनल है।

**जनता बदलाव को तैयार :** एक सवाल के जवाब में हिमंता ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन को खत्म करना है। जनता बदलाव के लिए तैयार है।

(शेष पेज 11 पर)

### किसको कौन सीट मिली

आजसू पार्टी को सिल्ली, रामगढ़, इचागढ, गोमिया, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर सीट दी गयी है।

जदयू जमशेदपुर पश्चिमी और तमाड़ तथा लोजपा (आर) चतरा सीट पर लड़ेगी। अन्य सीटें भाजपा के खाते में ।

# सभी सीटों पर भाजपा को डिब्बे में बंद कर देंगे : हेमंत

### एनडीए नेता उमाकांत और हाजरा झामुमो में शामिल, चंदनक्यारी और जमुआ से लड़ेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व मंत्री और आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, भाजपा विधायक केदार हाजरा अपने-अपने समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को झामुमो में शामिल हो गये। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में एनडीए के दोनों नेताओं को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरन ने पार्टी में शामिल कराया। दोनों नेताओं ने इसे समय की मांग बताया। वहीं उमाकांत रजक तो इसे घर वापसी बताया। इस मौके पर आत्मविश्वास से भरे हेमंत सोरेन ने कहा कि महागठबंधन में सही समय के साथ सब कुछ तय हो जायेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की सभी 81 विधानसभा सीट पर भाजपा को डब्बे में बंद कर देंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के दो जुझारू और कर्मठ नेताओं केदार हाजरा और उमाकांत के हजारों समर्थकों के साथ झामुमो में स्वागत है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा जो सपना देख रही है, उसका डब्बा गोल कर देंगें। इस मौके पर सीएम के साथ विधायक कल्पना मुर्मू, पार्टी नेता सुप्रियो भट्टाचार्य विनोद पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे। उमाकांत रजक चंदनक्यारी और केदार हाजरा जमुआ से जेएमएम प्रत्याशी होंगे। इन सबों के बीच किसी की जमीन खिसक रही है तो वह कांग्रेस है। अब ऐसा लगने लगा है कि इंडिया गठबंधन में जमुआ सीट की प्रबल दावेदार रही कांग्रेस को शायद यह सीट मिले ही नहीं।

**अपनी-अपनी पार्टी छोड़ने का कारण :** दरअसल एनडीए में चंदनकियारी विधानसभा सीट भाजपा के कोटे में गयी है। यहां से ही आजसू नेता उमाकांत रजक राजनीति करते रहे हैं।भाजपा की मजबूरी यह थी कि उनके विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी चंदनकियारी विधानसभा का ही प्रतिनिधित्व करते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# मधु कोड़ा इसबार नहीं लड़ सकेंगे विधानसभा चुनाव

## पूर्व सीएम को दिल्ली हाइकोर्ट से झटका, सजा निलंबित करने की याचिका खारिज



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली हाइकोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की कोयला घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराये जाने के फैसले को निलंबित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। इससे पहले हाई कोर्ट ने 3 सिंतबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे सपष्ट हो गया कि मधु कोड़ा अब वह झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ पायेंगे। दरअसल, हाइकोर्ट ने 8 मई को सीबीआई को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मधु कोड़ा की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हाईकोर्ट इस मामले में पहले ही ऐसी ही याचिका खारिज करने का आदेश दे चुका है। ऐसे में ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

**तीन साल की सजा सुनायी थी :** इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने पिछले 16 दिसंबर 2019 को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और विजय जोशी को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनायी थी।

### कोड़ा ने चुनाव लड़ने की छूट मांगी थी

मधु कोड़ा ने याचिका में कहा है कि वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और वे झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। झारखंड विधानसभा का चुनाव नवंबर 2024 में संभावित है। अगर उनकी सजा को निलंबित नहीं की जाती है तो वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पायेंगे।

## बाल विवाह निषेध कानून का सख्ती से पालन जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

# माता-पिता भी नाबालिग का जीवनसाथी नहीं चुन सकते

- युवाओं की स्वतंत्र इच्छाओं का हनन
- पर्सनल लॉ के जरिये भी प्रभावित नहीं होगा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कई दिशा-निर्देश जारी किये हैं। कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 सभी पर्सनल लॉ पर भी प्रभावी होगा। बाल विवाह निषेध कानून में कुछ खामियां हैं। बाल विवाह से जीवनसाथी चुनने का विकल्प छिन जाता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को किसी भी पर्सनल लॉ के तहत परंपराओं से बाधित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अहम फैसला सुनते हुए कहा कि माता-पिता अपने नाबालिग बेटियों या बेटों की शादी के लिए जीवनसाथी नहीं चुन सकते, भले उनका विवाह बालिग होने के बाद कराया जाये। बालिग होने से पहले शादी कराने के लिए सगाई करना नाबालिगों के जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन है।

**दिशा निर्देश के साथ जागरूकता जरूरी :** सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कई दिशानिर्देश भी जारी किये। कोर्ट ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि आम लोगों में इसको लेकर जागरुकता बढ़ाने के उपाय किये जाने चाहिए। हर समुदाय के लिए अलग तरीके अपनाये जायें। समाज की स्थिति समझ कर ही रणनीति बने, क्योंकि दंडात्मक तरीके से सफलता नहीं मिलती। (शेष पेज 11 पर)

### पर्सनल लॉ का भी असर नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को पर्सनल लॉ प्रभावित नहीं कर सकता। बचपन में विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने का विकल्प छीन लेता है। बाल विवाह की रोकथाम के कानून को पर्सनल लॉ के जरिये प्रभावित नहीं किया जा सकता। इस तरह की शादियां नाबालिगों की जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन हैं। पीठ ने कहा, निवारक रणनीति अलग-अलग समुदायों के हिसाब से बनायी जानी चाहिए। यह कानून तभी सफल होगा जब बहु-क्षेत्रीय समन्वय होगा। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।

VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. Street, Tharpakhna, Ranchi- 834 001(Jharkhand)
Phone: 9234317945, 9835513430, 9431174445

सूचना

मान्यवर,

प्रिय पुस्तक विक्रेता बंधु ! आपने विगत वर्षों में जो सहयोग एवं समर्थन दिया उसके लिए हम आपके आभारी हैं।

साथ ही एक विशेष आग्रह/विनती भी करनी है। अभी कुछ दिनों से वर्मा प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, राँची द्वारा प्रकाशित पुस्तकें मार्केट में पायरेटेड (डुप्लीकेट) आने की जानकारी हमारी जाँच टीम द्वारा की गई पड़ताल से मिली है। इस संदर्भ में अत्यंत विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूँ कि कृपया इन पायरेटरों (डुप्लीकेटरों) के प्रलोभनों में ना पड़ें। ये आपको पुस्तक भेजकर खुद निकल जाते हैं और आप (प्रिय पुस्तक विक्रेता बंधु) फँस जाते हैं, क्योंकि ना तो उनका गोदाम है और ना ही उनकी कोई दुकान है और ना ही उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा है, पर आपका और आपके पुरखों की कमाई हुई प्रतिष्ठा, सामाजिक विश्वास एक पल में ध्वस्त हो जाती है, इसके लिए जाँचकर्त्ता टीम को कितनी किताबें मिलती है यह मायने नहीं रखता। एक किताब रखने वाले भी उतने ही दंड के भागी बनते हैं।

बताते चले कि विद्यालयों में बच्चों द्वारा खरीदी हुई पुस्तकें अगर पायरेटेड पाई जाती है, तो भी उनके द्वारा बताए गए दूकानदारों के यहाँ भी जाँच टीम पहुँच सकती है।

अत: आप सभी बंधुओं से आग्रह है कि आप वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची से सम्पर्क कर पुस्तकों की आपूर्ति हेतु जानकारी एवं आदेश देकर पुस्तक प्राप्त कर सकते हैं एवं अपने निकटतम थोक विक्रेता बंधुओं (Wholesalers) से सम्पर्क कर हमारे द्वारा प्रकाशित पुस्तकें प्राप्त करें एवं साग्रह निवेदन है कि मुख्यधारा में रहें एवं दूसरे छोटे विक्रेताओं को भी प्रेरित करते रहें। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप किसी ऐसे प्रलोभन या लालच में ना ही कभी पड़े हैं और ना ही पड़ेंगे। पुन: आपके सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार।


आपका
वर्मा प्रेस प्रा० लि०

सभी कोटि के विद्यालयों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से साग्रह निवेदन है कि नकली एवं मिलते जुलते नाम वाली पुस्तकों से सावधान रहें।

हमारे थोक विक्रेता (Wholesalers)

*Bokaro*– Bokaro Student Friends, Sahitya Sangam, Chas. *Chaibasa*– Kanti Pustak Mandir, Naveen Book Depot, Sharma BooK Depot. *Chakradharpur*– New Bihar Book Store, Bina Pustak, Nand Book Store. Chatra– Pustak Sadan, Chhatra Pustak. *Daltonganj*– Sanjay Book Depot, Pustak Jagat. *Dhanbad*– Bokaro Student Friends,Gyan Bharti. *Dumka*– Vidyarthi Pustak Bhandar, Pankaj Book Store, Krishna Book Store. *Giridih*– Sharda Book International. *Godda*– Pustak Kendra, Barahat. *Gumla*– Lohani Book Depot, Sanjeev Gupta Book Depot, Gupta Book Depot. *Hazaribagh*– Khandelwal Book Depot, Pustak Bhandar. *Jamshedpur*– Sen Book Store. *Pakur*– Amiya Paper House. *Ramgarh*– Gyan Bharti, Gyan Bhandar, Binod Pustak. *Ranchi*– Agrawal Book Distributor, Bokaro Student Friends, Agrawal Books, Pustak Mandir, Anjana Books, Crown Book. *Rehla*– New Pustak Sadan. *Sahebganj*– Gyan Bharti. *Simdega*– Rajdhani Book Depot.

हमारे द्वारा प्रकाशित परीक्षोपयोगी पुस्तकें



इंडी गठबंधन में झामुमो और कांग्रेस के बीच कई सीटों पर गतिरोध जारी

# 81 विधानसभा सीटों में जेएमएम सर्वाधिक सीटों पर कर रहा दावा

■ झारखंड मुक्ति मोर्चा इस बार कांग्रेस की कई सीटों पर दावा ठोक रहा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक शामिल हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बयानों से यह साफ हो गया है कि झारखंड में इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच अभी भी गतिरोध बरकरार है। मांडू के निवर्तमान विधायक और कांग्रेस नेता जयप्रकाश भाई पटेल, बिश्रामपुर से कई बार विधायक रह चुके पूर्व मंत्री ददई दुबे, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद प्रदीप बलमुचू के चुनाव लड़ने पर गतिरोध बरकरार है। प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू के बयानों से यह साफ हो गया है कि झारखंड में कई विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस और झामुमो के बीच गतिरोध बरकरार है।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा इस बार कांग्रेस की कई सीटों पर दावा ठोक रहा है, वहीं दूसरी ओर 2019 के विजयी विधायक के कांग्रेस में शामिल होने के बावजूद मांडू विधानसभा सीट छोड़ने को लेकर झामुमो तैयार नहीं है। झामुमो का पक्ष है कि यह सीट मुक्ति मोर्चा की परंपरागत सीट रही है।

इसी तरह पार्टी वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू के लिए तोरपा सीट चाहती है, लेकिन यहां भी झामुमो समझौता करने के लिए दो कदम पीछे हटने को तैयार नहीं है। इसके उलट झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 2019 में कांग्रेस को दी गई सिमरिया, भवनाथपुर, जमुआ विधानसभा सीटों पर अपना दावा ठोका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बलमुचू ने कहा कि विधानसभा चुनाव जीतकर राज्य में फिर से महागठबंधन की सरकार बनाना लक्ष्य है, लेकिन संगठन को बचाना और मजबूत करना भी जरूरी है।

वहीं पार्टी प्रवक्ता जगदीश साहू ने भी माना कि विधानसभा सीट को लेकर कुछ समस्या उत्पन्न हुई है। मांडू को झामुमो की परंपरागत सीट बताने को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी तब झामुमो ने भी चुनाव लड़ा था और वह तीसरे स्थान पर रहा था। वहीं पूर्व मंत्री ददई दुबे ने कहा कि धीरे-धीरे हम कई सीटों पर पिछलग्गू बन गए हैं, यह सच्चाई है।

## प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति ने उम्मीदवारों के चयन के लिए शीर्ष नेतृत्व को किया अधिकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह चुनाव समिति के चेयरमैन केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में विधानसभा वार उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई तथा समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए नामो की अनुशंसा की गई। इसके बाद उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम निर्णय के लिए सर्वसम्मति से शीर्ष नेतृत्व को अधिकृत किया गया। बैठक में शामिल सदस्यों ने विधानसभा वार सीटों के संदर्भ में गठबंधन पर समीकरणों के साथ चर्चा की साथ ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित उम्मीदवार की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया गया।

सोनाल शांति ने बताया कि अभी गठबंधन दलों के बीच सीटों का बंटवारा पूरी तरह नहीं हो पाया है। इस स्थिति में सभी 81 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की कवायद समिति के सदस्यों द्वारा की गई। सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस कोटे की सीटों पर उम्मीदवारों के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। हर परिस्थिति में उम्मीदवारी पर निर्णय केंद्रीय चुनाव समिति की अनुशंसा के बाद शीर्ष नेतृत्व करेगा।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का, सीरीबेला प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप बालमुचू, सुबोधकांत सहाय, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत, प्रणव झा, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडे सिंह, प्रदीप यादव, रामचंद्र सिंह,भूषण बाड़ा, विक्सल कोंगाड़ी, सोनाराम सिंकू, उमाशंकर अकेला, शिल्पी नेहा तिर्की, बंधु तिर्की, अंबा प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, फुरकान अंसारी, चंद्रशेखर दुबे, संजय लाल पासवान, जलेश्वर महतो, जयशंकर पाठक, रविंद्र सिंह, शहजादा अनवर, मानस सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, रमा खलको, भीम कुमार, अशोक चौधरी, सुल्तान अहमद, आलोक दुबे, मणिशंकर, अभिजीत राज, गुंजन सिंह, विनय होरो, नेली नाथन शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### खनन सचिव को उपस्थित होने का निर्देश

**रांची।** निशांत अभिषेक एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खनन सचिव को 25 नवंबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सेवा संपुष्टि का आदेश दिया था, लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट में कहा गया कि यह अदालत के आदेश की अवहेलना है।

### उच्च शिक्षा सचिव की सैलेरी रोकने की चेतावनी

**रांची।** साहिबगंज जिला के बरहरवा कॉलेज में लेक्चरर पद पर कार्यरत अनिल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यदि 6 दिसंबर 2024 तक हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक के वेतन निकासी पर 6 दिसंबर के बाद से रोक लग जाएगी। दरअसल अनिल कुमार एवं अन्य को पंचम व छठे वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा था। जिसे लेकर उनकी ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई थी।

### वकील को सामने लाने के लिए याचिका दायर

**रांची।** इडी को मैनेज करने के लिए कांके सीओ जय कुमार राम, धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी समेत लैंड स्कैम के अन्य आरोपियों से वसूली करने से जुड़े केस में जिस अधिवक्ता के ठिकाने पर एजेंसी ने रेड की थी, उस अधिवक्ता को पेश करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि इडी के नाम पर वसूली के बाद एजेंसी ने जांच शुरू की थी और पुलिस भी इस मामले में जांच कर रही है। इस बीच अधिवक्ता सुजीत कुमार पिछले कई दिनों से लापता है और उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है, इसलिए उन्हें सामने लाया जाना चाहिए।

### पूजा सिंघल की बेल पर कोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**रांची।** सस्पेंडेड आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब हाईकोर्ट में पूजा सिंघल की बेल पर 22 नवंबर को सुनवाई होगी। इससे पहले रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने 26 सितंबर को पूजा सिंघल को बेल देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने 5 मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी कर पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और कई इन्वेस्टमेंट की महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

## प्रदेश कांग्रेस ने मेनिफेस्टो ड्राफ्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमिटी की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में समिति के चेयरमैन बंधु तिर्की के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेनिफेस्टो कमिटी के को-ऑर्डिनेटर अमिताभ दूबे उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश कमिटी द्वारा मेनिफेस्टो का ड्राफ्ट उन्हे सौंपा गया।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा कि हमारी ओर से यह प्रयास किया गया है घोषणा पत्र जन आकांक्षाओं को पूरा करनेवाला हो ताकि समाज का कोई वर्ग उपेक्षीत न रहे। उन्होंने कहा कि हम झारखण्ड के एक-एक व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित हैं। हमने चुनाव घोषणा पत्र में वही वादे किये हैं जिसे पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में पार्टी ने जो घोषणापत्र जारी किया था उसकी 95 प्रतिशत घोषणा को पार्टी पूरा करने में सफल रही है। वर्तमान चुनाव को लेकर जनहित से जुड़ी 27 घोषणाओं को शामिल किया गया है, जिसे सरकार बनने के बाद पार्टी पूरा करने का प्रयास करेगी। एआईसीसी, के मेनिफेस्टो के ऑडिनेटर अमिताभ दूबे ने कहा कि हमें झारखण्ड कांग्रेस द्वारा मेनिफेस्टो का डॉफ्ट मिला है। हमने इसका अध्ययन किया है। यह घोषणा पत्र एक गंभीर सोच के साथ तैयार किया गया है। इसे हम अपने आला नेताओं को दिखाने के बाद वापस करेंगे।

ड्राफ्ट कमिटी के सदस्य लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि एआईसीसी से स्वीकृति मिलने के बाद हम इसे केन्द्रीय नेताओं के साथ प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष, नेता विधायक दल के उपस्थिति में जारी करेंगे। इस मेनुफेस्टो में जो विषय लाये गये हैं वह जमीनी हक्किकत से जुड़ा हुआ है।

बैठक में विधायक प्रदीप यादव, अशोक चौधरी, राजेश ठाकुर, सतीश पौल मुजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, जलेश्वर महतो, उमाशंकर अकेला, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ. राजेश गुप्ता, ने भी अपना बहुमुल्य सुझाव दिये हैं।

हेमंत से मिले चमरा लिंडा, नाराजगी खत्म

## विशुनपुर से लड़ेंगे चमरा

■ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया था छह साल के लिये पार्टी से निष्कासित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के बुलावे पर पार्टी के विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे, जहां पर दोनों के बीच लंबी मंत्रणा हुई। मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद चमरा लिंडा की नाराजगी और शिकायतें दूर हो गयी। अब चमरा लिंडा ही विशुनपुर से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। चमरा लिंडा को पार्टी निलंबन मुक्त कर सकती है। बतातें चलें कि गत लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

बैठक में अपने स्वास्थ्य कारणों से चमरा लिंडा ने अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने की बात सीएम के समक्ष रखी। मगर सीएम ने यह कह कर मना कर दिया कि उनके लिए बहुत अधिक ताकत लगानी होगी। इसलिए आप ही चुनाव लड़ें। पार्टी और प्रत्याशी दोनों को सहूलियत होगी।

## हाईकोर्ट का आदेश: होम गार्ड जवानों को एरियर का लाभ दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होम गार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिया जाये। अदालत ने यह भी कहा कि यदि 5 जनवरी तक एरियर का लाभ नहीं मिला तो कोर्ट ज़िम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई करेगा। दरअसल 10 अगस्त को सीएम ने होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है।

## दीपावली व छठ पर सिर्फ दो घंटे आतिशबाजी की इजाजत, पटाखों की बिक्री को लेकर निर्देश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित कर दी है। इन तीनों पर्व पर 2 घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी, जबकि क्रिसमस और नये साल पर मात्र 35 मिनट तक आतिशबाजी करने का समय तय किया गया है। बोर्ड द्वारा तैयार दिशा-निर्देश के अनुसार, दीपावली की रात को आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ के दिन सुबह छह से आठ बजे तक, गुरु पर्व पर रात आठ से दस और क्रिसमस व 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट से 12:30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी।

**125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की इजाजत :** झारखंड हाईकोर्ट ने 16 अक्टूबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। इस मामले में कोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी निर्देश जारी किया है। पटाखों की बिक्री को लेकर भी निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देश के अनुसार, राज्य में 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी। साइलेंट जोन में 100 मीटर की परिधि में आतिशबाजी और पटाखे चलाने पर रोक रहेगी। निदेशों का उल्लंघन करने वालों पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है।


रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–15102024–257884
असाधारण
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 4069] नई दिल्ली, शनिवार, अक्टूबर 12, 2024/आश्विन 20, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 10 अक्टूबर, 2024

का.आ. 4432 – केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के हज़ारीबाग़ जिले के गाँव– बरही (सिटी), उजैना, तालुक–बरही में NH31 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 27.500 (बरही से कोडरमा सेक्शन) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

झारखंड राज्य के हज़ारीबाग़ जिले के गाँव–बरही (सिटी), उजैना, तालुक–बरही में NH31 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 27.500 (बरही से कोडरमा सेक्शन) लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

[फा.स. NHAI/PD/PIU/HZB/LA/BARHI-KODERMA/3A]
अमय जैन, उप.सचिव

जिला: हज़ारीबाग़
प्रकाशन तिथि: 10 October, 2024
https://egazette.gov.in/
https://bhoomirashi.gov.in

नोट:– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


## जेएमएम ने एनडीए पर कसा तंज, कहा- गांव की सरकार बनाने निकले आज 10 पर अटके

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर तंज कसा है। पार्टी कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप है। आजसू पर तंज कसते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी। अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चलेगा। जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए। एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे हैं मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, 13 और 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे। भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है। उक्त बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

सुप्रियो ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी, अभी इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी। एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं। मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चाताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री।

## पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

पंकज मिश्रा, दाहू यादव और अन्य के बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ हो चुके हैं जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहेबगंज जिला में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी और बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद पंकज मिश्रा ने हाईकोर्ट में बेल के लिए गुहार लगाई है।

बता दें कि पंकज मिश्रा को ईडी ने वर्ष 2022 जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी।

# संताल और कोल्हान की विधानसभा सीटों पर झामुमो का है दबदबा, कभी भी न हारी सीट

### झामुमो का शानदार राजनीतिक वर्चस्व

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 81 सीटों पर बीजेपी, कांग्रेस, झामुमो ने जीत का परचम लहराने के लिए प्रयास तेज कर दिया है। 81 सीटों पर होनेवाली जंग में से कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर झामुमो हारी नहीं है। इन सीटों पर केवल जेएमएम का ही दबदबा रहा है। ये झामुमो के गढ़ कहे जाते हैं, जिसे आज तक कोई भी पॉलिटिकल पार्टी भेद नहीं पायी है।

### बरहेट, लिट्टीपाड़ा समेत इन पांच सीटों पर झामुमो रहा है अजेय

झारखंड के संताल के बरहेट, लिट्टीपाड़ा, शिकारीपाड़ा, डुमरी और सरायकेला वे सीटें हैं जिस पर कभी कोई भी पार्टी झामुमो को मात नहीं दे पाई है। बरहेट से हेमंत सोरेन लगातार 2014 और 2019 में विजयी रहे हैं। एक बार फिर कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन बरहेट से ही चुनाव लड़ेंगे, ऐसे में उन्हें मात देना विरोधियों के लिए टेढ़ी खीर साबित होगी। हेमंत सोरेन से पहले बरहेट सीट पर 2009 में झामुमो के हेमलाल मुर्मू और 2005 में थॉमस सोरेन जीत हासिल कर चुके हैं। लगातार जीत की वजह से यह सीट झामुमो की सबसे सेफ सीटों में से एक मानी जाती है।

### डुमरी विधानसभा सीट भी झामुमो का एक अभेद्य किला

शिकारीपाड़ा सीट पर भी झामुमो को कभी भी हार का सामना नहीं करना पड़ा। इस सीट पर नलिन सोरेन अजेय रहे हैं। 2024 के चुनाव में उन्होंने दुमका से लोकसभा चुनाव लड़कर जीत हासिल की है इसलिए उन्हें शिकारीपाड़ा सीट से इस्तीफा देना पड़ा। नलिन यहां से साल 2000, 2005, 2009, 2014 और 2019 में विधायक रहे। डुमरी विधानसभा सीट भी झामुमो का एक अभेद्य किला है। यहां से झामुमो के कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो उर्फ टाइगर ने 2005 से 2019 तक लगातार जीत दर्ज की। उनके निधन के बाद पार्टी ने उनकी पत्नी को यहां से टिकट दिया और उन्होंने भी इस सीट पर जीत दर्ज की। वर्ष 2024 के चुनाव में भी यहां से उन्हें टिकट दिया जायेगा। कोल्हान प्रमंडल की सरायकेला सीट पर भी झामुमो का दबदबा रहा है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन झारखंड गठन के बाद से ही जीत हासिल करते आ रहे थे, लेकिन इस बार चंपाई बीजेपी में हैं। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या यहां पर झामुमो जीत पाती है या झामुमो से अलग होकर चंपाई सोरेन कमल खिलाते हैं। झारखंड के लिट्टीपाड़ा सीट पर भी झामुमो के प्रत्याशी लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। यहां पर साइमन मरांडी और उनके परिवार का दबदबा रहा है। 2019 में यहां से दिनेश विलियम मरांडी ने जीत दर्ज की थी। 2014 में यहां से झामुमो के अनिल मुर्मू जीते थे। वर्ष 2009 में यहां से साइमन मरांडी जीते थे, जबकि साल 2005 में सुशीला हांसदा ने जीत दर्ज की थी।

## विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिंमता विस्वा सरमा सुदेश से मिले

### चुनावी चर्चा

झारखंड में विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने शुक्रवार को आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव में बेहतर साझेदारी को लेकर सकारात्मक बाचतीत हुई। साथ ही रिकार्ड मतों से चुनाव में जीत दर्ज करने की रणनीति भी बनायी।



## पहला चरण : झारखंड में 43 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया जारी

# पहले चरण में रांची जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में होंगे मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) को चुनाव होने हैं। रांची जिले में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्रों (तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर) में विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। रांची डीसी वरुण रंजन से इस संबंध में समाहरणालय में प्रेस वार्ता की।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार से राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो हो गयी है। पहले चरण के लिए शुक्रवार से झारखंड में 43 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू है। 25 अक्टूबर को पहले चरण के नॉमिनेशन की अंतिम तारीख होगी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। जनरल प्रत्याशी को 10 हजार और एससी-एसटी को 5 हजार फीस जमा करना होगा।




**तमाड़ विधानसभा क्षेत्र :** तमाड़ निवार्ची कोषांग अनुमंडल कार्यालय बुंडू में अवस्थित होगा, जिसके निवार्ची पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा होंगे। कुल 303 मतदान केंद्र में से 246 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 57 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

**रांची विधानसभा क्षेत्र :** रांची निवार्ची कोषांग अनुमंडल कार्यालय सदर कमरा संख्या 202 ब्लॉक-बी रांची समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निवार्ची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार होंगे। कुल 374 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

**हटिया विधानसभा क्षेत्र :** हटिया निवार्ची कोषांग अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) कार्यालय कमरा संख्या 103 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निवार्ची पदाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक होंगे। कुल 496 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

**कांके विधानसभा क्षेत्र :** कांके निवार्ची कोषांग उप समाहर्त्ता भूमि सुधार कमरा संख्या 203 ब्लॉक-बी समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निवार्ची पदाधिकारी मुकेश कुमार होंगे। कुल 482 से 461 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 21 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

**मांडर विधानसभा क्षेत्र :** मांडर निवार्ची कोषांग विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी कार्यालय कमरा संख्या जी-12 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निवार्ची पदाधिकारी मोनी कुमारी होंगी। कुल 430 में से 420 मतदान केंद्रों न्द्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 10 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

## राहुल गांधी की मौजदूगी में इंडिया ब्लॉक के सीट शेयरिंग पर आज लग सकती है मुहर

### राहुल गांधी आज आ रहे हैं रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पासवा की ओर से शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होने के लिए शनिवार को राहुल गांधी रांची आ रहे हैं। सम्मेलन में देश के कई हिस्सों से आए लोग शामिल होंगे। राहुल गांधी विभिन्न संगठनों व सिविल सोसाइटी के लोगों से संवाद भी करेंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर पासवा की ओर से तॅयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के नेता भी इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाह रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसी संभावना है कि शाम में राहुल गांधी झारखंड विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राजद नेता तेजस्वी यादव व झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में माले के महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य और माले विधायक बिनोद सिंह भी शामिल हो सकते है। बैठक में शामिल होने के लिए राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव शुक्रवार को देर शाम रांची पहुंच गये हैं।

## तेजस्वी यादव पहुंचे रांची, मिल सकते हैं मुख्यमंत्री हेमंत से

**रांची।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष अपने टीम के साथ शुक्रवार को शाम साढ़े सात बजे सड़क मार्ग से रांची पहुंचे। तेजस्वी के साथ सांसद मनोज झा, संजय यादव आदि साथ थे। फिलहाल तेजस्वी यादव रांची के एक होटल में ठहरे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव शुक्रवार देर रात या शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने की खबर है। मुलकात में इंडी गठबंधन के साथ सीट शेयरिंग, राजद के हिस्से की दावेदारी और चुनावी रणनीति पर चर्चा हो सकती है।

## विस चुनाव को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने की बैठक सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर होगी नजर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल विनुकांत होमकर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें राज्य में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। उन्होंने सभी जिलों में सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने चुनाव पर्यवेक्षकों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों और उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन की भी बात की। उन्होंने लंबित वारंटों और कुर्कियों की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई, सक्रिय अपराधियों और उपद्रवियों की पहचान, अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट की सक्रियता और अवैध मादक पदार्थों, हथियार, शराब के खिलाफ चल रहे अभियान की जानकारी ली।

**नक्सल अभियान पर भी चर्चा**

इसके अलावा चुनाव के दौरान सीएपीएफ और अन्य केंद्रीय बलों के आवासन एवं परिवहन की व्यवस्था पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की वर्तमान स्थिति, नक्सल और आपराधिक सूचना के आदान-प्रदान, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों का पालन और सोशल मीडिया की निगरानी से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## चुनाव घोषणा के दिन हुए तबादले रद्द हो : भाजपा

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की मांग

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव का नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर 14, 15 अक्टूबर को राज्य में जितने भी ट्रांसफर पोस्टिंग हुये हैं, उसे रद्द करने की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि एक तरफ दिल्ली में चुनाव आयोग झारखंड चुनाव की घोषणा कर रहा था तो दूसरी तरफ सरकार तबादले पर तबादले कर रही थी। स्वस्थ, निष्पक्ष माहौल में चुनाव कराने के लिये इस तबादला को रद्द करना आवश्यक है। ट्रांसफर पोस्टिंग की सूची भी प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर भी शामिल थे।

## आदित्य विक्रम ने पदयात्रा कर दुकानदारों की समास्याएं जानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल ने शुक्रवार को संवाद सम्बन्ध एवं समृद्ध यात्रा के तहत कर्बला चौक के समीप मिशन रोड एवं चर्च रोड में पदयात्रा कर दुकानों एवं मुहल्लेवासियों की समस्याओं से अवगत हुए। मुलाकात के दौरान दुकानदारों ने बताया कि यहां की स्थिति बहुत खराब है, सभी लोग ड्रेनेज से परेशान हैं, बारिश के बाद पानी दुकानों, घरों एवं सड़को पर भर जाता है एवं आवागमन ठप हो जाता है। ऐसे में व्यापार पर असर पड़ता है। दुकानदारों ने बताया कि यहां ट्रैफिक की भी समस्या है। गलियों में सड़कें खराब हैं एवं स्ट्रीट लाइट की भी कमी है।



मौके पर श्री जयसवाल ने दुकानदारों की परेशानियों को सुनने के बाद कहा कि यहां आने पर साफ पता चलता है कि दुकानदार एवं यहां के लोग काफी त्रस्त हैं। इसको जिला प्रशासन एवं नगर निगम से मिलकर दूर काराने का प्रयास किया जायेगा। पदयात्रा में मेहराब आलम, आसिफ अहमद, बंटी, नफीज, दानिश, अश्फाक, आफताब खान, यश, आबिद अंसारी, बंटी खान, आफताब आलम, सरिता देवी, अनीता देवी, रिंकु देवी, अनिल सिंह, सूरज झा, पुनीत नायक, अदनान शेख आदि लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### 72 पुलिसकर्मियों को डीजीपी ने लगाया बैज

**रांची।** प्रोन्नति पानेवाले 72 पुलिस पदाधिकारियों के लिए एसीबी मुख्यालय में शुक्रवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। सिपाही से एएसआइ बने 72 पुलिसकर्मियों को डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित डीआईजी, एसपी, डीएसपी ने बैज लगाया। डीजीपी ने प्रोन्नति पानेवाले सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### लाइट हाउस में सुविधाओं का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची नगर निगम की टीम ने गुरुवार को धुर्वा के आनी में तैयार लाइट हाउस में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। टीम ने लाइट हाउस परिसर में पेयजलापूर्ति, नाली, बिजली मीटर कनेक्शन की स्थिति, कचरा उठाव और सफाई का जायजा लिया। मताहत कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इस क्रम में टीम ने कुष्ठ रोगियों को आवंटित आवास में बहाल सुविधाओं का भी निरीक्षण और आवंटित आवास में रहने वाले लोगों से बहाल व्यवस्था, किसी तरह की परेशानी के संबंध में जानकारी हासिल की।

### राजवर्द्धन बने एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**रांची।** झारखंड के राजवर्धन ठाकुर को एनएसयूआई का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। राजवर्धन नीट पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन और दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर काफी सक्रिय रहते हैं। नियुक्ति पर राजवर्धन ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी एवं मीडिया प्रभारी ऋषि एच पांडे के साथ शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया एवं कहा की हम छात्रों और युवाओं की आवाज को बुलंद करेंगे।

### यौन शोषण के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना की अदालत ने शादी का झांसा देकर छह सालों तक प्रेमिका से शारीरिक संबंध बनाने के मामले में जेल में बंद युवक सुधांशु कुमार चौधरी को जमानत देने से इनकार किया है। पीड़िता ने प्रेमी के खिलाफ 5 अक्तूबर 2024 को महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के दूसरे दिन 6 अक्तूबर को सुधांशु कुमार चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शूटर राहुल दुबे को हाईकोर्ट से बेल

**रांची।** अमन साहू गैंग के शूटर राहुल दुबे को झारखंड हाईकोर्ट कोर्ट ने बेल दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट ने 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर उसे बेल दी है। राहुल दुबे को ओरमांझी में भारत माला प्रोजेक्ट की साइट पर लेवी के लिए फायरिंग करने के आरोप में रांची पुलिस ने इसी वर्ष अप्रैल महीने में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसकी गिरफ्तारी ओरमांझी थाना क्षेत्र से हुई थी। इसके बाद राहुल दुबे ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### टीपीसी उग्रवादी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य छोटन तुरी को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका को सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुये 14 अक्तूबर को याचिका दाखिल की थी। आरोपी पर खलारी के तत्कालीन डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में 29 जनवरी 2023 को बनी छापामारी टीम पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

### अमित अग्रवाल की बेल पर सुनवाई 22 नवंबर को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय देते हुए मामले के अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की है। पूर्व में पीएमएलए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। जिसके बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाइकोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है।

### लाभुकों को सोमवार से मिलेगा आवंटन पत्र

**रांची।** रांची के इस्लामनगर में विस्थापितों को लॉटरी के जरिये मिले आवास का आवंटन पत्र सोमवार से वितरित किया जायेगा। रांची नगर निगम की ओर से लाभुकों को क्रमवार आवंटन पत्र प्रदान किया जायेगा। हर दिन 50 की संख्या में लाभुकों को निगम कार्यालय में पत्र दिया जायेगा। लॉटरी से आवास के लिए चयनित सभी 286 लाभुकों को आवंटन पत्र मिलेगा। रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार ने बताया कि आवंटन पत्र वितरण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विस्थापितों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तृतीय घटक में इस्लामनगर एएचपी में बने मकान 286 योग्य लाभुकों को लॉटरी के जरिये पूर्व में ही आवंटित किया गया था। पिछले 15 अक्तूबर को आवंटन पत्र वितरण की इस्लामनगर सामुदायिक भवन में तैयारी की गई थी। वहां पीएम आवास सेल के कई कर्मी और निगम के कर्मचारी तैयारी के साथ पहुंचे थे, लेकिन आवास नहीं मिलने से खिन्न लोगों के एक समूह द्वारा हल्ला-हंगामा किये जाने और लाभुकों के साथ बकझक किया गया था।

## टेंडर घोटाले में आरोपी हृदयानंद तिवारी को हाई कोर्ट से राहत

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपी हृदयानंद तिवारी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने हृदयानंद तिवारी को आदेश दिया है कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए सीआरपीसी की धारा 88 के तहत 2 सप्ताह में पीएमएलए कोर्ट में बॉन्ड दाखिल करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि ईडी की विशेष अदालत द्वारा सीआरपीसी की धारा 82 किए जाने के आदेश को वापस लेने का आग्रह प्रार्थी पीएमएलए कोर्ट से करें। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी की दोनों याचिकाओं को निष्पादित कर दिया। दरअसल, 29 जुलाई 2024 को ईडी ने गढ़वा में फरार आरोपी हृदयानंद तिवारी के घर में इश्तेहार चिपकाया था। ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद वीरेंद्र राम से संबंधित मामलों में इश्तेहार चिपकाया था।

## बीआइटी मेसरा में फ्रेशर्स कार्यक्रम आयोजित

## आर्यन तिवारी मिस्टर और अदिती सिंह मिस फ्रेशर्स बने



खबर मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीआईटी मेसरा के जैव प्रौद्योगिकी और जैव अभियांत्रिकी विभाग ने शुक्रवार को प्रथम वर्ष 2024 के लिए फ्रेशर्स प्रोग्राम आयोजित किया। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुणाल मुकोपाध्याय के देख-रेख में बीटेक, बीएमएलटी, एमटेक, एमएससी और पीएचडी के प्रथम सेमेस्टर 2024 के बच्चों का स्वागत किया गया। इस आयोजन में अनेक बच्चों ने नृत्य तथा गायन में बढ़-चढ़ कर अपनी भागेदारी प्रकट की। आयोजन में मिस्टर फ्रेशर्स आर्यन तिवारी एवं मिस फ्रेशर्स अदिती सिंह को घोषित किया गया। प्रोफेसर कुणाल मुकोपाध्याय ने सभी प्रोफेसर्स को सम्मानित किया और प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर आरके सिन्हा, प्रोफेसर मनीष, प्रोफेसर डीएम पांडे, प्रोफेसर योगेंद्र अग्रवाल थे।

## डीएसपीएमयू के संस्कृत विभाग में वाल्मीकि जयंती-सह-दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा शुक्रवार को वाल्मीकि जयंती-सह-दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा और संस्कृति के महत्त्व पर विचार-विमर्श हुआ तथा संस्कृत शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डा. शैलेश कुमार मिश्र ने वाल्मीकि जी के जीवन और उनके महाकाव्य रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आदि कवि तो हैं ही, उन्होंने अपनी अमर कृति के माध्यम से मानव समाज को नैतिकता, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया। डॉ. मिश्र ने छात्रों से आग्रह किया कि वे वाल्मीकि जी के आदर्शों को आत्मसात करें और समाज में नैतिकता और संस्कारों को बनाए रखें।



संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को समझना और उसका प्रसार करना हमारे समाज के उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर अमृता कुमारी, तनु सिंह, अनामिका कुमारी, कृति पांडेय, पल्लवी, प्रेरणा, दीप, प्रतिमा, मेनका आदि ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत आशीष ओहदर तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. जगदम्बा प्रसाद सिंह ने किया। मंच का संचालन आयुष कुमार ने किया। इस अवसर पर डा. श्रीमित्रा, कुमारी जया, मनीषा बोदरा आदि लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में भाजपा ने बनायी गठबंधन के साथ चुनाव में जाने की रणनीति

# सत्ता के लिए चाहिए भाजपा को आजसू, जदयू व लोजपा की बैशाखी

### क्षेत्रीय और जातीय समीकरण साधने पर राजग का फोकस

### भाजपा ने एकला चलो रे की नीति को साइड कर गठबंधन पर जोर दिया



उदय चौहान

**रांची।** भाजपा ने सत्ता के लिये आजसू पार्टी, जदयू व लोजपा रूपी बैशाखी को चुन लिया है। झारखंड में भाजपा ने राजग फोल्डर के सीटों का बंटवारा कर लिया है। इसके तहत भाजपा 68, आजसू पार्टी 10, जदयू दो और लोजपा(आर)को एक सीट मिला है। भाजपा अकेले दम पर विधानसभा चुनाव में जाने के खतरों को समझते हुये एनडीए फोल्डर को मजबूत करने की रणनीति बनायी है। इसी के तहत विधानसभा चुनाव में जातीय समीकरण को साधा जा रहा है। इसके लिए आदिवासी वोट पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिये अर्जुन मुंडा, बाबू लाल मरांडी और चंपई सोरेन को आगे किया जा रहा है। जबकि पार्टी के पास ओबीसी नेतृत्व में रिक्तता है। पार्टी ने ओबीसी के बड़े चेहरे व पूर्व सीएम रघुवर दास को राज्यपाल बनाकर ओडिशा भेज दिया गया है।

झारखंड की कुल 81 विधानसभा सीटों भाजपा ठोंक-बजा कर सहयोगियों के साथ चुनाव प्रचार के लिये तैयारी कर रही है। राज्य में 2 फेज में 13 नवंबर और 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। 23 नवंबर को रिजल्ट आयेगा। राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस व राजद को पटखनी देने के लिये भी भाजपा ने आजसू पार्टी, जदयू व लोजपा से गठबंधन किया है। जबकि, हाल ही में संपन्न हुये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ा था। पार्टी 2019 में हुए झारखंड चुनाव में भी अकेले उतरी थी, लेकिन इस बार भाजपा किसी ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं रहना चाहती है। गठबंधन को लेकर अभी भी खुले दिल से मंथन जारी है। इस बार भाजपा का खुद का आकलन है कि उसे राज्य में 5 साल की सत्ता विरोधी लहर यानी एंटी इंकमबेंसी का फायदा मिल सकता है। इसलिए पार्टी कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। भाजपा ने एकला चलो रे की पॉलिसी को फिलहाल साइड में रख कर गठबंधन पर जोर दिया है। राजग गठबंधन के जरिये मजबूती और सहयोगी पार्टियों के बीच एकता का मैसेज देने का प्रयास है। झारखंड में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत अन्य भाजपा नेताओं का आक्रामक चुनावी अभियान चलाने की रणनीति है। उन्होंने वोटर्स को आकर्षित करने के लिये कई कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया है।

भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर अपना प्रचार अभियान केंद्रित कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। इनकी कोल्हान के आदिवासी पप्ती में काफी पकड़ है। कांग्रेस की एकमात्र सांसद रहीं गीता कोड़ा ने भी भाजपा में पाला बदल लिया है। इसके अलावा, जामा विधायक सीता सोरेन, बरकळा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव और एनसीपी के एकमात्र विधायक कमलेश सिंह भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। हालांकि, राजग के सीट शेयरिंग की घोषणा के साथ ही जमुआ से भाजपा के तीन बार के विधायक केदार हाजरा ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके साथ आजसू पार्टी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने भी तीर-धनुष को अपना लिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने दोनों नेताओं के झामुमो में शामिल होने को शुरूआती बढ़त बताया है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : के. रवि

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट-81 का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट-81 का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने किया। आर्ट फेस्टिवल में पूरे देश के अलग-अलग स्थानों, मसलन नेपाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि के इक्यासी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार, युवा और विद्यार्थी आदि भी शामिल हैं।

मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के .रवि कुमार ने कहा कि आप सभी कला प्रेमियों के माध्यम से सभी वोटरों को कनेक्ट करना आर्ट फेस्टिवल का उद्देश्य है। कला के माध्यम से हमारे युवा मतदाताओं को एक संदेश भी देना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

साथ ही उन्होंने कहा कि समय के साथ झारखंड में वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है और हम निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके बेहतरीन स्लोगन और कला को हम अपने चुनाव जागरूकता अभियान में भी शामिल करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करें। आम आगंतुक अपने मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेश/स्लोगन रिकार्ड करा सकते हैं। उनमें से चयनित किए गए संदेशों, स्लोगनों का उपयोग स्वीप कार्यक्रमों में किया जा सकेगा।

प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाना है। इस दिशा में यह कार्यक्रम हमारे युवा मतदाताओं को अपनी कला के माध्यम से वोटिंग के प्रति जागरूक करने का काम करेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि हमारे वोटर झारखंड को कला के माध्यम से समझे और अपने मतदान की उपयोगिता को जानें। ज्यादा से ज्यादा युवा आसन्न विधानसभा चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कार्यक्रम में शामिल सभी कलाकारों को मतदान को लेकर शपथ दिलाई और धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने स्वागत संबोधन में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित किया।

कला महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ,सहायक निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीसीएल ने डीएवी स्कूल में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान - 2024 के अंतर्गत मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी गांधीनगर में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सतर्कता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने छात्रों की जानकारी और सतर्कता के विषय में उनकी समझ को और अधिक परखा गया।

ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-24 के शुरू होने से पहले सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा 17 अक्टूबर, 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक रांची स्थित विद्यालयों में अभियान की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जेयूजे के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट की। इस मुलाकात में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में खास तौर पर पत्रकारों की सुरक्षा के बारे में सरकार को दिशा निर्देश देने की मांग की गयी है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल के अलावा रजत कुमार गुप्ताए विनय राजए मनोज मिश्र और राजेश प्रसाद शामिल थे।

यूनियन के ज्ञापन में कहा गया है कि पूरी दुनिया में पत्रकारिता को हिंसक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्यपाल ने वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू होने की बात कही और स्पष्ट किया कि इस दौरान में उनकी तरफ से सरकार को निर्देश देना उचित नहीं होगा। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को सभी राजनीतिक दलों से संपर्क कर उन्हें इन विषयों पर ध्यान देने की सलाह भी है।

### विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर हिंदू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। साथ ही झारखंड में अवैध मतांतरण, रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठ सहित कई समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गयी। जो जनजातीय सहित पूरे सनातन-हिंदू समाज के लिये एक चुनौती बनती जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल ने विहिप द्वारा चलाये जा रहे रामायण ज्ञान परीक्षा से संबंधित पाठ्यपुस्तक सुबोध रामायण एवं त्रैमासिक पत्रिका अरण्यभूमि भेंट की गयी। प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, डॉ बिरेन्द्र साहु, चंद्रकांत रायपत एवं मिथिलेश्वर मिश्र थे।

## तनिष्क का नया नव रानी कलेक्शन आधुनिक रानियों के लिए राजसी आभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारत का सबसे बड़ा आभूषण ब्रांड और टाटा समूह का सदस्य, तनिष्क ने त्योहारी सीजन के अवसर पर अपना सबसे नया मास्टर पीस नव रानी कलेक्शन उतारा है। यह शानदार कलेक्शन आधुनिक रानियों के सम्मान में प्रस्तुत किया गया है। आकर्षक, आधुनिकता और भावनाओं का सही संतुलन बनाते हुए यह कलेक्शन उत्सवों की शाही भावना का जश्न मनाता है। टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिजाइन अधिकारी रेवती कांत ने कहा कि हमने शाही विरासत से प्रेरित होकर, नव रानी कलेक्शन पेश किया है जो नाजुक शिल्प कौशल को प्रर्दशित करता है। यह कलेक्शन आधुनिक डिजाइन बनाने में कारीगरों के अतुलनीय कौशल का प्रर्दशित करता है। उन्होंने बताया कि तनिष्क की विशेष त्योहार शगुन ऑफर में सोने के आभूषणों पर हर ग्राम पर 101 की छूट दी जा रही है। डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसका लाभ तीन नवंबर, 2024 तक उठाया जा सकता है। झारखंड के सभी तनिष्क स्टोर में यह विशेष शगुन ऑफर चलाया जायेगा।

### करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं गैंगस्टर, एटीएस ने किया खुलासा

## जब्ती की कार्रवाई शीघ्र : एसपी एटीएस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड एटीएस की टीम ने गैंगस्टरों की संपत्ति का खुलासा किया है। एटीएस की जांच में यह बात सामने आयी है कि झारखंड के कई गैंगस्टर्स के पास अकूत संपत्ति है। हाल में अमन साव के छत्तीसगढ़ जेल में शिफ्ट होने के बाद उसकी संपत्ति का आकलन किया गया जो करोड़ों में है। इसके अतिरिक्त सुजीत सिन्हा, पलामू के डबलू सिंह और धनबाद के प्रिंस खान, श्रीवास्तव गिरोह, पांडेय गिरोह शामिल हैं।

एटीएस ने गैंगस्टरों की करोड़ों की संपत्ति जब्त करने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**किसी और के नाम पर है संपत्ति**

जानकारी के अनुसार, अपराधियों द्वारा कई सफेदपोश लोगों और उनके रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति खरीदी गई है।

एटीएस ने उनके करीबियों की सूची तैयार की है। एटीएस अपराधियों द्वारा दिए गए पैसे से संपत्ति खरीदने वाले सफेदपोश लोगों पर भी कार्रवाई करेगी। एटीएस जल्द ही उन सभी सफेदपोश लोगों को नोटिस भेजेगी। उनसे यह जानकारी मांगी जाएगी कि संपत्ति खरीदने के लिए पैसा कहां से लाया गया।

> अपराधियों की काली कमाई को निवेश करने वाले लोगों की सूची तैयार की जा रही है। अपराधियों के पैसे से खरीदी गई संपत्ति का ब्योरा भी जुटाया जा रहा है। संपत्ति का ब्योरा जुटाने के बाद ऐसे सभी लोगों को नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस मिलने के बाद गैंगस्टर के परिवार के सदस्य हों या उसके करीबी दोस्त या कारोबारी, सभी को खरीदी गई संपत्ति और किए गए निवेश के बारे में पुख्ता सबूत देने होंगे। अगर वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो नए कानून के मुताबिक न सिर्फ तीन साल की सजा का प्रावधान है, बल्कि सारी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी।
>
> **ऋषभ झा , एसपी, एटीएस**


### बीआइटी मेसरा के लालपुर सेंटर में कर्तव्य 24 प्रतियोगिता



**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपूर सेंटर के तत्वावधान में छात्र छात्राओं की आंतरिक सोसायटी के द्वारा टीम सैनिबलिटी और स्टूडेंट एक्टिविटी फोरम संकाय ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का विषय था कर्तव्य -24 प्रतियोगिता। प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक डॉ अनीस हैदर ने प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा की यह कार्यक्रम सतत प्रबंधन की प्रथाओं को बढ़ावा देने और नए ब्यापार के अवसरों की खोज करने में सहयोगी बनेगा। इस आयोजन का मुख्य सोच पूजा पंडालों का स्क्रैप सामग्री को पुनः उपयोगी बनाने पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम में डॉ अनीश हैदर, डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ प्रदीप मुंडा, सहायक कुलसचिव श्री मनोज गिरी डॉ आसुतोष मिश्र, सुश्री अनुपमा सहाय सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## बीआइटी मेसरा में तीन दिवसीय दीपोत्सव शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** बीआईटी, मेसरा में दीपोत्सव का शुभारंभ 18 अक्टूबर को हुआ। यह 20 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। इसका संचालन लियो क्लब, स्पिक मैके और फाइन आर्ट्स सोसाइटी कर रही है। कैट हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह हुआ। मौके पर संस्थान के छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण, छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. योगेंद्र अग्रवाल, छात्र कल्याण के एसोसिएट डीन डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, लियो क्लब के संकाय सलाहकार डॉ अमित शरण और स्पिक मैके की संकाय सलाहकार डॉ राजेश्वरी चटर्जी मौजूद थे।

लियो क्लब के अध्यक्ष शाश्वत झा ने स्वागत किया। लियो क्लब के संकाय सलाहकार डॉ अमित सरण ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत स्पिक मैके के कलाकारों द्वारा ₹तुम तक₹ गीत और नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद फाइनल ईयर के छात्रों सुमित और शशांक ने मंच पर रामायण कथा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति गजल थी, जिसे सुधांशु ने सुनाया। इस प्रकार तीन दिवसीय कार्यक्रम का पहला दिन शाश्वत झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ।

# राज्यपाल ने किया संसदीय लोकतंत्र पुस्तक का लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राज्यपाल संतोष गंगवार ने सामाजिक,आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र द्वारा प्रकाशित श्संसदीय लोकतंत्रः चुनौतियां एवं समाधान स्मारिका का शुक्रवार को राज भवन में एक समारोह में लोकार्पण किया। इस दौरान संसदीय लोकतंत्र के प्रसंग में चुनौतियो की चर्चा के क्रम में राज्यपाल ने कहा कि भारत जैसे विराट लोकतंत्र के समक्ष अनेक चुनौतियां आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि छोटे राष्ट्रों में अपेक्षाकृत लोकतंत्र के समक्ष कम चुनौतियां आती हैं। उन्होंने कहा सब कुछ के बावजूद लोकतंत्र के सभी स्तंभ भारतीय संविधान की अवधारणा की अनुरूप अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं और उपस्थित होने वाली चुनौतियों के समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही भारतीय लोकतंत्र की विशेषता और सुंदरता है। उन्होंने शोध पूर्ण स्मारिकाओं के प्रकाशन के लिए संस्था को धन्यवाद दिया।

इस स्मारिका में पद्मश्री बालवीर दत्त, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, पद्मश्री सुरेंद्र किशोर, डॉक्टर चंद्रकांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ के स्पीकर डॉ रमण सिंह, पद्मश्री जतिंदर कुमार बजाज, पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पद्मभूषण डॉ सुभाष कश्यप, पूर्व कुलपति डा एसपी सिंह, अनुज सिन्हा, चक्षु राय आदि के आलेख प्रकाशित हैं।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओ पी लाल, सचिव एअयोध्या नाथ मिश्र, संयुक्त सचिव अमरनाथ झा, सदस्य रमाकांत महतो, डॉ चंद्रकांत शुक्ला एवं स्मारिका के संपादक प्रो डॉ संतोष किड़ो आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सरिता पांडेय बनीं पीएचडीसीसीआई महिला विंग की अध्यक्ष

**रांची।** पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल ने शुक्रवार को रेडिसन ब्लू में महिला आर्थिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। महिलाओं के लिये आर्थिक अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशालाओं, नेटवर्किंग सत्र और पैनल चर्चा की श्रृंखला शामिल थी। इसका उद्देश्य महिला उद्यमियों को आज के बाजार में सफल होने के लिये आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। इस कार्यक्रम में पीएचडीसीसीआई की महिला विंग की जिम्मेदारी अध्यक्ष के रूप में सरिता पांडेय को दी गई। इस कार्यक्रम में राज्य भर से कई महिला उद्यमी और पेशेवर शामिल हुये। इन्द्रजीत यादव ने बतौर मुख्य अतिथि संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सरिता पांडेय ने कहा कि यह एक प्रमुख भारतीय उद्योग संघ है जो आर्थिक विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि 1905 में स्थापित पीएचडीसीसीआई शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करते हुये व्यवसायों और समुदायों का समर्थन करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है।

### सारंडा में आइइडी ब्लास्ट में एक ग्रामीण की मौत

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलियों के गढ़ सारंडा के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी बम के ब्लास्ट होने सुनील सुरीन नामक एक ग्रामीण की मौत हो गयी। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि गुरूवार को नक्सलियों ने पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए इसे पहले से ही लगाया था, लेकिन एक ग्रामीण इसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### डोरंडा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो का एनएसयूआई ने किया स्वागत



**रांची।** शुक्रवार को जिला महासचिव एवं कॉलेज प्रभारी अब्दुल रबनावाज के नेतृत्व में डोरंडा थाना प्रभारी को मोमेंटो देखकर स्वागत किया। विदित हो के नए थाना प्रभारी को डोरंडा क्षेत्र एवं डोरंडा कॉलेज की परेशानियों से अवगत कराया गया। जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज ने कहा आए दिन कॉलेज में छेड़खानी एवं मारपीट का मामला उजागर होते रहता है। रांची यूनिवर्सिटी के सबसे ज्यादा संख्या डोरंडा कॉलेज में है। कॉलेज में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती होनी चाहिए एवं डोरंडा में बाइक चोरी एवं अन्य सामान की चोरी की संख्या बढ़ गई है जिससे दहशत फैल गई है। अब्दुल रबनावाज ने थाना प्रभारी से कहा चोरों को पकड़ा जाए और उसपर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ डोरंडा में पीसीआर तैनात करने की मांग की कार्यकताओं के बातो को सुनने के बाद थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके में,अमन राज अल्तमश,मयूर , शब्बीर आकाश दीप ,निखिल कुमार, अदम आदि शामिल थे।

### साधुमार्गी जैन संघ की ओर से आज और कल लगाया जायेगा रक्तदान शिविर



**रांची।** समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि शहर के दो प्रमुख क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समुदाय की स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना और स्थानीय अस्पतालों का समर्थन करना है। यह आयोजन श्री साधुमार्गी जैन संघ की ओर से 19 और 20 दिगम्बर जैन भवन एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर बिल्डिंग, तुपुदाना रक्तदान शिविर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य नियमित रक्तदान के महत्व को जागरूक करना और नागरिकों को इस नेक कार्य में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है। हर एक यूनिट रक्त एक से तीन जीवन बचा सकता है। इससे प्रत्येक दान की अहमियत बढ़ जाती है। इस अवसर पर अशोक सुराणा, मनीष भूरा, उत्तम चौरडिया, जय पींचा, श्रीराम उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व और सामुदायिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के तहत परिवारों के सदस्यों के लिये गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि 12 बजे रात में भी यदि जरूरत होगी तो ब्लड उपलब्ध करायेगी जैन समाज। टोल फ्री नंबर भी जारी होगी । ब्लड के अभाव में किसी मानव की हानि नहीं होगी ।

### सुबोध लॉ क्लासेस के छात्रों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में परचम लहराया

**रांची।** सुबोध लॉ क्लासेस के छात्र चंदन सिंह लोहागरिया और तन्मय ने यूजीसी–नेट परीक्षा में परचम लहराया। परिणाम 17 अक्टूबर को घोषित किया गया। दोनों छात्रों ने लॉ विषयों से संबंधित यूजीसी–नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद, अब वे भविष्य में सहायक प्रोफेसर और पीएचडी कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। संस्थान के निदेशक सुबोध कुमार ने दोनों छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक ने दिसंबर में यूजीसी–नेट की परीक्षा देने वाले छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षा में सफलता पाने के लिए अपनी तैयारी में बहुत चयनात्मक रहें। उन्होंने छात्रों को प्रश्न पत्रों का रुझान देखने और उसी के अनुसार दिसंबर यूजीसी–नेट परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दी। निदेशक सुबोध कुमार ने बताया कि यूजीसी–नेट का नया बैच 22 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इच्छुक छात्र इसमें शामिल होकर दिसंबर यूजीसी–नेट परीक्षा की तैयारी शुरू कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को झारखंड न्यायिक मुख्य परीक्षा के लिए गंभीरता से तैयारी करने की भी सलाह दी। यह भविष्य में कभी भी आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को दिसंबर में आयोजित होने वाली क्लेट और एलएम प्रवेश परीक्षा के लिए गंभीरता से तैयारी करने की भी सलाह दी।

## 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2024 का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2024 का आयोजन झारखंड सशस्त्र पुलिस-1, डोरंडा का सफल समापन मुख्य अतिथि एल. खियांग्ते, मुख्य सचिव, झारखंड, रांची द्वारा किया गया। समापन समरोह में डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजी रेल मुरारी लाल मीणा, ऑपरेशन एडीजी संजय आनंद लाठकर शामिल हुए। प्रतियोगिता में कुल सात क्षेत्रीय टीमों दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र, रांची, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा, उ.छो. क्षेत्र, हजारीबाग, कोयला क्षेत्र, बोकारो, पलामू क्षेत्र, डाल्टेनगंज, संथाल परगना क्षेत्र, दुमका और अपराध अनुसंधान विभाग। इस प्रतियोगिता में बारह विषयों क्रमशः विधि विज्ञान परीक्षा (लिखित), लिफटिंग, पैकिंग एवं प्रदर्शों का अग्रसारण, मेडिको लीगल परीक्षा (मौखिक), फोटोग्राफी (घटनास्थल), क्राईम इन्वेस्टीगेशन लॉ रूल तथा कोर्ट जजमेंट, अगुलांक प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा, पुलिस पोट्रेट, पुलिस ऑबजर्वेशन, कंम्प्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता, पुलिस फोटोग्राफी तथा एंटी-सबोटेज चेक शामिल है। चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा व्यक्तिगत और राज्य के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# अलग-अलग हादसे में बाइक स्कूटी की भिड़ंत में सात घायल

ओरमांझी में दो बाइक की टक्कर, चार घायल

सड़क सुरक्षा का पालन कर बाइक चलाएं

ओरमांझी। एनएच-20 रांची-रामगढ़ पथ ओरमांझी में दो बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार चार युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया गया कि अपाची बाइक जेएच13के-6416 में सवार तीन युवक ओरमांझी बाजार से मेहता लाइन होटल जा रहे थें। वहीं बुलेट जेएच01एफसी-0005 में दो युवक सवार हो इरबा की ओर जा रहे थे। जैसे ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी से अपाची बाइक आगे बढ़ी, सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जारदार हुई कि दोनो बाइक का अगला भाग बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक में सवार चार युवक फेंका गए। सड़क में गिरे सभी दर्द से कहरा रहे थे। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा सभी को सड़क से उठा कर उपचार के सीएचसी डुंडे ओरमांझी ले गई। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल अजय कुमार साहू सहित दो लोगों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं आकाष कुमार व रेहान अंसारी को उपचार कर घर भेज दिया गया। सभी युवक 18 से 28 वर्ष के थे और हेलमेट नही पहने हुए थे, जिसमें दो लोगों को सिर व चहरे में काफी चोट लगी थी। दुर्घटना ग्रस्त दोनों बाइक को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। वहीं थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने लोगों से हेलमेट पहन का बाइक चलाने का अहवान करते हुए कहा लापरवाही व तेज रफ्तार बाइक चलाने के कारण आज दुर्घटनाएं बढ़ गई है।



दुर्घटना ग्रस्त बाइक को देखते लोग।



घायल युवक।

## रातू : बाइक और स्कूटी में टक्कर, तीन घायल

### ब्रजपुर के रंजीत की स्थिति गंभीर, हर्षित मेडिकल में चल रहा इलाज

रातू। थाना क्षेत्र के संडे मार्केट स्थित टाउन घर के समीप शुक्रवार को दिन के करीब 3 बजे काले रंग की स्कूटी जेएच 01 इवाई 2306 और पैशन प्रो मोटर साइकिल जेएच 01 सीवी 1772 में सीधी भिड़ंत हो गयी। इसमें तीन लोग घायल हो गये हैं। बाइक सवार ब्रजपुर निवासी और बालू कारोबारी रंजीत राणा की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। उसके पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। तीनों को काठीटांड़ चौक के हर्षित मेडिकल में भर्ती कराया गया है, जिसमें रंजीत की हालत नाजुक बनी हुयी है। जबकि, दो खतरे से बाहर है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक और स्कूटी को जब्त कर थाने ले आयी है।

### मेला को लेकर सड़क जाम

छोटानागपुर का दो दिनी ऐतिहासिक मुड़मा जतरा शुरू हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से यातायात को सुगम बनाने के लिये रूट में बदलाव किये गये हैं। फिर भी क्षेत्र की सभी सड़कें जाम है। पुलिस की लगातार कोशिश के बावजूद छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। इससे न केवल वाहन चालक, बल्कि राहगीर भी परेशान हैं। इस बीच कई सड़क हादसे की खबर है। लेकिन, किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### सोनम फॉल के निकट झाड़ी से अज्ञात युवक का शव बरामद



अनगड़ा। टाटी सिलवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत बहेया गांव के बगल में सनम फौल के निकट जंगल झाड़ी के बीच से टाटी सिलवे पुलिस ने शुक्रवार को एक करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि एक दो दिन पूर्व उस की हत्या कर झाड़ियों में छुपा दिया गया होगा। शुक्रवार को जंगल कीओर गई कुछ महिलाओं ने वहां शव को देखा और गांव आकर महिलाओं ने वहां लाश होने की जानकारी लोगों को दी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर टाटीसिलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उसे रिम्स रांची भेज दिया। युवक काला सफेद रंग का चेक टी सर्ट कथा काला रंग का फूल पैन्ट पहने हुआ था। मालुम हो कि चुरनी फौल और सनम फौल में इन दिनों काफी संख्या में युवक युवतियों फौल देखने के लिए पहुंचते हैं। और देर शाम तक मौज मस्ती करते रहते हैं, लेकिन वहां सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा बलों की कोई व्यवस्था नहीं रहती है।

### समाजसेवी के निधन पर व्यक्त किया शोक

ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़या निवासी समाजसेवी बालो महतो 50 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार की सुबह घर मे हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आगे रहते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की सुबह एकाएक उनकी तबीयत खराब हुई और कुछ देर बाद ही उनका निधन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। बालो महतो के आकस्मिक निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद, मुखिया दशरथ उरांव, जनार्दन साहु, सुभाष पुरी, संदीप साहु, मणिकांत साहु, शिबु ठाकुर आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### तमाड़ में दो लोगों ने खरीदा नामांकन पर्चा

तमाड़। विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण में तमाड़ विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार से पहले चरण के लिए नामांकन पर्चा की बिक्री शुरू कर दी गई है। नामांकन पर्चा बिक्री और नामांकन दाखिल करने के लिए तमाड़ विधानसभा सीट के लिए बुंडू अनुमंडल कार्यालय में प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। पहले दिन 02 लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा है। जिसमें जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा पार्टी प्रत्याशी दमयंती मुंडा के लिए सबसे पहले भगीरथ मुंडा ने पर्चा खरीदा है। इसके बाद भारत आदिवासी पार्टी से प्रेम शाही मुंडा ने पर्चा खरीदा। पर्चा खरीदने का दौर शनिवार को भी जारी रहेगा।

## लोहा चोर दो युवक धराये, खलारी पुलिस के हवाले किया

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनके एरिया के केडीएच वर्कशॉप डकरा के पास से लोहे का स्क्रैप लदा दो मोटरसाइकिल व दो लोहा चोर को सीआईएसएफ ने पकड़ा। सीआईएसएफ के गश्ती दल ने दोनो अभियुक्तों को पकड़कर खलारी पुलिस के हवाले किया। बताया जाता है कि सुबह 6.30 बजे सीआईएसएफ के गश्ती दल केडीएच वर्कशाप के तरफ जा रहे थे। इस दौरान सीआईएसएफ ने दो लोग मोटरसाइकिल झेक 01 वाई 9668 में लोहा का स्क्रैप लोड करके ले जा रहे थे। सीआईएसएफ के द्वारा दोनो अभियुक्तों से पूछताछ करने पर स्क्रैप के विषय में कुछ नही बता पाये। ततपश्चात सीआईएसएफ जवानों ने अग्रतर कार्रवाई के लिए खलारी पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। दोनो लोहा चोरों के पास लोहे का स्क्रैप वजन करीब 90 किलोग्राम आंका गया। खलारी पुलिस ने दोनो अभियुक्तों में सलमान खान (23वर्ष) पिता अमीर खान ग्राम पाथकोइ थाना बुढ़मू व सूरज यादव (वर्ष 20) पिता बैजू यादव ग्राम साड़म थाना- बुढमू, जिला- रांची को गिरफ्तार कर न्यायिक हिराशत में भेजा गया है।

### होरहाप, बंग्लाटोली बिनहरबेड़ा में अवैध शराब निर्माण जारी

नामकुम। इन दिनों टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध शराब का निर्माण जोरो पर है। कारोबारी होरहाप, बंगलाटोली, कोयरटोली, बिनहर बेड़ा एवं सिल्वे में शराब का कारोबार कर रहे है। बताया जा रहा है कि कारोबारी दिन रात राढू नदी के किनारे बने चुल्हे में महुआ शराब बनाने में और उसे सप्लाई करने में लगे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि होरहाप क्षेत्र में शराब के धंधे का इतना बड़ा जाल बिछ चुका है कि लगभग लोग इस धंधे से जुड़े हुए हैं, सुबह सवेरे मालवाहक टेंपो से लदे शराब बनाने के सामान लेतो देखे जा सकते है। शराब की सप्लाई रात के अंधेरे एवं सुबह सुबह बाईक, स्कूटी एवं मालवाहक वाहनों से की जाती है। माल पहुंचाने के

**CCL** Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
(कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार)

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (भारत सरकार) के अंतर्गत

सोलर उद्यमिता पर उद्यमिता-सह-कौशल विकास कार्यक्रम

9 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम

इच्छुक युवाओं/युवतियों के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

निःशुल्क

पंजीकरण तिथिः 21 अक्टूबर 2024 पूर्वाहन 11:30 बजे तक
साक्षात्कार तिथिः 21 अक्टूबर 2024 अपराहन् 05:00 बजे तक
कार्यक्रम प्रारंभ तिथिः 22 अक्टूबर 2024
आयु – न्यूनतम 18 वर्ष
दस्तावेज– पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, शैक्षिक दस्तावेज

FOR REGISTRATION

Jharkhand Government Tool Room, Plot no. 38, Tatisilwai Industrial Area, Phase-I, Ranchi-Muri Road, Ranchi, Jharkhand-835103
Log on: www.niesbud.nic.in, Mobile No. 7004603646, 9911072193, 7764801154

# मांडर : सड़क हादसे में तीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर हुए सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत। पहली घटना शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे की है। बताया जाता है कि पुरुलिया, पश्चिम बंगाल से पैंतीस वर्षीय हरेलाल महतो अपने एक दोस्त के बुलाने पर मुड़मा में लगनेवाले ऐतिहासिक पड़हा जतरा में शामिल होने आया था। उसका दोस्त काठीटांड़ के एक होटल में काम करता है। मांडर थाना चौक में बस से उतरने के बाद वह सड़क के उस पार जा रहा था, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार सतरह वर्षीय लक्की लोहरा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि पैदल सड़क पार कर रहे हरेलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार लक्की भी सड़क पर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तत्काल बाद पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुँचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद लक्की को भी मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बरहे से भारी संख्या में ग्रामीण रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचे। लक्की की मां अस्पताल परिसर में ही बार बार बेहोश हो जा रही थी, वहीं उसके पिता और बूढ़े दादा की भी स्थिति खराब थी। घटना के बाद पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### मुड़मा जतरा जा रहे युवक की मौत

दूसरी घटना रांची-मेदनीनगर मुख्य पथ पर स्थित टोल प्लाजा के निकट शुक्रवार शाम 7.00 की है। बताया जाता है बालूमाथ प्रखंड के झाबर निवासी 32 वर्षीय पुष्पा देवी अपने छोटी बहन पूनम देवी और उसका पति जयमंगल उरांव और उसका 13 माह का बच्चा के साथ एक ही बाइक से मुड़मा जतरा आ रहे थे। उक्त स्थान पर उसी दिशा से तेज गति से मुड़मा जतरा आ रहे बाइक सवार चान्हो के कुल्लू निवासी राजकुमार महली ने अपने बाइक से उसे अपने चपेट में ले लिया जिससे दोनों बाइक सवार गिर पड़े और पीछे बैठी पुष्पा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही उसके साथ बैठा बच्चा जसप्रीत घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक चालक राजकुमार भी घायल हो गया।

### पति की मौत के बाद पत्नी निभा रही परिवार का दायित्व

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के पुंदाग की 25 वर्षीय निलम देवी ने पति के मौत के बाद अपने परिवारिक दायित्व का निर्वाहन कर रही है। लापरवही पूर्ण तेज रफ्तार बाइक दुर्घटना में जब बेटा या पति की मौत हो जाती है, तो पत्नी को किस प्रकार दुखों से संघर्ष करना पड़ता है। उसकी एक बानगी ओरमांझी प्रखंड के पुनदाग में देखा जा सकता है। 14 अगस्त 2023 को बाइक सवार प्रदीप मुंडा 28 वर्ष का दुर्घटना इरबा में हो गई थी। प्रदीप मुंडा बाइक रांची से अपने घर जा रहा था तभी उसकी बाइक की एक एंबुलेंस से टक्कर हो गयी थी।

# मांडर में महिला मतदाता निभायेंगी निर्णायक भूमिका

### मांडर में महिलाओं की संख्या पुरुषों से 7 हजार 254 अधिक

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। भारत में राजनीति काफी हद तक पुरुषों का क्षेत्र रहा है। चुनाव में मतदान से लेकर राजनीतिक उम्मीदवारी, सक्रियता और सहभागिता के मामले में महिलाएं काफी पीछे रही हैं। पर पिछले कुछ वर्षो में इसमें काफी बदलाव दिखाई दिया है। महिलाओं ने जहां चुनावों के दौरान मतदान केंद्र तक जाने में सक्रयिता दखिाई है, वहीं अपने पुरुष सगे-संबंधियों की मनपंसद पार्टी को छोड़कर, अपनी पसंद की पार्टी को वोट देना भी शुरू किया है। 2024 के चुनावों की बात करें तो मांडर विधानसभा सीट पर महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगी क्योंकि मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। मतदाता सूची में महिलाओं का जेंडर रेशियो पहले 850 था जो अब बढ़कर 870 हो गया। 2019 विधानसभा चुनाव में ही महिलाओं ने मतदान प्रतिशत में पुरुषों को पछाड़ दिया था। अब जब अनुपात बढ़ा है तो मतदान में भी असर देखने को मिलेगा। वहीं मांडर विधानसभा में इस समय सियासी पारा चरम पर है। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी प्रत्याशी जुगाड़ लगे हैं। वहीं चुनाव में हार-जीत का फैसला तो जनता जनार्दन को ही करना है और मांडर से कौन जीतेगा, कौन हारेगा यह तो 23 नवंबर को साफ हो ही जाएगा। लेकिन इतना तय है कि इस विधानसभा सीट पर सब की नजरें लगी रहेंगी। बेड़ो, इटकी, मांडर, चान्हो, लापुंग पांच प्रखंडो वाला मांडर विधानसभा क्षेत्र में 430 बूथ है। मतदाताओं की संख्या 3 लाख 79 हजार 295 है। इसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 86 हजार 19 व महिलाएं 1 लाख 93 हजार 273 और तीन थर्ड जेंडर मतदाता है। यहां 7 हजार 254 महिला अधिक है। वही लोकसभा चुनाव के बाद 9007 मतदाता बढ़े हैं।

# मुंडा और उरांव का मिलन स्थल है जतरा खूंटा : बंधन तिग्गा

### ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। ऐतिहासिक मुड़मा जतरा (मेला) का प्रधान संयोजक सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व समाज सेवी सन्नी टोप्पो सहित अन्य के द्वारा पूजा अर्चना और द्वीप प्रज्वलन व स्वर्गीय राजू उरांव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ऐतिहासिक दो दिवसीय मुड़मा जतरा का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही मेले का शुभारंभ हो गया। मौके पर धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने मेले व इससे जुड़े संस्कृति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां शामिल होने वाले तमाम लोगों से आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रतीक हैं। इस मुड़मा जतरा मेला का शांतिपूर्ण माहौल मे आनंद लेने की अपील की है और कहा कि यह धरोहर हमारे सभ्यता व संस्कृति को दर्शाता है। यह शक्ति खूंटा मुंडाओं व उरांव का मिलन स्थल है। यहां वर्षो पुरानी परम्परा के अनुसार देश व विदेश से लोग जुटते हैं यहाँ शक्ति खूंटा मे श्रधालू आराधना कर जो मांगते हैं उनकी मुराद पूरी होती है।



### जतरा खूंटा हमारे पुरखों की देन : विधायक

कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि मेला जतरा हमें पुरखों से विरासत के रूप में जो संस्कृति व परंपरा मिला है। उसे आने वाली पीढ़ियों को बताने की जरूरत है इसके लिए सबसे पहले अपनी धरोहर बचाये रखने प्रयास करना है। दो दिवसीय मुड़मा जतरा के उदघाटन समारोह में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि मुड़मा में लगने वाला ऐतिहासिक जतरा मेला हम सबकी सांस्कृतिक धरोहर है। यह मेला सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है।

### शक्ति खूंटा की हुई पूजा-अर्चना

इससे पहले बाजे गाजे व पड़हा के झंडे के साथ मेला स्थल पर पहुंचे पाहनों ने परंपरा के अनुसार सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा की अगुवाई में अधिष्ठात्री शक्ति के प्रतीक शक्ति खूंटा की परिक्रमा व पूजा अर्चना की और यहां 40 पाड़हा के प्रतीक स्वरूप पाहनों ने दीप भी जलाया। आदिवासियों की परंपरा व संस्कृति से ओत प्रोत एक रात व दिन के 24 घंटे के इस मेले के शुरूआत से ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। जतरा मेला खेल तमाशे, बिजली चालित झूले, मौत का कुंआ सर्कस, झूला, जादू के खेल व मनोरंजन के कई अन्य साधनों की भरमार है। सौंदर्य प्रसाधन, पारम्परिक वाद्य यंत्र, कृषि उपकरण, अस्त्र शस्त्र, श्रृंगार प्रसाधन, खिलौने, फास्ट फूड, ईख मिठाई व खाने पीने की सैकड़ों दुकानें लगी हुई है। मेला में स्वस्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों की ओर से स्टाल लगाएं गए हैं।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर जगराम उरांव, सन्नी टोप्पो, सुनील उरांव, जगरनाथ उरांव, बाबू पाठक, रितु कुजूर, विद्या सागर केरकेट्टा, एतवारी उरांव, संजय पहान, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, नुरुल्लाह हबीब नदवी , मनिलाल केरकेट्टा, रूपचंद मुण्डा, बिश्वनाथ उरांव, अमरलाल उरांव, उर्मिला उरांव, भगवान दास मुण्डा, गोपाल उरांव, मीटकू भगत, रंथू उरांव, सुनील बाघवार, अनिल उरांव, बिहारी उरांव, कमले किसपोट्टा, सुशील उरांव सहित बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (कार्मिक कोषांग)**

प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त कतिपय मतदान कर्मियों द्वारा अपनी शारीरिक अस्वस्थता/बीमारी/विकलांगता के कारणों से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया जा रहा है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वैसे सभी प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों जिन्होंने अपनी शारीरिक अस्वस्थता/बीमारी/विकलांगता के कारणों से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अभ्यावेदन कार्मिक कोषांग में समर्पित किये हैं, उनका दिनांक 21.10.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे से इस निमित्त गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा चिकित्सीय परीक्षण झारनेट सभागार, लोहरदगा में किया जायेगा।

अतएव सभी संबंधित मतदान कर्मियों को निदेशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपने चिकित्सा संबंधी समस्त प्रमाण पत्रों के साथ चिकित्सीय परीक्षण हेतु उपस्थित होकर चिकित्सीय परीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनके द्वारा समर्पित अभ्यावेदन पर प्राप्त मेडिकल बोर्ड के अनुशंसा एवं प्रतिवेदन के आलोक पर उन्हें निर्वाचन कार्य से मुक्त करने संबंधी निर्णय लिया जा सके। उक्त तिथि के बाद उनके किसी आवेदन/दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा

PR 339244 Lohardaga(24-25)#D

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा मिडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग**

आम सूचना

पत्रांक ......................../सू0ज0सं0, सिमडेगा दिनांक ........................

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में 70-सिमडेगा (अ0ज0जा0) एवं 71-कोलेबिरा (अ0ज0जा0) विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्वतंत्र एवं निश्पक्ष चुनाव हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मिडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित है। यह समिति प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिवि धियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

महत्व पूर्ण बिन्दुः-

- निर्वाचन लड़ने वाले राष्ट्रीय/राज्य मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं अन्य गैर-मान्यता प्राप्त दलों के व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मिडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले कोई भी प्रत्याशी/ उम्मीदवार जो इलेक्ट्रॉनिक/सोशलमीडिया /केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते है तो विहित प्रपत्र (ANNEXURE-A) में जिला स्तरीय मिडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं।उनके द्वारा किये गये व्यय की विवरणी उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट की जाएगी तथा प्राप्त आवेदन के आलोक मे विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जाएगी।
- प्रिंट मिडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC की अनुमति दो दिन पूर्व लेना अनिवार्य है।
- मिडिया प्रमाणन हेतु आवेदन के साथ दिये जाने वाले दस्तावेजः-

(I) आवेदन पत्र ANNEXURE-A (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्डकॉपी (IV) प्रस्तावितविज्ञापन का अनुमानित लागत (v) विज्ञापन कब-कब एवं कितने बार प्रकाशित/ टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।

- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/ प्रत्याशी के द्वारा बिना MCMC कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार-प्रसार से संबंधित सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- MCMC कोषांग, सिमडेगा सूचना भवन (जिला सूचना एवं जन-सम्पर्क कार्यालय, सिमडेगा) में कार्यरत हैं जो विधान सभा निर्वाचन-2024 कार्य की शांति पूर्ण समाप्ति तक 24×7 संचालित रहेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.339246 Simdega(24-25):D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी (MCMC कोषांग)**

सूचना

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 149/Paid News/2019/Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification & Monitoring Committee) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी की अध्यक्षता में किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- MCMC सूचना भवन जिला जनसम्पर्क कार्यालय, खूँटी में कार्यरत है।
- निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित विज्ञापन यथा बल्क एस0एम0एस0/आवाज संदेशों/टी0वी0 चैनलों/केबल नेटवर्क/रेडियो/निजी एफ0एम0 चैनल/ सिनेमा हॉल/सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया/समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया/ई-पेपर पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानुमति आवश्यक होगी।
- कोई भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी/कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/ एसोसिएशन मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। व्यय की विवरणी संभावित दल/अभ्यर्थी के खाते में प्रविष्ट की जाएगी तथा कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी। दी गई अनुमति की प्रति व्यय प्रेक्षक एवं निर्वाची पदाधिकारी तथा निर्वाचन व्यय कोषांग को दी जाएगी।
- **आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज :-** (i) आवेदन प्रपत्र (ANNEXURE-A) (ii) प्रस्तावित विज्ञापन का सॉफ्ट कॉपी (2 प्रति) (iii) प्रस्तावित विज्ञापन का स्वः अभिप्रमाणित अनुवाद (Transcript) (iv) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (v) विज्ञापन कब-कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगी उसकी विवरणी।
- राष्ट्रीय/राज्यकृत दल/प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से 3 दिन पूर्व एवं अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के 7 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, खूँटी

PR 339280 Election(24-25)#D

# पाक को दो टूक

एससीओ सम्मेलन में भाग लेने जाने से पहले एस जयशंकर ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान को लेकर भारत की विदेश नीति निष्क्रिय नीति नहीं है। निश्चित रूप से भारत सरकार की ओर से यह संकेत देने का प्रयास किया गया कि दिल्ली किसी भी सकारात्मक संकेत का जवाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने इस्लामाबाद को साफ-साफ शब्दों में इस मंच के जरिये सभ्य तरीके से सुना दिया कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देने वाली नीति ही संबंधों में बाधक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये नीतियां व्यापार गतिविधियों, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के संवाद-संबंध बनाने में बाधक बनती हैं। उन्होंने अतीत में एक मंच पर भारत-पाक के बीच पैदा होने वाली परंपरागत कटुता को दरकिनार करते हुए भी कड़े शब्दों में भारत की नीति को जाहिर कर दिया। वहीं दूसरी ओर भले ही शिखर वार्ता की अभी कोई स्थिति बनती नजर नहीं आ रही है, लेकिन अनौपचारिक बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में लंबे समय से उत्पन्न रुकावट खत्म होने की उम्मीद जरूर जगी है। एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन मंच का उपयोग करते हुए स्पष्ट इशारा किया भी है। वैसे यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान की रीतियों-नीतियों के चलते उससे सीमित जुड़ाव बनाये रखना भारतीय सरकारों के लिये भी एक चुनौती बनी हुई है। इस्लामाबाद, अन्य शब्दों में कहें तो पाकिस्तान सेना मुख्यालय रावलपिंडी की, बार-बार विश्वास को खंडित करने की नीति संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयासों में संदेह को जन्म देती है। यह एक हकीकत है कि आतंकवाद को प्रश्रय देने की पाक की नीति के चलते मेज पर वार्ता न करने के इच्छुक भारत को अपने अविश्वसनीय पड़ोसी के साथ संबंधों के विकल्प तलाशते रहने चाहिए। जिसमें बातचीत का माध्यम खुला रखना भी शामिल हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8**

**मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6**

**कर्क : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6**

**सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8**

**कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8**

**तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7**

**धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6**

**मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9**

**कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9**

**मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8**

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

**बुवाई** से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके।

दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।





-डॉ राजेन्द्र शर्मा

> देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे।

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है, इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना चाहिए।

दरअसल, बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिए अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाए तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह सेंध लगाई गई है, उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। एक बार फिर बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना यह बताता है कि कमोबेश बाजार की ताकतें अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए एक ओर जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है, उसी तरह बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरूरी हो जाता है। बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### एक देश, एक चुनाव

**देश** में फिजूलखर्ची रोकने के लिए एक देश, एक चुनाव प्रणाली महत्वपूर्ण है। चुनावों पर भारी खर्च केवल सरकारी खर्च नहीं, बल्कि नेताओं द्वारा अपनाए जाने वाले गलत तरीकों से भी बढ़ता है। इस बदलाव के लागू होने से अनिश्चितता कम होगी, नीतिगत निर्णयों पर सकारात्मक असर पड़ेगा, और मतदाताओं की उदासीनता दूर होगी। आर्थिक वृद्धि और स्थिरता में भी सुधार होगा, जबकि प्रवासी श्रमिकों को बार-बार कार्यस्थल छोड़ने की समस्या का समाधान मिलेगा।

**-अमृतलाल, रांची**

### कोविड से मुक्ति

**निःसंदेह,** कोविड-19 ने पिछले चार-पांच वर्षों में भारी जनहानि की। वैज्ञानिकों ने इससे निपटने के लिए कारगर वैक्सीन विकसित की। हालांकि, वायरस पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ और समय-समय पर अपना रूप बदलता रहा है। एक ऐसी वैक्सीन की आवश्यकता है जो सभी वेरिएंट्स को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सके। **- रवि, लोहरदगा**

## ट्वीट

**झारखण्ड** के दो जुझारू और कर्मठ नेताओं श्री केदार हाजरा जी और भाई उमाकांत रजक जी का अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है, जोहार है।

जीतेगा झारखण्ड!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसानों** के जीवन में खुशहाली लाने के लिए अनेक स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। एक तरफ किसानों को उत्पादन का उचित दाम दिलाने के लिए एमएसपी बढ़ाई जा रही है, तो दूसरी तरफ उत्पादन बढ़ाने के भी प्रयत्न हम कर रहे हैं।

**-शिवराज सिंह चौहान**
**केन्द्रीय कृषि मंत्री**

# महाराष्ट्रः क्या मराठा वोट में सेंधमारी कर जरांगे बिगाड़ेंगे धुरंधरों का खेल

**डॉ. रमेश ठाकुर**

चुनाव

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव की सियासी तस्वीर दिलचस्प दिखाई देने लगी है। मराठा वोटों में इस बार नए-नवेले नेता मनोज जरांगे सेंधमारी का माहौल तैयार करने में जुटे हैं। जरांगे ने प्रदेश में महीनों से मराठा आरक्षण की मांग बुलंद की। इसलिए आरक्षण की चाह में बेरोजगार युवा उनसे लगातार जुड़ रहे हैं। हालांकि मनोज जरांगे की सियासी परीक्षा अभी बाकी है।

अतीत में देखा गया है कि किसी मुद्दे पर मुहिम चलाकर भीड़ को अपने साथ जोड़ना और उस भीड़ को वोटों में बदलना, दोनों ही अलग बात है। किसी अलग मुद्दे पर मिला जन समर्थन वोटों में बदल जाए, ऐसा अक्सर होता नहीं। हालांकि शुरूआत में मनोज जबरदस्त दमखम दिखा रहे हैं। जिससे न सिर्फ महायुति से जुड़े लोगों बल्कि महाविकास अघाड़ी नेताओं की नींद हराम हो गई है। पूरी सियासी कहानी इस बार मराठा वोटों पर टिक गई है। जो यह तय करेगा कि किसकी नैया पार लगेगी और किसकी डूबेगी। इसका फैसला 23 नवंबर को होगा जब बहुमत की तस्वीर ईवीएम से बाहर निकलेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव इसबार सभी दलों के लिए समान रूप से चुनौतीपूर्ण है क्योंकि बीते लोकसभा चुनाव से ही मराठा मतदाता विभाजित है। कभी शिवसेना का इसपर आधिपत्य था लेकिन अब शिवसेना दो भागों में बंट चुकी है। वहीं, राजनीति के माहिर शरद पवार की पार्टी एनसीपी से भी कभी मराठा मतदाता बहुतायत की संख्या में जुड़े होते थे, उनकी भी पार्टी में दो फाड़ हो गए। भतीजे अजीत पवार अपने साथ आधी एनसीपी को लेकर एनडीए का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव में शरद पवार से जुड़ा मराठा समुदाय उनके साथ ही बना रहा। उनके कोर वोटरों में अजीत पवार सेंध लगाने में असफल रहे थे।

बात जब मराठों की हो और राज ठाकरे का जिक्र न हो तो बात अधूरी रह जाती है। इस बार राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब ढाई से तीन फीसदी वोट पाया था। हालांकि सीटें प्रत्येक चुनाव में एक-एक ही जीती लेकिन मराठा वोट उन्होंने बेहिसाब काटा था। वोट काट कर तमाम विरोधियों को हराने का काम किया। माहौल इस बार बदला हुआ है, जिसे राज ठाकरे भी भांप चुके हैं। बीता लोकसभा चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था, जहां उन्हें कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

एनडीए का शीर्ष नेतृत्व भांव चुका है कि महायुति के लिए सबसे बड़ा कांटा मनोज जरांगे बन गए हैं। करीब 32 फीसदी मराठा आबादी और छिटपुट अन्य समुदायों को मिलाकर 55 प्रतिशत प्रदेश की आबादी मनोज के ईद-गिर्द घूम रही है। महायुति को अहसास है कि मनोज ही वो फैक्टर हैं कि जिसके चलते लोकसभा चुनाव में उतनी सफलता नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी।

इस बार मराठा वोट काटने के लिए मनोज जरांगे ने कोई पार्टी नहीं बनाई है। पर, निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपने समर्थकों में से करीब 150 उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की है। मनोज के समर्थक उन सीटों पर खासतौर पर ताल ठोकेंगे, जहां मराठा समुदाय की संख्या सर्वाधिक है। बाकी सीटों पर भी आजाद उम्मीदवार उतारने की तैयारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी पकड़ कितनी है, उसका अंदाजा उनकी रैलियों में आने वाली भीड़ के जोश से लगाया जा सकता है। जरांगे समूचे प्रदेश में घूम-घूम कर लोगों से भावुक अपील कर रहे हैं- जब तक आरक्षण नहीं मिलेगा, हमें अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी।

देखना है कि यह जनसमर्थन उन्हें वोट के रूप में मिलेगा या उनकी स्थिति भी वही होगी जो हरियाणा विधानसभा चुनाव में किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी की हुई। जिन्होंने चुनावी अखाड़े में उतर कर अपनी जमानत तक जब्त करा ली।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# सिनवार को आइडीएफ ने कैसे मारा, डेंटिस्ट से क्यों मैच कराएं दांत के सैंपल

**अभिनय आकाश**

सामयिक

**इजरायल** फोर्स ने डीएनए टेस्टिंग के बाद ये कंफर्म कर दिया गया कि आंतक का पर्याय याह्या सिनवार मारा गया।

साल 2004 इजरायल की जेल में एक फिलिस्तीनी कैदी के सिर में जोर का दर्द उठा अस्पताल में भर्ती हुआ तो पता चला की ट्यूमर है। बीमारी एडवांस स्टेज में पहुंच चुकी थी। किसी तरह उसका ऑपरेशन हुआ और जान बच गई।

साल 2023 जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इसी शख्स के बारे में कहते नजर आए हि इज डेड मैन वॉर्किंग यानी उसका अंत नजदीक है। गाजा में घुसी इजरायल डिफेंस फोर्स दिन रात उसकी तलाश कर रही है। 8 नवंबर को खबर आई कि वो किसी बंकर में छिपा है और आईडीएफ ने घेरे बंदी कर ली है। किसी भी वक्त मारा जा सकता है। दावा है कि उसके मरते ही गाजा पट्टी में हमास का नेटवर्क ध्वस्त हो जाएगा। फिर 17 अक्टूबर 2024 की तारीख जब शाम के वक्त खुसफुसाहट के शक्ल में धुएं की तरह एक खबर रात तक होते होते आग में तब्दील हो गई। खबर थी कि आतंक का पर्याय जो इजरायल में हमास का मुखिया को इजरायल डिफेंस फोर्स ने मार गिराया है। नाम है अबू इब्राहिम और जिसे दुनिया याह्या सिनवार के नाम से जानती है। दक्षिणी गाजा में इजरायल की सेना ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इजरायल फोर्स ने हमास के तीन लड़ाकों को ढेर किया था और फिर ये जांच चल रही थी कि कौन कौन इसमें मारे गए हैं।

पिछले साल 7 याह्या सिनवार अक्टूबर को हमास की तरफ से इस्राइल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार को माना जाता है। 7 अक्टूबर को जब हमास ने इस्राइल पर हमला किया था तब उसमें 1,200 से अधिक इस्राइली मारे गए थे और 250 से अधिक बंधक बनाए गए थे। सिनवार को 'खान यूनिस का कसाई' कहा जाता है। सिनवार ने हमास गोलीबारी और हमले के बाद, सैनिक यह पता लगाने के लिए इमारत में दाखिल हुए कि उन्होंने किसे मारा है। इमारत के खंडहरों में प्रवेश करने पर, उन्हें एक अधेड़ उम्र का आदमी मिला, जिसने सैन्य शैली की बनियान पहनी हुई थी और वह मलबे के नीचे आधा दबा हुआ था। तब सैनिकों को एहसास हुआ कि यह मृत व्यक्ति हमास नेता याह्या सिनवार से बहुत मिलता जुलता था। उन्होंने लकड़ी के टुकड़े से उसके होंठ खोले और देखा कि घिसे हुए और टूटे हुए दांत हमास नेता के मुंह की तस्वीरों से मेल खाते हैं। तुरंत, ये तस्वीरें ऑनलाइन वायरल हो गईं, जिनमें से अधिकांश ने कहा कि यह सिनवार है। इसके बाद इजरायली अधिकारियों ने मारे गए लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए और अन्य परीक्षण किए और इजरायल ने घोषणा की कि सिनवार को खत्म कर दिया गया है।

**16 अक्टूबर की सुबह शुरू हुआ ऑपरेशन**

आईडीएफ की बिस्लामाच ब्रिगेड की 450वीं बटालियन के एक सदस्य ने राफा के तेल सुल्तान पड़ोस में एक इमारत के अंदर और बाहर जाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। उन्होंने अपने बटालियन कमांडर को सूचित किया, जिन्होंने इमारत पर गोलीबारी करने का आदेश दिया। टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, दोपहर 3 बजे आईडीएफ ने ड्रोन के जरिए देखा कि तीन लोग एक घर से दूसरे घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दो व्यक्ति खुद को कंबल से ढंके हुए आगे चल रहे थे, जबकि तीसरा व्यक्ति पीछे था। 450वीं बटालियन के कमांडर ने तीनों पर गोलियां चलाईं जिससे वे अलग हो गए। दो आतंकवादी एक इमारत में भाग गए और तीसरा अलग इमारत में घुस गया। यही तीसरा शख्स सिनवार था। । हालांकि, उस समय तक इजरायली सैनिकों को पता नहीं था कि उन्होंने सिनवार को घेर लिया है। इस बीच सिनवार इमारत की दूसरी मंजिल पर चला गया। आईडीएफ ने उस पर टैंक से फायर किया।

**आईडीएफ ने टैंक से इमारत पर हमला**

सिनवार ने सेंकेड फ्लोर से दो ग्रेनेड फेंके। इससे सैनिकों को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने कमरे में एक ड्रोन भेजा। इसमें एक आदमी मिला जिसकी बांह में चोट लगी थी और जिसका चेहरा ढका हुआ था।

हालाँकि, एक सैनिक, जो ऑपरेशन का हिस्सा था, ने एक हिब्रू मीडिया आउटलेट को बताया कि आईडीएफ ने उस इमारत पर मिसाइल से हमला किया जिसमें सिनवार था और फिर यह पुष्टि करने के लिए एक ड्रोन भेजा कि वह मारा गया था। सैनिक ने कहा कि घटना के समय किसी को नहीं पता था कि जिस व्यक्ति को उन्होंने मारा है वह हमास नेता याह्या सिनवार है।

**एक साल से किया जा रहा था ट्रैक**

सटीक खुफिया जानकारी और हमास नेता की एक साल से चली आ रही तलाश के अंत पर जाकर खत्म हुई। 7 अक्टूबर 2023 की वो शाम जब हमास ने इजराइल में घुसपैठ की और 1,200 से अधिक लोगों को मार डाला। याह्या सिनवार ने इजरायली नागरिकों को अगवा करने का आदेश दिया था। जिसके बाद से ही सिनवार यहूदी राष्ट्र की हिट लिस्ट में आ गया था। आईडीएफ सैनिकों और ड्रोन से बचने के लिए सिनवार लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा।

इसके अलावा, यह माना जाता था कि मारे जाने की संभावना को कम करने के लिए सिनवार ने इजरायली बंधकों का घेरा अपने आस पास बना लिया था। जैसे-जैसे महीने बीतते गए, इजराइल की खुफिया एजेंसियों और आईडीएफ ने सिनवार की तलाश जारी रखी, और कुछ मौकों पर करीब आ गए। पिछले दिसंबर में नेतन्याहू ने घोषणा की थी कि इजरायली सेना ने सिनवार के गाजा हाउस को घेर लिया है।

सिनवार की मृत्यु के साथ, इजराइल ने इस युद्ध में अपना प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिया, लेकिन इससे ऑपरेशन समाप्त नहीं होता है। केवल समय ही बताएगा कि आगे क्या होगा।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ की विकास प्राथमिकता : चंद्रप्रकाश



**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट के सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों, आपके अपार समर्थन से हम सभी एक मजबूत और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। जनसभा में आपकी सक्रिय भागीदारी ने हमारी प्रतिबद्धता को और भी सशक्त किया है। हम सब मिलकर रामगढ़ के विकास के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। आपके आशीर्वाद, बुजुर्गों की प्रेरणा, और युवाओं का जोश हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आपके विश्वास के साथ हम रामगढ़ को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। गांव की तरक्की और समृद्धि हमारी प्राथमिकता है, और इस मार्ग पर आप हमारे सबसे बड़े साथी हैं। ये उक्त बातें गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने कही। यहां पहुंचे सांसद का माला पहनाकर स्वागत किया गया. मौके पर डीएम महतो, जगदीश महतो, देवेंद्र राय, प्रयाग मुर्मू, राकेश वर्मा, विक्की चौधरी, सुखदेव कुमार महतो व अन्य मौजूद थे।

### गुरूद्वारा में लगा रक्तदान शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा रिवर साइड भुरकुंडा के तत्वावधान में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से विवेक गौरव की टीम ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 38 लोगों ने रक्तदान कर इसके प्रति आमजनों को भी प्रेरित किया। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान भूपेन्द्र सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में रक्त की कमी के कारण कई लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ती है। प्रधान श्री सैनी ने क्षेत्रवासियों से रक्तदान करने अपील की। शिविर में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पीटल बरियातु, रांची के रामप्रसाद कुमार सिंह, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, विकास कुमार, स्वेता कुमारी, नौशाद आदि ने रक्त संग्रह किया। इधर रक्तदान करने वालों को गुरूद्वारा प्रबंधन द्वारा हेलमेट एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि बाईक चलने वाले लोग हर हाल में हेलमेट का प्रयोग करें। शिविर को सफल बनाने में गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, अवतार सिंह सैनी, लव कुमार महतो, निर्मल सिंह, हरविंदर सिंह बबली, बलजीत सिंह, गुरमित सिंह, सुखचौन सिंह, बलविंदर सिंह, बिकर सिंह, हरविंदर सिंह बिट्टू, आनंद शर्मा, विक्की नायक सहित गुरूद्वारा कमेटी का विशेष योगदान दिया।

### एसपी से महिला ने लगायी मदद की गुहार

**रामगढ़।** घाटो ओपी अंतर्गत ग्राम लइयो 9 नंबर कॉलोनी , पोस्ट केदला निवासी सुनिता देवी, पति बालदेव बेदिया ने एसपी को आवदेन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उनका चेक बुक, पासबुक और एटीएम जो बैंक ऑफ इंडिया झारखंड कोलियरी शाखा का है वह कहीं खो गया। साथ ही आवेदन में बताया कि उनके पति बालदेव बेदिया पासबुक, चेकबुक और एटीएम जो स्टेट बैंक ऑफ लपंगा शाखा, बैंक आफॅ इंडिया शाखा केदला और युनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया चरही शाखा का है कहीं खो गया। सुनिता देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन में बताया कि इसकी सूचना सभी संबंधित बैंकों को लिखित रूप से दे दी गई। साथ ही बताया की नजदीकी रामगढ़ थाना में 10/07/2023 को इस संबंध में आवेदन दिया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया । इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

### मांडू सीट आजसू को देने पर भाजपा के नाराज कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**कुजू।** भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा मांडू विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में मांडू विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा मांडू विधान सभा में लगातार बेहतर प्रदर्शन करती रही है। 2014 विधानसभा में हम कार्यकर्ताओं ने भाजपा को काफी मजबूत स्थिति में लाया। 2019 में कार्यकर्ताओं ने मांडू विधानसभा को जीतकर भाजपा के झोली में दिया। लोकसभा चुनाव में मांडू विधानसभा से 32000 वोट से प्रथम स्थान पर थे। सभी कार्यकताओं ने पार्टी के हर फोरम में एक ही आग्रह किया कि पार्टी किसी कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाए। और हमलोग यह सीट जीतकर भाजपा की झोली में देंगे। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा कार्यकताओं के इस भावना को दरकिनार कर मांडू सीट आजसू को दे दिया। इस कारण मांडू विधानसभा के सभी कार्यकर्ता इसको बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

# सदर विधानसभा के लिए तीन प्रत्याशियों ने लिया नामांकन फार्म

## बरही और बरकट्ठा के लिए पांच प्रत्याशियों ने खरीदा फार्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को लेकर शुक्रवार से नामांकन फॉर्म बिकने लगे। पहले दिन सदर विधान सभा से तीन अभ्यर्थियों ने नांमांकन फॉर्म खरीदा जिसमें तीन निर्दलीय प्रत्याशी प्रशांत कुमार वर्मा, पिता- सुनील कुमार वर्मा, विक्रम राणा, पिता- प्रेमचंद्र राणा, सच्चिदानंद पांडेय, पिता- कमल पांडेय शामिल थे। वहीं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से महेंद्र प्रसाद, पिता- बैद्यनाथ साव, नीतिका कुमारी, पिता - महेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, पिता- रामसहाय रजक ने नामांकन फॉर्म खरीदा। बरही विधानसभा क्षेत्र से बिनोद विश्वकर्मा, पिता किशुन मिस्त्री, बिनोद विश्वकर्मा, पिता किशुन मिस्त्री, मो. सिराज, पिता- मो गुलाम रसूल ने नामांकन फॉर्म लिया। रिटर्निंग अफसर की कोर्ट में नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 से पांच बजे तक पूरी की गई। नामांकन के पहले दिन ज्यादा कोई गहमा-गहमी नहीं रही। सुरक्षा के लिए बेरीकेडिंग



कर दी गई है साथ ही पूरे परिसर को कैमरों से लैस कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के लिए नामांकन शुल्क 10 हजार और एससी व एसटी के लिए पांच हजार है। वहीं भाजपा ने व अन्य राजनीतिक दलों ने अभी प्रत्याशी को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं।

विधानसभा चुनावों के पहले चरण के तहत बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है। पहले दिन, कुल पांच अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रपत्र खरीदे, जिससे इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।बरही विधानसभा क्षेत्र से कोनरा निवासी बिनोद विश्वकर्मा ने दो सेट नामांकन प्रपत्र खरीदा हैं। वहीं, चौपारण निवासी मोहम्मद सेराज ने एक सेट फॉर्म खरीदा है, जिससे वह भी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बरही विधानसभा में इस बार के चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि नए चेहरे भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। दूसरी ओर, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में भी पहले दिन तीन उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। जेएलकेएम गंगपाचो के महेंद्र प्रसाद, निर्दलीय उम्मीदवार नितिका कुमारी, और बरकनगांगो के निवासी सुनील कुमार ने स्वतंत्र रूप से एक-एक सेट में नामांकन फॉर्म खरीदे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से चुनावी मुकाबला कितना तीव्र और प्रतिस्पर्धात्मक होता है। पहले दिन नामांकन प्रपत्र खरीदने वाले इन पांच उम्मीदवारों की सक्रियता से यह साफ हो गया है कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी माहौल गर्म हो चुका है। आने वाले दिनों में और भी प्रत्याशियों के नामांकन करने की उम्मीद है, जिससे चुनाव की तस्वीर और स्पष्ट होगी। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं और इसके बाद चुनावी प्रक्रिया की अगली चरणों की ओर बढ़ने की तैयारी शुरू हो जाएगी।

# बरही अनुमंडल कार्यालय में नामांकन का डीसी ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरही अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान महत्वपूर्ण निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि नामांकन प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो। बरही विधानसभा क्षेत्र (21) और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र (20) के निवार्ची पदाधिकारियों को डीसी नैंसी सहाय ने निर्देशित किया कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक स्थानों पर

**नामांकन के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करें**

सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जानी चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे प्रत्याशियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स का पालन करते हुए सभी प्रत्याशियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रत्याशियों के नामांकन क्रम से किए जाएं, और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर और नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर तय की गई है।

**सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम :** नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तीन-लेयर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा की जिम्मेदारी बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल को सौंपी गई है, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि तीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस दौरान बरही सीओ अमित किस्कू, बरकट्ठा सीओ, इंस्पेक्टर आभाष कुमार, एसआई शिवम गुप्ता समेत अन्य पुलिस कर्मी तैनात रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। एसडीपीओ लगातार सुरक्षा स्थिति का जायजा ले रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान शांति बनी रहे। प्रत्याशियों के नामांकन को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से कड़े कदम उठाए गए हैं, ताकि निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

### अनुमंडल परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**बरही।**अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ और बरकट्ठा-20 विस के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि उप समाहर्ता के कार्यालय से सभी प्रक्रिया संपन्न होंगे। अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनावश्यक भीड़ लगने और विधि व्यवस्था के बिगड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसे देखते हुए एसडीएम बरही ने अनुमंडल कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लगाते हुए कुछ आवश्यक निर्देश जारी किए है। जिसे सरकारी या पुलिस कर्मी अथवा चुनाव में लगे कर्मियों को छोड़ सभी को मानना अनिवार्य होगा। निर्देश के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचित पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति और मात्र तीन वाहन की अनुमति होगी। निजी प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन के प्रवेश और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित होंगे।

# रामगढ़ के उपायुक्त ने किया नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण

**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अनुमंडल कार्यालय ने 22-बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव -सह - भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को बताया कि नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व प्रातः 9 बजे पूरी नामांकन प्रक्रिया का मॉक ड्रिल कराया गया। ताकि पूरी नामांकन की प्रक्रिया सही तरीके से निष्पादित की जा सके । उपायुक्त ने नामांकन प्रक्रिया में प्रदर्शित के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारी व कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। दोनों विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।



### एनटीपीसी ने जीता चार पुरस्कार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएचआरएम) इंडिया ने 17 अक्टूबर को नई दिल्ली में एसएचआरएम एचआर एक्सीलेंस अवाड्र्स समारोह हुआ था। जिसमें उन संगठनों को मान्यता दी गई जो लोगों को प्राथमिकता देते हैं। भविष्य-केंद्रित उत्कृष्टता प्रदान करते है, और मानव पूंजी के व्यवसाय परिणामों में महत्वपूर्ण योगदान को समझते हैं। एनटीपीसी को इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों में पीएसई श्रेणी में 4 पुरस्कार प्राप्त हुए। एनटीपीसी के निदेशक अनिल जदली और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एनटीपीसी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए।

# कई बचत योजनाओं की दी गयी जानकारी

## रामगढ़ डाकघर में चलाया गया डाक सेवा जन सेवा अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** प्रधान डाकघर में शुक्रवार को डाक सेवा जन सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान डाकघर में आए सभी लोगों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिले के सभी डाकघरों में आने वाले सभी लोगों को बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, महिला सम्मान बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना खाता, टी डी, किसान विकास पत्र, एन एस सी, सीनियर सिटीजन खाता की जानकारी दिया जा रही है। डाक विभाग की सबसे अधिक डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना का लाभ लोग उठा रहे हैं। जिसमे कम प्रीमियम देकर अधिक बोनस दिया जा रहा है। जिले की सभी डाकघरों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर डाकघरों की योजनाएं को बताकर लाभ दिया जा रहा है।

**आधार कार्ड में सुधार की प्रक्रिया जारी :** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में आधार कार्ड में नाम सुधार, जन्म तिथि में सुधार, मोबाईल नंबर परिवर्तन, पता में सुधार किया जा रहा है। इसके लिए उचित प्रमाण लिया जा रहा है। आधार कार्ड सुधार कर डाकघरों में आने वाले सभी लोगों को डाकघरों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उसी समय उनका खाता खोल कंप्यूटराइज्ड पास बुक दिया जा रहा है। जिले के लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। रामगढ़ प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार, सरोजनी कुमारी, रविशंकर राय, दीपक कुमार, रूपेश कुमार मुंडा समेत अन्य डाककर्मी लोगों को डाकघरों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर डाक सेवा जन सेवा अभियान को सफल बनाने में योगदान कर रहे हैं।



## एक नजर में

### शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति ने कराया लक्की ड्रा, प्रथम पुरस्कार में महिला को मिला स्कूटी



**हजारीबाग।** शहर के मटवारी गांधी मैदान में शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूजा के दौरान प्रत्येक वर्ष की तरह लॉटरी टिकट की बिक्री की गई। पूजन के उपरांत दुर्गा पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया। वहीं मंच का संचालन अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान जितना टिकट की बिक्री हुई, उतने में ही लकी ड्रॉ करवाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में माता रानी के जयकारों के साथ विधिवत रूप प्रारंभ कराया गया। चार घड़ा के माध्यम से लॉटरी के नंबर को निकाला गया, जिसमें उपस्थित बच्चे, छात्र छात्राओं के द्वारा नंबर निकाला गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके के साथ संपन्न किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन संख्या- 1433 बाबा पथ निवासी सुषमा देवी को स्कूटी सचिव रिंकू वर्मा ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया। कुल 31 पुरस्कार बांटे गए। मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पूजा में लोगों का अपार सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। लॉटरी ड्रॉ आयोजन को मेला समिति के तमाम सदस्यों का ऐतिहासिक रूप से लकी ड्रॉ संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद देता हूं। सभी ने काफी बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई है । मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव रिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, कौशल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, बबलू मिश्रा, रवि सिंह, अतुल, अमित, जय, पच्चू, सुमन, सन्नी ,सोनू, अशोक आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### एनएमएल में कौशल विकास कार्यक्रम शुरू



**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाड़ीह कोयला खनन परियोजना ने एनटीपीसी आईटीआई परिसर में बड़कागांव क्षेत्र की 40 स्कूली छात्राओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को सोहराय कला और संस्कृति पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन तजीन फैज, अध्यक्षा जागृति महिला संघ ने किया। उद्घाटन समारोह में जागृति महिला संघ की उप अध्यक्षा मीनाक्षी सक्सेना,जनरल सेक्रेटरी सबरीन चौधरी,वरीय प्रबंधक विदिशा पॉल, उप महाप्रबंधक एसके सेनापति एवं अन्य उपस्थित थे।मुख्य अतिथि तजीन फैज ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लड़कियों के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्राओं को सोहराय कला एवं संस्कृति की चित्रकला में मेहनत और लगन से सीखने के लिए प्रेरित किया और पकरी बरवाड़ीह की इस पहल की सराहना की। प्रशिक्षण कार्यशाला साप्ताहिक होगी, जिसमें +2 हाई स्कूल बड़कागांव और जीडीएम हाई स्कूल बड़कागांव की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं का चयन किया गया है। इन छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल की छुट्टियों के दौरान आयोजित किया जाएगा और सफल समापन के बाद उन्हें प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### आराहरा के ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया आवेदन

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के आराहरा के ग्रामीण एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग द्वारा मिले अनापत्ति प्रमाण पत्र स्थल को से हटकर दूसरे जगह सड़क निर्माण करने का आरोप लगाते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग को आवेदन सोपा गया है। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि ग्राम जुगरा से पंदनवां तक एमएफसी फंड से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण के लिए जुगरा वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। लेकिन जिस क्षेत्र में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है उसे छोड़कर आराहरा वन क्षेत्र में सड़क निर्माण किया जा रहा है जो सरासर गलत है। आराहरा ग्राम समिति एवं वन समिति की सहमति भी नहीं ली गई है जिसे हम लोग घोर विरोध करते हैं। आवेदन में जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा वन समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार, मोहन कुमार, गोदनाथ महतो, चेतलाल महतो, विलाशो देवी, कुलदीप कुमार, विनोद कुमार महतो, प्रकाश महतो, सुरेश महतो, फुलेश्वर महतो, सुखलाल महतो सहित अन्य ग्रामीण का हस्ताक्षर शामिल है। इस संबंध में संवेदक संजय सिंह ने कहा कि जिस रास्ता या स्थल का एनओसी मिला है उसी स्थल या रास्ता पर कार्य हो रही है। वहीं बड़कागांव वन क्षेत्र के अधिकारियों से पूछे जाने पर कहा कि यह जांच का विषय है यदि अनापत्ति क्षेत्र को छोड़कर कार्य किया जा रहा होगा तो नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. मेहता ने खोया मोबाइल लौटाया

**बरही।** बरही के डॉ. अजय रंजन मेहता ने एक बार फिर अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के शिक्षक राजेश सिन्हा का खोया हुआ मोबाइल वापस किया। यह घटना बरही ब्लॉक मैदान की है, जहां शिक्षक राजेश सिन्हा का मोबाइल गिर गया था। मोबाइल मिलने के बाद डॉ. अजय रंजन मेहता ने उसमें आ रहे फोन का जवाब देकर मोबाइल के मालिक का पता लगाया। ईमानदारी दिखाते हुए उन्होंने राजेश सिन्हा को अपने घर बुलाकर मोबाइल सौंप दिया। इस घटना ने डॉ. अजय रंजन मेहता की ईमानदारी और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को फिर से साबित किया है, जिससे स्थानीय लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं।

### मार्खम कॉलेज की छात्रा खुशप्रिया नेट में सफल

**बड़कागांव।**मार्खम कॉलेज हिंदी विभाग की छात्रा खुशप्रिया ने नेट परीक्षा पास किया ,उक्त छात्रा साँढ़ छपेरवा गांव निवासी तिलानाथ कुशवाहा की सुपुत्री है। खुशप्रिया रानी ने दूसरे प्रयास में हिंदी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता (नेट) परीक्षा में सफलता हासिल की है । खुशप्रिया रानी मैट्रिक परीक्षा बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव में 63फीसदी इंटरमीडिएट इंटर साइंस कॉलेज में 61फीसदी मार्खम कॉलेज हिंदी स्नातक में 75फीसदी एवं एमए की नियमित छात्र रही है।इन्होंने सफलता का श्रेय अपने दादा केश्वर महतो , पिता तिलानाथ कुशवाहा,माता पारा शिक्षिका सविता कुशवाहा एवं महाविद्यालय के हिंदी विभाग के गुरूजनों को दिया है । महाविद्यालय में हिंदी विभाग के दो प्राध्यापक साँढ़ गांव निवासी प्रोफेसर संतोष रविदास एवं डॉ कनक रागिनी के निर्देशन में तैयारी की है।

# नव नालंदा महाविहार के हिन्दी विभाग व 'चरथ भिक्खवे' ( साहित्यिक-सांस्कृतिक यात्रा ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'सांस्कृतिक संवाद'

रणेन्द्र कुमार
साहित्यकार

## _साहित्य-रचना एवं बुद्ध

_रचना-प्रक्रिया में मौन और शब्द  का विशेष महत्त्व है। मौन के माध्यम से विचारों की गहनता और स्पष्टता उत्पन्न होती है, जो रचना के लिए आवश्यक है। बुद्ध के मौन से प्रेरित होकर रचनाकार अपनी अभिव्यक्ति में ठहराव, धैर्य और शांति का समावेश करता है। वहीं, शब्दों का चयन अत्यंत सोच-समझकर होता है। शब्द व मौन : दोनों की शक्ति के माध्यम से बुद्ध ने अपने संदेशों का प्रसार किया। एक रचनाकार शब्दों की शक्ति को समझते हुए रचना करता है जिससे उसकी कृति प्रभावशाली और गहन हो सके। इसी तरह मौन और ध्यान भी। मौन व ध्यान रचना- सृजन के मूल उत्स हैं। वे सर्जनात्मकता के हेतु हैं।



समग्र रूप से देखें तो रचना-प्रक्रिया में बुद्ध की दृष्टि  रचनात्मकता के विभिन्न पहलुओं–ध्यान, संतुलन, करुणा, अहिंसा, आत्मज्ञान और मौन–को समाहित करती है। ये तत्त्व रचनाकार को न केवल एक बेहतर सर्जक बनाते हैं बल्कि एक बेहतर मनुष्य बनने की ओर भी प्रेरित करते हैं, जो समाज और मानवता की सेवा में अपनी रचनात्मकता का उपयोग करता है।

रचना-प्रक्रिया में ध्यान (मेडिटेशन) का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। सर्जना एक तरह का ध्यान ही है। ध्यान, जिसे बुद्ध ने बोधि- प्राप्ति के माध्यम के रूप में अपनाया, रचनात्मकता के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनता है। ध्यान की प्रक्रिया, जो आत्म-निरीक्षण, शांति और आंतरिक संतुलन पर आधारित है, एक रचनाकार को भीतर की गहराई तक पहुँचने और अपने अनुभवों को कलात्मक रूप में व्यक्त करने का अवसर देती है। ध्यान के माध्यम से रचनाकार अपनी भावनाओं, विचारों और अनुभूतियों को स्पष्ट रूप से देख सकता है और उन्हें रचना में रूपांतरित कर सकता है।

बुद्ध का मध्यमार्ग  रचना-प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह मार्ग संतुलन और संयम की बात करता है। रचना में अतिरेक या असंतुलन से बचते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना रचनाकारों को न केवल उनके कार्यों में गहराई प्रदान करता है बल्कि एक स्थायी संदेश भी देता है। बुद्ध का मध्यमार्ग रचनात्मकता में उग्रता से दूर रहकर आत्मानुशासन और संतुलन पर आधारित होता है। यह दृष्टिकोण रचनाकार को अत्यधिक भावनात्मक या तकनीकी जटिलताओं से परे ले जाकर सरलता और गहनता के साथ रचना करने के लिए प्रेरित करता है।

करुणा, जो बुद्ध की शिक्षाओं का एक केंद्रीय तत्त्व है, रचना-प्रक्रिया में  एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक सच्चा रचनाकार समाज के प्रति संवेदनशील होता है और उसकी पीड़ाओं, संघर्षों और चुनौतियों को समझने का प्रयास करता है। करुणा का यह भाव रचनाओं में आत्मीयता और सामाजिक सरोकार लाता है। बुद्ध की करुणा न केवल व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग दिखाती है, बल्कि सामूहिक कल्याण का भी संदेश देती है। इसी करुणा को आत्मसात कर रचनाकार अपनी कृतियों में मानवता और समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन करता है।

बुद्ध की अहिंसा और शांति का सिद्धांत भी रचना-प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। एक रचनाकार शब्दों और कला के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत करता है। बुद्ध की अहिंसा का सिद्धांत रचनाकार को यह सिखाता है कि उसके शब्द और विचार ऐसे हों जो किसी को आहत न करें, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन और समझ को बढ़ावा दें। रचनात्मकता के इस अहिंसक दृष्टिकोण के माध्यम से, साहित्य और कला समाज में शांति और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन बन जाते हैं। रचनाकारों के लिए आत्मज्ञान  एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। बुद्ध ने आत्मज्ञान के माध्यम से सत्य को प्राप्त किया और यही सत्य रचनात्मकता का मूल स्रोत है। रचनाकार जब अपनी रचना-प्रक्रिया में सत्य की खोज करता है, तो वह गहन आत्मनिरीक्षण और चिंतन के माध्यम से अपने अनुभवों, भावनाओं और विचारों को व्यक्त करता है। यह आत्मज्ञान रचनाओं को गहराई और सार्थकता प्रदान करता है।

बुद्ध की दृष्टि रचनात्मकता के विभिन्न पहलुओं–ध्यान, संतुलन, करुणा, अहिंसा, आत्मज्ञान और मौन–को समाहित करती है। ये तत्त्व रचनाकार को न केवल एक बेहतर सर्जक बनाते हैं बल्कि एक बेहतर मनुष्य बनने की ओर भी प्रेरित करते हैं जो समाज और मानवता की सेवा में अपनी रचनात्मकता का उपयोग करता है।

साहित्य-रचना में बुद्ध की उपस्थिति गहरी और प्रभावशाली रही है। भारतीय साहित्य में, बुद्ध का व्यक्तित्व और उनकी शिक्षाएं  विशिष्ट स्थान रखती हैं। उनका जीवन और उनका दर्शन साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से मानवता के प्रति करुणा, सत्य और अहिंसा का संदेश फैलाता रहा है।

**बुद्ध की शिक्षाएं,**

बुद्ध की शिक्षाएं, जो मुख्य रूप से चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग पर आधारित हैं, ने साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण दिशा दी है। इस दिशा में सबसे पहले उल्लेखनीय है, बौद्ध ग्रंथों का साहित्य, जिसमें त्रिपिटक जैसे ग्रंथ आते हैं। त्रिपिटक में बुद्ध के उपदेशों, अनुयायियों के संवादों और ध्यान के विषयों को संकलित किया गया है। यह साहित्य न केवल धार्मिक संदर्भों में महत्वपूर्ण है बल्कि जीवन की समस्याओं और उनके समाधान को साहित्यिक रूप से भी प्रस्तुत करता है।

भारतीय साहित्य में बुद्ध की छवि केवल धार्मिक नायक के रूप में  नहीं बल्कि  मानवीय उद् धारकर्ता के रूप में उभरी है। अश्वघोष द्वारा लिखित बुद्धचरित और सौंदरानंद महाकाव्य बुद्ध के जीवन और उनके मोक्ष की यात्रा का अद्भुत साहित्यिक चित्रण करते हैं। इस प्रकार के महाकाव्य हमें उनके तप और ज्ञान की ओर आकर्षित करते हैं, जिससे साहित्य में नैतिकता और जीवन-दर्शन का समावेश होता है।

बुद्ध का प्रभाव केवल प्राचीन भारतीय साहित्य तक ही सीमित नहीं है। आधुनिक साहित्य में भी उनका दर्शन और व्यक्तित्व गहरे रूप में समाहित है। महाकवि नागार्जुन की रचनाओं में बुद्ध का गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। नागार्जुन के काव्य में बौद्ध धर्म की गहन दार्शनिक दृष्टि का अद्भुत चित्रण है। उनके द्वारा रचित प्रज्ञापारमिता सूत्र और अन्य काव्य रचनाओं में करुणा और मध्यमार्ग के विचार की प्रमुखता देखी जा सकती है।

इसके अतिरिक्त, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य में भी बुद्ध की शिक्षाओं का अद्भुत योगदान है। हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक प्रेमचंद की कहानियों में भी करुणा और दया का बौद्ध विचारधारा से प्रभावित दृष्टिकोण देखा जा सकता है। बुद्ध के सिद्धांत जैसे अहिंसा और मध्यमार्ग उनके कथानक में मुख्य रूप से प्रतिबिंबित होते हैं।

## चरथ भिक्खवे यात्रा भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन की व्यापकता पर विमर्श

चरथ भिक्खवे यात्रा, जो 15 से 25 अक्टूबर 2024 तक आयोजित हो रही है। एक विशिष्ट साहित्यिक और सांस्कृतिक यात्रा है, जो भारत और नेपाल के पवित्र बौद्ध परिपथ पर आधारित है। यह यात्रा उन रास्तों का अनुसरण करेगी, जिन पर भगवान बुद्ध ने अपने उपदेशों के माध्यम से करुणा, शांति, प्रेम और विश्वबंधुत्व का संदेश दिया था।

यात्रा का उद्देश्यः

इस यात्रा का नाम और प्रेरणा भगवान बुद्ध के शाश्वत संदेश से ली गई हैः

### चरथ भिक्खवे चारिकं बहुजन हिताय बहुजन सुखाय...

भिक्षुओ, बहुजन के हित और सुख के लिए भ्रमण करोह्व। बुद्ध का यह आह्वान ज्ञान, करुणा और संवाद के प्रसार का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रतिभागियों को बुद्ध की गहन शिक्षाओं से जोड़ना है, जिससे वे अहिंसा, प्रेम, और सहानुभूति के सिद्धांतों को आत्मसात कर सकें। यह यात्रा एक सचल कार्यशाला के रूप में भी कार्य करेगी, जिसमें कवि, लेखक, कलाकार और विद्वान विभिन्न स्थलों पर संगोष्ठियों में भाग लेंगे, जिससे सांस्कृतिक संवाद और विचार-विमर्श को प्रोत्साहन मिलेगा।

### यात्रा का महत्वः

चरथ भिक्खवे यात्रा केवल बौद्ध स्थलों की परिक्रमा नहीं है, बल्कि एक आंतरिक यात्रा भी है। इसके मूल में आज के समाज के लिए जरूरी करुणा, मैत्री प्रेम संवाद तथा सह-अस्तित्व  जैसे मूल्यों की स्थापना है . आज की दुनिया में जब विभाजन और संघर्ष बढ़ रहा है, बुद्ध के सद्भाव, अहिंसा, और करुणा के संदेश की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। यह यात्रा प्रतिभागियों को विभिन्न समुदायों के साथ संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगी, जिससे एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आत्मचिंतन का मार्ग प्रशस्त होगा।

चरथ भिक्खवे यात्रा सिर्फ बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों का महज अनुसरण नहीं , बल्कि शांति, करुणा, और सद्भावना के उनके संदेश पर गहन आत्मचिंतन का अवसर है। यह यात्रा उन पवित्र स्थलों पर जाकर संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, और वैश्विक सौहार्द को प्रोत्साहित करेगी, जहां भगवान बुद्ध ने मानवता के कल्याण के लिए अपने विचारों का प्रसार किया था। यह यात्रा सारनाथ से आरम्भ होगी , तथा बोध गया, नालंदा, राजगीर, वैशाली, केसरिया, कुशीनगर, लुम्बिनी, कपिलवस्तु, श्रावस्ती ,कौशाम्बी से होते हुए पुनः सारनाथ पर खत्म होगी.

प्रो. सदानंद शाही, मुख्य संयोजक

स्थानीय संयोजक

1. सारनाथ (15 अक्टूबर)ः प्रो. रामसुधार सिंह (9451890720)
2. बोधगया (15-16 अक्टूबर)ः डॉ. राकेश कुमार रंजन (9450938895)
3. नालंदा (16 अक्टूबर)ः प्रो. रविंद्रनाथ श्रीवास्तव 'परिचयदास' (9968269237)
4. राजगीर (16 अक्टूबर)ः श्री रणेंद्र (9431114935), महेश गुप्ता (7004328526)
5. पटना (17 अक्टूबर)ः डॉ. विनय कुमार (9631144236), डॉ. कुमार वरुण (9472615216)
6. वैशाली (18 अक्टूबर)ः प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव (9431216822, 9162176822)
7. केसरिया (18 अक्टूबर)ः शालिनी मिश्रा (9810083095), प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव (9431216822, 9162176822)
8. कुशीनगर (18-19 अक्टूबर)ः श्री मनोज कुमार सिंह (9415282206)
9. लुंबिनी (19-20 अक्टूबर)ः प्रो. के. एन. सिंह (9415166088)
10. कपिलवस्तु (19 अक्टूबर)ः नजीर मलिक (9956033733)
11. श्रावस्ती (20-21 अक्टूबर)ः श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (9792100259), श्री दिवाकर सिंह (9369156613)
12. अयोध्या (22 अक्टूबर)ः श्री दीपक कबीर (8765677127)
13. कौशाम्बी (22 अक्टूबर)ः प्रो. संतोष भदौरिया (8004926360), संजय पांडे (9415254012)
14. सारनाथ (23-24 अक्टूबर)ः प्रो. रामसुधार सिंह (9451890720)
15. गोरखपुरः प्रो. राजेश कुमार मल्ल (9919218089)
16. लखनऊः श्री दीपक कबीर (8765677127)

## बौद्ध परिपथ पर संकेंद्रित 'चरथ भिक्खवे'का महाबोधि मंदिर का भ्रमण

**बौद्ध** परिपथ पर संकेंद्रित 'चरथ भिक्खवे' यात्रा मंगलवार शाम अपने दूसरे पड़ाव पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सामने स्थित राजस्व सर्वे एवं प्रशिक्षण संस्थान में पहुँची।



प्रो. सदानंद शाही के नेतृत्व में समस्त यात्रीगण जलपान के बाद बोधगया में महाबोधि मंदिर के दर्शन के लिए पहुँचे। वहाँ उन सभी का स्वागत और अभिनंदन बीटीएमसी कार्यालय में भंते धर्मेंद्र द्वारा किया गया। मंदिर के मनोरम परिसर का भ्रमण करने के बाद सभी यात्री पुनः राजस्व प्रशिक्षण संस्थान में 'देशज बुद्ध' पुस्तक के विमोचन हेतु पहुँचे। अनेक विद्वानों की संगति में साहित्य, संस्कृति और समाज तथा अनेक विषयों पर इस कार्यक्रम ने सचल कार्यशाला के रूप में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

देर शाम हुए विमोचन कार्यक्रम में पुस्तक के प्रधान संपादक रणेन्द्र ने विषय-प्रवेश में बुद्ध के विचारों और बौद्ध धर्म की संस्कृति तथा झारखंड की आदिवासी संस्कृति के मध्य आदान-प्रदान के संदर्भ में अपनी बात रखी। झारखंड में प्रचलित बुद्ध की अनेक किंवदंतियों का पुरावशेषों के आधार पर विश्लेषण इस पुस्तक में किया गया है।

यात्रा के संयोजक प्रो. शाही ने देश को जानने, उसकी प्रतीति करने और अंततः उससे सच्चा प्रेम करने के संदर्भ में 'चरथ भिक्खवे' यात्रा के मूल भाव को व्यक्त किया। उन्होंने बुद्ध के संबंध में नए तथ्यों की दिलचस्प खोज के लिए रणेन्द्र जी को बधाई दी और उम्मीद जताई कि मैत्री, करुणा, सद्भाव का व्यापक संदेश जन-जन तक पहुँच सकेगा।

प्रो. रामसुधार सिंह ने ढाई हजार साल पहले राजकुमार सिद्धार्थ के बुद्ध बनने की यात्रा तथा उस समय प्रचलित धार्मिक और सामाजिक रूढ़ियों से संघर्ष की बात की। बुद्ध द्वारा लोकानुकंपाय दी गई देशना का भी उल्लेख उन्होंने किया। विमोचित पुस्तक में देशज नाम के आकर्षण के बारे में भी बताया।

इंग्लैंड में पले-बढ़े और बोधगया में 'द रुट फाउंडेशन' के निदेशक कबीर सक्सेना ने तिब्बती बौद्ध परम्परा द्वारा नालन्दा ज्ञान परम्परा को वर्तमान समय मे आगे बढ़ाने की बात रखी। इस बात पर जोर दिया कि भीतर की यात्रा अधिक महत्त्वपूर्ण है जिससे वास्तविक रूप में सब सुखी हो पाएं।

मुख्य अतिथि और 'अँधेरे में बुद्ध' की लेखिका डॉ. गगन गिल ने यात्रा के सांस्कृतिक-साहित्यिक महत्त्व को रेखांकित किया। 'देशज बुद्ध' पुस्तक के रणेन्द्र जी की सराहना भी की। बताया कि बुद्ध के पथ का अनुसरण आज और अधिक जरूरी हो गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षा और वरिष्ठ आलोचक डॉ. रंजना अरगड़े ने अपने जीवन के प्रमुख उद्देश्यों में एक, बोधगया आने के, बारे में बताया। इस संदर्भ में पाली और बौद्ध साहित्य के प्रकांड विद्वान डॉ. धर्मानन्द दामोदर कोसंबी की पुस्तक का भी उल्लेख किया जिसमें 100 साल पहले बोधगया और बौद्ध धर्म की उजड़ी हुई स्थिति के बारे में दिलचस्प बयान किया गया है।

मंच संचालन डॉ. परम प्रकाश राय और आभार ज्ञापन कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक डॉ. राकेश कुमार रंजन ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनुज लुगून, डॉ. पृथ्वीराज सिंह, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. अम्बे कुमारी, डॉ. रमाशंकर सिंह, प्रकाश उदय, डॉ. कुणाल किशोर, अंशुप्रिया, चाहत अन्वी, रवीन्द्र, अलोक की विशिष्ट उपस्थिति के अतिरिक्त मगध विश्वविद्यालय और दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के अनेक विभागों के विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के बाद 'साखी' पत्रिका के 'बुद्ध की धरती पर कविता' अंक और 'बुद्ध के बढ़ते कदम' अंक को विद्यार्थियों, शिक्षकों ने पढ़ा और खरीदा। देर रात सभी अतिथियों और श्रोताओं ने राजस्व संस्थान में रात्रिभोज भी किया। अगली सुबह यात्रा अपने अगले पड़ाव की ओर रवाना हुई।

# वैश्विक स्तर पर बुद्ध का साहित्यिक प्रभाव

बुद्ध का साहित्यिक प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। विश्व साहित्य में भी उनकी शिक्षाओं और उनके व्यक्तित्व का व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। हरमन हेस्से का उपन्यास सिद्धार्थ इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें बुद्ध की शिक्षाओं और उनकी जीवन शैली का प्रभाव स्पष्ट रूप से झलकता है।





कवि-रचनाकारों के लिए बुद्ध की विचारधारा एक प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करती है। उनके जीवन से संबंधित कहानियाँ, उनकी शिक्षाएं और उनके जीवन के संघर्ष साहित्यकारों को न केवल नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं, बल्कि जीवन के गहरे रहस्यों को समझने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। साहित्य के माध्यम से, बुद्ध का दर्शन जीवन के हर पहलू पर गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है–चाहे वह नैतिकता हो, समाज सुधार हो या फिर आत्मज्ञान की यात्रा।

साहित्य-रचना में बुद्ध का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उनके जीवन और उनकी शिक्षाओं ने साहित्य को एक नई दिशा और दृष्टिकोण प्रदान किया है। उनका दर्शन साहित्य को करुणा, दया, सत्य और आत्मिक शांति के गहरे भावों से समृद्ध करता है, जिससे पाठक अपने जीवन में भी उन मूल्यों को आत्मसात कर सकता है।

रचना-प्रक्रिया में बुद्ध का प्रभाव अत्यधिक गहन और सृजनात्मक दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। साहित्यिक और कलात्मक रचना में बुद्ध की शिक्षाओं का एक केंद्रीय स्थान है क्योंकि उनका दर्शन करुणा, ध्यान, अहिंसा और आत्मज्ञान पर आधारित है। रचनाकारों ने इन तत्वों को अपने कार्यों में आत्मसात करते हुए न केवल साहित्य, बल्कि समग्र कला जगत को एक नई दिशा प्रदान की है।

बुद्ध की रचना-प्रक्रिया में ध्यान (मेडिटेशन) का एक महत्वपूर्ण स्थान है। ध्यान, जिसे उन्होंने बोधि प्राप्ति के माध्यम के रूप में अपनाया, रचनात्मकता के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनता है। ध्यान की प्रक्रिया, जो आत्म-निरीक्षण, शांति और आंतरिक संतुलन पर आधारित है, एक रचनाकार को भीतर की गहराई तक पहुँचने और अपने अनुभवों को कलात्मक रूप में व्यक्त करने का अवसर देती है। ध्यान के माध्यम से रचनाकार अपनी भावनाओं, विचारों, और अनुभूतियों को स्पष्ट रूप से देख सकता है और उन्हें रचना में रूपांतरित कर सकता है।

बुद्ध का मध्यमार्ग  रचना-प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। यह मार्ग संतुलन और संयम की बात करता है। रचना में अतिरेक या असंतुलन से बचते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना रचनाकारों को न केवल उनके कार्यों में गहराई प्रदान करता है, बल्कि एक स्थायी संदेश भी देता है। बुद्ध का मध्यमार्ग रचनात्मकता में उग्रता से दूर रहकर आत्मानुशासन और संतुलन पर आधारित होता है। यह दृष्टिकोण रचनाकार को अत्यधिक भावनात्मक या तकनीकी जटिलताओं से परे ले जाकर सरलता और गहनता के साथ रचना करने के लिए प्रेरित करता है।

करुणा, जो बुद्ध की शिक्षाओं का एक केंद्रीय तत्त्व है, रचना-प्रक्रिया में  एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक सच्चा रचनाकार समाज के प्रति संवेदनशील होता है और उसकी पीड़ाओं, संघर्षों और चुनौतियों को समझने का प्रयास करता है। करुणा का यह भाव रचनाओं में आत्मीयता और सामाजिक सरोकार लाता है। बुद्ध की करुणा न केवल व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग दिखाती है, बल्कि सामूहिक कल्याण का भी संदेश देती है। इसी करुणा को आत्मसात कर रचनाकार अपनी कृतियों में मानवता और समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन करता है।

बुद्ध की अहिंसा और शांति का सिद्धांत भी रचना-प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। एक रचनाकार शब्दों और कला के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत करता है। बुद्ध की अहिंसा का सिद्धांत रचनाकार को यह सिखाता है कि उसके शब्द और विचार ऐसे हों जो किसी को आहत न करें बल्कि सकारात्मक परिवर्तन और समझ को बढ़ावा दें। रचनात्मकता के इस अहिंसक दृष्टिकोण के माध्यम से, साहित्य और कला समाज में शांति और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन बन जाते हैं।

रचनाकारों के लिए आत्मज्ञान  एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। बुद्ध ने आत्मज्ञान के माध्यम से सत्य को प्राप्त किया और यही सत्य रचनात्मकता का मूल स्रोत है। रचनाकार जब अपनी रचना-प्रक्रिया में सत्य की खोज करता है, तो वह गहन आत्मनिरीक्षण और चिंतन के माध्यम से अपने अनुभवों, भावनाओं और विचारों को व्यक्त करता है। यह आत्मज्ञान रचनाओं को गहराई और सार्थकता प्रदान करता है।समकालीन भारतीय कविता में बुद्ध एक महत्त्वपूर्ण और प्रभावशाली प्रतीक के रूप में उभरते हैं, जो भारतीय समाज, राजनीति, धर्म और मानवता से जुड़े गहरे सवालों को छूते हैं। बुद्ध की शिक्षाएं–अहिंसा, करुणा, और मध्यम मार्ग–कई समकालीन कवियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।

बुद्ध का जीवन और उनका संदेश सामाजिक प्रतिरोध, हिंसा का विरोध और करुणा पर आधारित है। समकालीन कवि इन विचारों को लेकर अपने समय की समस्याओं पर सवाल उठाते हैं, जैसे हिंसा, धार्मिक कट्टरता और सामाजिक अन्याय।  बुद्ध का धर्म शोषण के खिलाफ खड़ा होता है और करुणा और समानता पर आधारित है।

समकालीन भारतीय कवियों ने बुद्ध के माध्यम से धर्म और राजनीति के संबंध को भी समझने की कोशिश की है। बुद्ध की शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण दृष्टि का इस्तेमाल करते हुए कवि आधुनिक भारत में धर्म और राजनीति के प्रति आलोचनात्मक रुख अपनाते हैं।

बुद्ध अहिंसा और शांति के प्रतीक माने जाते हैं और समकालीन भारतीय कविता में यह तत्व प्रमुख रूप से दिखाई देता है। बुद्ध की शिक्षाएँ आधुनिक समय में बढ़ती हिंसा, आतंकवाद और युद्ध के संदर्भ में प्रासंगिक हो जाती हैं। कवि इन मुद्दों के प्रति संवेदनशील होकर बुद्ध की विचारधारा का सहारा लेते हैं।

बुद्ध की आध्यात्मिकता मानवीयता और नैतिकता पर आधारित है। समकालीन भारतीय कविता में कवियों ने इस आध्यात्मिकता को न केवल धर्म के रूप में, बल्कि मानव जीवन के व्यवहारिक पक्ष के रूप में भी देखा है। बुद्ध का मानवतावाद–दूसरों के प्रति संवेदनशीलता, पीड़ा को समझने की क्षमता, और सह-अस्तित्व का विचार–कविताओं में बार-बार उभरता है।

समकालीन कविता में बुद्ध का दृष्टिकोण खास महत्त्व रखता है। उसको आधार बना कर आज के कवि भी सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

समकालीन भारतीय कविता में बुद्ध न केवल एक धार्मिक या दार्शनिक व्यक्तित्व के रूप में, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रतीक के रूप में उभरते हैं। उनका प्रभाव इस रूप में देखा जाता है कि कवि वर्तमान समय के संकटों से जूझते हुए बुद्ध की शिक्षाओं को नए संदर्भों में प्रकट करते हैं।

सीताकांत महापात्र, रमाकांत रथ और हर प्रसाद दास आदि भारतीय कवियों ने अपनी कविताओं में बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं को गहरे रूप से प्रतिबिंबित किया है। बुद्ध के शांति, करुणा, और आत्मज्ञान के विचार इन कवियों की रचनाओं में प्रमुख रूप से उभरते हैं।

**पृष्ठ सामग्री हेतू आभारः रणेन्द्र कुमार**

# 25 अक्तूबर को नामांकन की अंतिम तिथि, 40 लाख रुपये तक है खर्च सीमा

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया : गोपाल जिऊ मंदिर में नगर कीर्तन शुरु



गम्हरिया। भगवान कृष्ण के दामोदर रूप के स्मरण में बड़ा गम्हरिया के गोपाल जिऊ मंदिर से 30 दिवसीय नगर कीर्तन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने बताया कि बंगला तिथि के कार्तिक माह में भगवान कृष्ण दामोदर का रूप ग्रहण करते है। उनका स्मरण करते हुए इस माह में एक माह तक पूरे गम्हरिया में नगर कीर्तन किया जाता है। एक माह तक चलने वाले नगर कीर्तन का समापन संक्रांति के दिन होगा। इसके पश्चात भंडारा कर अनुष्ठान का समापन होगा।

### महिला पॉलीटेक्निक ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



गम्हरिया। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, गम्हरिया की छात्राओं द्वारा प्रखंड के रपचा और कालिकापुर पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें मतदान के दिन अपने अपने घरों से निकलकर अपने मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मतदान अवश्य करने की अपील की गई। इस दौरान छात्राओं द्वारा दोनों पंचायतों में रैलियां भी निकाली गई। इस अभियान में काफी संख्या में छात्राएं शामिल हुई।

### पोटका : मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



जमशेदपुर। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के निर्देशानुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पोटका थानांतर्गत हाकाई ग्राम के बन्द पड़े एक मकान में छापेमारी कर अवैध मिनी विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। छापेमारी में विदेशी शराब को तैयार करने एवं उसे बोतलबंद करने हेतु आवश्यक सभी सामग्री स्पिरिट, तैयार तरल रंगीन शराब, भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांडों का खाली बोतल, भारी मात्रा में ढक्कन व बोतल सीलबन्द करने हेतु कॉर्क, बोतलों पर चस्पा किये जाने वाला विभिन्न ब्रांडों का लेबल, नकली उत्पाद आसंजक तथा कुल 20 पेटियों में मैकडॉवेल नंबर वन, रॉयल स्टैग, स्टर्लिंग रिजर्व ब्रांड का बोतल बन्द शराब बरामद किया गया। उक्त मिनी विदेशी शराब फैक्ट्री का संचालक हल्दीपोखर निवासी राहुल गोप, पिताः टेम्पू गोप के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। छापेमारी दल में उत्पाद विभाग, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर धालभूम क्षेत्र के निरीक्षक प्रेम प्रकाश, चष्लिणु दल के निरीक्षक रामदास भगत, अवर निरीक्षक ओम प्रकाश व रामदेव पासवान, उत्पाद आरक्षी तथा गृहरक्षा वाहिनी के जवान सम्मिलित रहे। बरामद शराब व अन्य सामग्री का बाजार मूल्य करीब पाँच लाख रुपए आंका जा रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## विधानसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी

## 13 नवंबर को 1913 मतदान केंद्रों पर 18,73,589 मतदाता करेंगे मतदान



पत्रकारों को अधिसूचना की जानकारी देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल।



सोनारी दुमुहानी पुल पर एक वाहन चालक के कागजात की जांच करते सीनियर एसपी किशोर कौशल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी की गई। इस बाबत समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने विधानसभा निर्वाचन से संबंधी महत्वूर्ण जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों को दिया।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव मौजूद रहे। जारी अधिसूचना के अनुसार 25 अक्टूबर तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

28 अक्टूबर को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है, 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे।

13 नवंबर को मतदान एवं 23 नवंबर को मतगणना होगी। जिले में चिन्हित कुल 1145 पोलिंग स्टेशन के 1913 बूथ पर पहले चरण में 13 नवंबर को 18,73,589 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एवं दूरी को मद्देनजर रखते हुए 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला, 46-पोटका, 47-जुगसलाई के कुछ मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 04 बजे तक मतदान होगा वहीं शेष मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान होगा।

### विवरणी निम्नवत है-

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र/ मतदान की अवधि**

1. 44- बहरागोड़ा - 5 मतदान केन्द्र संख्या 9-11, 70, 88 में प्रातः 7.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, शेष 259 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे
2. 45- घाटशिला (अ.ज.जा) - 23 मतदान केन्द्र संख्या 1, 26-28, 94, 96-98, 116, 117, 119-121, 179, 180, 184-186, 191, 223, 227, 228, 257 में प्रातः 7.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, शेष 268 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे
3. 46- पोटका (अ.ज.जा) - 7 मतदान केन्द्र संख्या 271, 273, 274, 303, 306, 314, 318 में प्रातः 7.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, शेष 319 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे
4. 47-जुगसलाई (अ.जा) - 17 मतदान केन्द्र संख्या 49, 51, 52, 60, 62, 63, 127, 128, 139, 150-152, 155, 357, 367, 380, 381 में प्रातः 7.00 बजे से सायं 4:00 बजे तक, शेष 364 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे
5. जमशेदपुर पूर्व- प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे
6. जमशेदपुर पश्चमि- प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे

# तीन से पोस्टल बैलेट से मतदान की होगी शुरूआत

## मतदान कर्मी, पुलिस बल एवं गृह रक्षक, अनिवार्य सेवा, अन्य श्रेणी, वोटर ऑन इलेक्शन ड्यूटी करेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

### सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने वीमेंस यूनिवर्सिटी, सिदगोड़ा में चिन्हित गर्ल्स हॉस्टल में पोस्टल बैलेट मतदान केन्द्र का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन आयोग के मापदंड के अनुसार अलग-अलग श्रेणी एवं विधानसभा क्षेत्र के अनुसार निर्धारित मतदान कक्ष के अलावे अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । विदित हो कि 03 नवंबर से पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। पहले चरण के विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता 03-11 नवंबर तक तथा दूसरे चरण के विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता 16-18 नवंबर तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



वीमेंस यूनिवर्सिटी सिदगोड़ा के गर्ल्स हॉस्टल में बने पोस्टल बैलेट मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल।

**श्रेणी/ विधानसभा क्षेत्र का नाम/ मतदान कक्ष**

1. मतदान कर्मी-
44-बहरागोड़ा- रूम नंबर 101, गर्ल्स हॉस्टल
45-घाटशिला- रूम नंबर 102, गर्ल्स हॉस्टल
46- पोटका- रूम नंबर 103, गर्ल्स हॉस्टल
47- जुगसलाई- रूम नंबर 104, गर्ल्स हॉस्टल
48- जमशेदपुर पूर्व- रूम नंबर 105, गर्ल्स हॉस्टल
49- जमशेदपुर पश्चिम- रूम नंबर 106, गर्ल्स हॉस्टल

2. अन्य श्रेणी- सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रूम नंबर 107, गर्ल्स हॉस्टल में मतदान करेंगे।

3. पुलिस बल एवं गृह रक्षक- सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदाता पैंट्री हॉल, गर्ल्स हॉस्टल में मतदान करेंगे।

4. अनिवार्य सेवा- सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रूम नंबर 108, गर्ल्स हॉस्टल में मतदान करेंगे।

5. पूर्वी सिंहभूम जिला के बाहर के विधानसभा क्षेत्रों के कर्मी (चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदान कर्मी एवं अन्य जिलों के अनिवार्य सेवा के मतदाता)
- पहला चरण के विधानसभा क्षेत्र के मतदाता- मेस, गर्ल्स हॉस्टल में 03-11 नवंबर तक मतदान करेंगे।
- दूसरा चरण के विधानसभा क्षेत्र के मतदाता- गर्ल्स हॉस्टल में 16-18 नवंबर तक मतदान करेंगे।

अनिवार्य/ आवश्यक सेवाओं यथा आयोग के मुताबिक फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), इंडियन रेलवे, प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, बिजली विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, दमकल विभाग, बीएसएनएल तथा वे मीडिया कर्मी, जिनका राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान की कवरेज के लिए पहचान पत्र बनाया है, वे इसमें शामिल हैं।

### 3 नवंबर से होम वोटिंग की शुरूआत

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण के लिए 03-07 नवंबर तक एवं दूसरे चरण के लिए 09-10 नवंबर तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा । मतदान कर्मी मतदाताओं के घर जाकर मतदान करायेंगे। इसके अलावे मतदान के दिन बूथों पर चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार उक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए वाहन की सुविधा, व्हील चेयर, वॉलंटियर की मदद, रैम्प, बैलेट पेपर में ब्रेल लिपी, साइनेज की विशेष सुविधा दी जाएगी।

## एक नजर में

### गरीबों का भला नहीं चाहती है बीजेपी : डॉ अजय



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी गरीबों का भला नहीं चाहती है। यही भाजपा का दोहरा चरित्र है। एक तरफ बीजेपी गरीबों के विकास की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गरीब बच्चों को दिए गए जर्सी और जूता का शिकायक चुनाव आयोग में करती है। उन्होंने कहा कि यही भाजपा का असली चेहरा है। मंईयां सम्मान योजना को बंद करवाने के लिए भी बीजेपी द्वारा रांची हाईकोर्ट में मामला दर्ज करवाया गया था। वही भाजपा के नेताओं द्वारा गरीबों के विकास की बड़ी बड़ी बाते की जाती है जो बाद में जुमला में तब्दील हो जाता है। मेरे निवेदन पर एक स्वंय सेवी संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मैं एक अतिथि के तौर पर उपस्थित हो कर बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया। डॉ अजय ने कहा कि दरअसल बीजेपी का चरित्र गरीबों को परेशान करना है। गरीबों के घर उजाड़ने के लिए बीजेपी के एक बड़े नेता ने एनजीटी में शिकायत की थी जिसके संबंध में मेरे द्वारा खुलासा किया गया था। दरअसल भाजपा हार के डर से बौखला गई है और मुझे बदनाम करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है। मजे की बात है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के पास जमशेदपुर पूर्वी से कोई प्रत्याशी मेरे विरोध में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। इसलिए बीजेपी मुझे बदनाम और परेशान करने का कोई मौका खोना नहीं चाहती है लेकिन यह भी सच है कि सच परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं होता है। भुनेश्वर में भी एक साजिश के तहत मुझे बदनाम करने के लिए बीजेपी के इशारे पर मामला दर्ज कराया गया है। जनता सब समझ रही है। जनता ने मन बना लिया है, वह चुनाव में बीजेपी को करार जवाब देगी।

### झारखंड में सेकेंड टॉप स्कूल बना हिल टॉप, टेल्को



सम्मान प्राप्त करती प्राचार्या उमा तिवारी।

**जमशेदपुर।** हिल टॉप स्कूल, टेल्को कोलोनी, जमशेदपुर ने एजुकेशनवर्ल्ड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया स्कूल रैंकिंग 2024-25 में जमशेदपुर में पहला स्थान और झारखंड में दूसरा स्थान हासिल करके एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। यह पुरस्कार शुक्रवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जहां हिल टॉप स्कूल की प्रिंसिपल उमा तिवारी ने स्कूल की ओर से सम्मान प्राप्त किया।

### सरयू राय बने झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन का पैट्रन इन चीफ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को शुक्रवार को झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन का पैट्रन इन चीफ घोषित किया गया। यह घोषणा झारखंड बास्केटबॉल लीग सीजन वन के उद्घाटन के अवसर पर संघ के महासचिव जेपी सिंह ने की। गौरतलब है कि सीजन वन का आयोजन घातकीडीह कम्युनिटी सेंटर में किया जा रहा है। इसमें झारखंड से छह टीमें भाग ले रही हैं। इसमें सीनियर, जूनियर, बिगिनर्स शिरकत कर रहे हैं। यह झारखंड में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। इस अवसर पर ओलंपियन हरभजन सिंह, अधिवक्ता सरदार मलकीत सिंह, हरेंद्र चौहान आदि उपस्थित थे।

### चांडिल : 28 वां श्री श्याम जन्मोत्सव 11 नवंबर को, तैयारी को लेकर हुई बैठक



**चांडिल।** 28 वां श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर श्री श्याम कला भवन मंदिर परिसर में बैठक की गई। बैठक मे 11 नवम्बर से होने वाले तीन दिवसीय 28 वां श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 वां श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा 11 नवम्बर को श्री श्याम मंदिर चांडिल में धूमधाम से गाजे बाजे के साथ बाबा श्याम का निशान यात्रा निकलेगा जबकि 12 नवम्बर रात्रि व्यापी भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या मे दिल्ली जयपुर मुंबई के कई नामी गिरामी गायकों के अलावा कानपुर एवं दिल्ली के नृत्य नाटिका ग्रुप को भी आमंत्रित किया गया एवं तीसरी दिन अनुदान कूपन का ड्रॉ होगा। इस मौके पर श्रवण जालान, दुर्गा चौधरी, राजीव साव, पवन शर्मा, प्रदीप पसारी, सुभाष शर्मा, बिकास रूंगटा, आलोक चौधरी, हरीश सुलतानीया, मोंटी चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांड्रा : मुर्गागुट्टू और बुरुडीह शराब अड्डों पर आबकारी विभाग का छापा



**गम्हरिया।** चुनाव के मद्देनजर सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त के निर्देशानुसार, गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा गम्हरिया थानांतर्गत मुगार्गुटू और कांड्रा थानांतर्गत बुरुडीह में संचालित शराब अड्डों पर छापेमारी की गई। इस क्रम में उन शराब अड्डों पर करीब 250 किग्रा जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही, करीब 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। दोनों शराब अड्डे के संचालकों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## सरायकेला, खरसावां और ईचागढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला/जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का गजट शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया है। सरायकेला, खरसावां, ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया भी इसी के साथ शुरू हो गई है। सरायकेला अनुमंडल कार्यालय में नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

साथ ही चार लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। नामांकन स्थल के 100 मीटर के दायरे तक प्रत्याशी अपने तीन गाड़ियों के साथ आ सकते हैं। इसके बाद सिर्फ पांच प्रस्तावकों के साथ 100 मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकते हैं।

सरायकेला खरसावां जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 50 ईचागढ़ विधानसभा, 51 सरायकेला विधानसभा तथा 57 खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज दिनांक 18 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। नामांकन पर्चा खरीदने और नॉमिनेशन की प्रक्रिया एक साथ चलेगी। इस निमित्त पहले दिन आज सरायकेला एवं खरसावां विधानसभा क्षेत्र में दो-दो तथा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री हुई।

## जमशेदपुर पश्चिम से पहला नामांकन महेश कुमार का, 26 ने खरीदा नामांकन फार्म

### जमशेदपुर पश्चिम से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया



नामांकन दाखिल करते महेश कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के नामांकन के पहले दिन 49-जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी के रूप में महेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया।

वहीं, 44- बहरागोड़ा से एक, 45- घाटशिला से चार, 46- पोटका से चार, 47- जुगसलाई से तीन, 48 जमशेदपुर पूर्व से 3 एवं 49- जमशेदपुर पश्चिम से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया।

## शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकता : डीसी-एसएसपी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया तथा निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वह्न के निर्देश दिए। कार्यपालक दण्डाधिकारी मृत्युंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद डॉ रजनीकांत मिश्रा एवं अन्य मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षणर्थियों को ईवीएम हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के अलावे क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सेक्टर पदाधिकारी को अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने, वेल्नेरेविबलिटी मैपिंग, कमजोर मतदाताओं की बसावट, उन गांव/मोहल्लों का चिन्हांकन जिनमें डरा धमकाकर मतदान करने से रोका जाता है एवं विधिसम्मत क्या कार्रवाई की जा सकती है इसपर प्रकाश डाला गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर पदाधिकारी का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। सेक्टर पदाधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, ईवीएम आदि व्यवस्था का ज्ञान हो।

## निर्वाची पदाधिकारी ने चार विस क्षेत्रों का लिया जायजा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी हो गई है तथा आज से नामांकन भी प्रारंभ है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा 46-पोटका, 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्व एवं 49-जमशदेपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय परिसर में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए उन्होने कहा कि सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के 100 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा लागू है, ऐसे में प्रत्याशी समेत 5 व्यक्ति ही निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय तक जाएंगे।

पुराना कोर्ट चौक, समाहरणालय द्वार व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैरिकेडिंग किए जाने का आदेश दिया।

## टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर सुपर लीग की शुरूआत, नन्हें बच्चों ने दिखाया दम





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सुपर लीग का शुक्रवार को टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेद्पुर एफसी के महाप्रबंधक प्रशांत गोडबोले ने आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह ने भारत की सबसे लंबे समय से चल रही जमीनी स्तर की फुटबॉल लीग में से एक की शुरूआत को चिह्नित किया, जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और स्थानीय फुटबॉल को मजबूत करना है। पहले दौर के मैचों में भागीदारी देखी गई, जिसमें 470 युवा फुटबॉलरों ने अंडर-5, अंडर-7, अंडर-11 और अंडर-13 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की।

लीग युवा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता और विकास के अवसर प्रदान करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। जमशेदपुर सुपर लीग 17 सप्ताह तक चलेगी, जिसमें 70 टीमें और कुल 475 मैच होंगे। लीग जमशेदपुर एफसी की जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने की बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसमें सभी प्रतिभागियों को पर्याप्त खेल का समय और प्रदर्शन प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्रशांत गोडबोले ने कहा, हम जमशेदपुर सुपर लीग की शुरूआत करने और युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल विकसित करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करने के लिए रोमांचित हैं।

जमीनी स्तर पर फुटबॉल इस खूबसूरत खेल की नींव है और सबसे महत्वपूर्ण है। इस लीग का तीसरा संस्करण जमशेदपुर में एक मजबूत फुटबॉल समुदाय के निर्माण की दिशा में प्रगतिशील कदम है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर से पेशेवर फुटबॉल तक एक पाइपलाइन बनाना है। शुरूआती मैच टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किए गए, जो टूनार्मेंट के लिए दो स्थानों में से एक है और खेल शुक्रवार और रविवार को जारी रहेंगे।

अंडर-5 और अंडर-7 श्रेणियों में, लोयोला स्कूल में जमशेदपुर एफसी फुटबॉल स्कूल केंद्रों द्वारा प्रतिनिधित्व की गई टीमों ने बड़ी जीत हासिल की, जबकि अंडर-13 और अंडर-11 श्रेणियों में, कदमा जेएमएफए यूनाइटेड और भालुबासा 7-स्टार क्लब के साथ-साथ जेएफसी फुटबॉल स्कूल केंद्र कार्मेल फाइटर्स ने बड़े अंतर से जीत हासिल की।



# भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 231 रन

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। आज के खेल की अंतिम गेंद पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली आउट हो गए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। कोहली ने 102 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए। इस तरह शुक्रवार को खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। सरफराज खान 78 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद हैं। अभी भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े।यशस्वी 52 गेंदों पर 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान रोहित ने टेस्ट करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा। रोहित अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह अजीब तरीके से आउट हो गए। दरअसल, रोहित ने गेंद को अच्छे से डिफेंड कर लिया था, लेकिन गेंद पीछे की ओर गई और स्टम्प्स में जा लगी। इस तरह रोहित आउट हो गए। रोहित ने 63 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए। दो विकेट गिरने के बाद विराट कोहली और सरफराज खान ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे। इस दौरान सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक लगाया। फिर इसके बाद कोहली ने भी पचासा जड़ दिया। इस दौरान कोहली टेस्ट में नौ हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। कोहली और सरफराज दोनों 100 रन से अधिक साझेदारी कर भारतीय टीम को मुश्किल से निकाल रहे थे, लेकिन तीसरे दिन के खेल की अंतिम गेंद पर कोहली ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हो गए। न्यूजीलैंड की ओर से स्पिनर एजाज पटेल को दो और फिलिप्स को एक विकेट मिला है।

**न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बनाए 402 रन**

इससे पहले न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए और कीवी टीम को पहली पारी के आधार पर 356 रनों की बड़ी बढ़त मिली। पहली पारी में न्यूजीलैंड को कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। इस साझेदारी को कुलदीप यादव ने लैथम (15) को एलबीडब्ल्यू आउट कर तोड़ा। इसके बाद विल यंग और कॉन्वे ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़े और टीम को 142 तक ले गए। रविंद्र जडेजा ने विल यंग (33) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 154 के कुल स्कोर पर अश्विन ने कॉन्वे को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। कॉन्वे ने 91 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (18), टॉम ब्लंडेल (05), ग्लेन फिलिप्स (14) और मैट हेनरी (08) के विकेट जल्दी-जल्दी खो दिये और कीवी टीम का स्कोर 7 विकेट पर 233 रन हो गया। यहां से रचिन रविंद्र और टिम साउथी ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए आठवें विकेट के लिए 137 रन जोड़ दिये। इस दौरान रविंद्र ने जहां अपना शतक पूरा किया, वहीं साउथी ने अर्धशतक लगाया। 370 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने साउ9थी को आउट कर न्यूजीलैंड को आठवां झटका दिया। साउथी ने 65 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 73 गेंदों का सामना किया और 5 चौके और 4 छक्के लगाए। साउथी के आउट होने के बाद एजाज पटेल केवल 4 रन बनाकर कुलदीप यादव का शिकार बने। 402 के कुल स्कोर पर कुलदीप ने रविंद्र को आउट कर कीवी पारी का अंत किया। रविंद्र ने 134 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 157 गेंदों का सामना किया और 13 चौके व 4 छक्के लगाए। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 3-3, मोहम्मद सिराज ने 2, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 1-1 विकेट लिया।

**भरत की पहली पारी 46 रन पर सिमटी**

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की पहली पारी केवल 46 रनों पर सिमट गई थी। भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाजों ने खाता भी नहीं खोला और तीन बल्लेबाज तीन रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। ऋषभ पंत के अलावा यशस्वी जयसवाल (13) ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जबकि विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा और रविंचंद्रन अश्विन खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 5 विकेट झटके, जबकि विलियम ओ'रूर्के ने 4 विकेट लिए, वहीं टिम साउथी को 1 विकेट मिला।



## सिंधू डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारी



**ओडेंस।** भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने शुक्रवार को डेनमार्क ओपन 2024 में महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग से कड़ी टक्कर के बाद 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को 57 मिनट तक चले मैच में इंडोनेशियाई खिलाड़ी से 13-21, 21-16, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## शाकिब के साथ बीसीबी ने किया खेला विदाई टेस्ट से पहले दिया बड़ा झटका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शाकिब अल हसन मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाल गेंद की सीरीज के शुरूआती मैच से बाहर होने वाले हैं। शुक्रवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने प्रोटियाज के खिलाफ मैच शुरू होने से 3 दिन पहले अनुभवी ऑलराउंडर की जगह बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर हसन मुराद को टीम में शामिल किया है। शाकिब फिलहाल न्यूयॉर्क में रहते हैं और ढाका नहीं गए हैं।

युवा और खेल सलाहकार ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर को विरोध प्रदर्शनों की धमकी सामने आने के बाद स्वदेश नहीं लौटने की सलाह दी है। 37 वर्षीय शाकिब ने बांग्लादेश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर अपनी चुप्पी के लिए पिछले हफ्ते माफी मांगी थी. बीसीबी ने पुष्टि की है कि अनकैप्ड टेस्ट खिलाड़ी हसन मुराद टीम में शाकिब की जगह लेंगे। मुराद ने 2021 में अपने डेब्यू के बाद से अपने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट लिए हैं। स्पिनर ने 2023 में एशियाई खेलों में राष्ट्रीय टीम के लिए डेब्यू किया, जहां उन्होंने टीम के लिए 2 अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच खेले।

बता दें कि, बांग्लादेश दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। सीरीज का पहला मुकाबला 21 अक्टूबर से शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में शुरू होगा। वहीं, दूसरा मुकाबला 29 अक्टूबर से खेला जाएगा।

## रणजी ट्रॉफी : राजस्थान ने पहले दिन सात विकेट पर 304 रन बनाए

एजेंसी

**धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के बीच शुरू हुए रणजी ट्राफी के ग्रुप बी के मैच में राजस्थान की टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में सात विकेट पर 304 रन बना लिए हैं। महिपाल लमरोर 89 और अराफात खान 20 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। शुक्रवार सुबह हिमाचल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। राजस्थान पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहली पारी की शुरूआत करते हुए राजस्थान का पहला विकेट महज तीन रन पर ही गिर गया। सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर मात्र 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम का दूसरा विकेट बल्लेबाज सलमान खान के रूप में गिरा। सलमान ने 11 रन बनाए। इसके बाद अन्य बल्लेबाजों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दिन टीम के स्कोर को 7 विकेट पर 304 तक पहुंचाया। राजस्थान की ओर से अन्य बल्लेबाजों में यश कोठारी 84 रन, कप्तान दीपक हुड्डा 37 रन, कुनाल सिंह राठौर 19 रन, मानव सुथार 20 रन और दीपक चाहर ने एक रन बनाए।

महिपाल लमरोर 89 रन और अराफात खान 20 रन बनाकर नाबाद हैं। हिमाचल की ओर से मयंक डागर ने 4 विकेट चटकाए, जबकि विपिन शर्मा, ऋषि धवन और अर्पित गुलेरिया ने 1-1 विकेट लिया।



## सिक्स किंग्स स्लैम सेमीफाइनल: नडाल अल्काराज से हारे, सिनर ने जोकोविच को दी शिकस्त

एजेंसी



**रियाद।** कार्लोस अल्काराज ने गुरुवार को सिक्स किंग्स स्लैम के सेमीफाइनल में राफेल नडाल को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। हार के बावजूद डेविस कप पर नजर रखे हुए राफेल नडाल ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं। इस प्रदर्शनी टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जननिक सिनर ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7 (0), 6-4 से हराया। इस प्रतियोगिता में जीतने पर धनराशि प्रदान की जाती है, लेकिन एटीपी रैंकिंग अंक नहीं दिए जाते हैं और यह सऊदी अरब का टेनिस में नवीनतम प्रयास है। अल्काराज के खिलाफ मैच नडाल का पहला मैच था, क्योंकि उन्होंने पिछले हफ़्ते घोषणा की थी कि वे अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद संन्यास ले लेंगे। नडाल और अल्काराज ने पेरिस खेलों में एक साथ युगल मैच खेले थे और डेविस कप के लिए फिर से टीम बना सकते हैं। नडाल ने कहा, मेरे सामने एक महीने में डेविस कप है, इसलिए हर दिन बेहतर से बेहतर होने और अपने टेनिस करियर के इस अंतिम टूनार्मेंट के लिए तैयार होने का अवसर है। मैं इसके लिए तैयार रहने और किसी तरह से टीम की मदद करने की पूरी कोशिश करना चाहता हूँ। गुरुवार का मैच जुलाई में पेरिस ओलंपिक में बाहर होने के बाद नडाल के लिए पहला मुकाबला था। नडाल ने कहा, कार्लोस बहुत अच्छा था। मैं कुछ महीने पहले से प्रतिस्पर्धी मंच पर नहीं था। तो हाँ, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा प्रदर्शन था, भले ही यह उसके जैसे खिलाड़ी के खिलाफ खेलने के लिए पर्याप्त नहीं था। लेकिन यह मेरे लिए एक सकारात्मक मैच था, और मैं खुश हूं। नडाल शनिवार को तीसरे स्थान के लिए जोकोविच से खेलेंगे, उसके बाद सिनर का सामना अल्काराज से होगा।

शीर्ष रैंकिंग वाले सिनर को पिछले महीने यू.एस. ओपन जीतने से कुछ समय पहले डोपिंग मामले में बरी कर दिया गया था, हालांकि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ अपील की है।

## फज्जल ने की प्रो कबड्डी लीग जमकर तारीफ

एजेंसी



**दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 11वां सीजन शुरू हो गया वाला है और टीमें टूनार्मेंट के नए सीजन के लिए कमर कस रही हैं। इस लीग में फजल अत्राचली बंगाल वॉरियर्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे. सीजन से पहले ईरानी डिफेंडर और बंगाल वॉरियर्स के कप्तान फजल ने पीकेएल के महत्व पर बात करते हुए कहा कि ईरानी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए इस लीग में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ईरान में कबड्डी एक जैसी है, वे कबड्डी का अनुसरण करते हैं। लेकिन प्रो कबड्डी लीग की वजह से खिलाड़ियों को पैसे मिलते हैं। अगर आप अच्छा खेल रहे हैं, तो आपके पास अच्छा पैसा होगा। दूसरे देश में आपके पास यह विकल्प नहीं है। यहां कबड्डी ज्यादा प्रोफेशनल है, आप हर समय टीवी पर रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा, यह एक लंबा टूनार्मेंट है। दूसरे देश में, शायद यह 20-दिवसीय टूनार्मेंट जैसा हो ईरान में भी हमारी ऐसी ही लीग है, लेकिन यह ज्यादा पेशेवर है। ईरानी खिलाड़ियों का लक्ष्य भी यहीं खेलना है। लीग में खेलने के बाद वे राष्ट्रीय खिलाड़ी बन जाते हैं। बता दें, फजल के पास 486 टैकल पॉइंट हैं और वह टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले डिफेंडर हैं। लीग ने खेल के विकास में किस तरह अहम भूमिका निभाई है, इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह ज्यादा प्रोफेशनल हो गया है। फजल ने आगे कहा, प्रो कबड्डी की वजह से अब कबड्डी काफी पेशेवर हो गई है. पहले यह किसी छोटे गांव या किसी छोटे शहर में होने वाले आम खेलों की तरह था। लेकिन अब हमारे देश में कबड्डी काफी लोकप्रिय है। सीजन 1 से लेकर अब तक यह ज्यादा पेशेवर हो गई है। उन्होंने कहा, यह कबड्डी के भविष्य के लिए भी अच्छा है। शुक्रवार को यहां प्रो कबड्डी लीग के सीजन 11 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में पवन सहरवत और प्रदीप नरवाल के बीच सांस लेने की प्रतियोगिता, प्रो कबड्डी लीग ट्रॉफी के साथ 12 टीम के कप्तान और निमार्ताओं और खिलाड़ियों के बीच कबड्डी मैच शामिल था।

12 कप्तानों में से, ईरान के फजल अत्राचली आगामी सत्र में बंगाल वॉरियर्स का नेतृत्व करेंगे। भारत में कई लीग महिलाओं की भागीदारी पर भी ध्यान केंद्रित करती हैं, जैसे कि आईपीएल में महिला प्रीमियर लीग है जबकि हॉकी इंडिया अगले साल महिला हॉकी इंडिया लीग की मेजबानी करेगा।

## इंडियन ऑयल , रेलवेज , साई एवं सीबीडीटी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**नयी दिल्ली।** इंडियन ऑयल, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और रेलवेज ने चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को यहां खेले गए पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को 8-0 से हराकर शानदार जीत हासिल की। प्रीति दुबे और अंतिम ने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल किए।

## तेलुगु टाइटंस ने बेंगलुरू को 37-29 से हराया

**हैदराबाद।** कप्तान पवन सेहरावत (13 अंक) के बेहतरीन प्रदर्शन और कृष्ण ढुल के हाई-5 की बदौलत मेजबान तेलुगु टाइटंस ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पहले मैच में बेंगलुरू बुल्स को 37-29 से हरा दिया। शुक्रवार यहां खेले गये मुकाबले में उम्मीद थी कि बुल्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे लेकिन कप्तान परदीप नरवाल (तीन अंक) की नाकामी के कारण उसे सीजन की शुरूआत में हार का सामना करना पड़ा। बुल्स ने शुरूआती 20 मिनट में नौ अंक से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए एक समय स्कोर 23-24 कर दिया था लेकिन अंतिम 10 मिनट में टाइटंस ने जोरदार वापसी करते हुए बुल्स को मैच पर पकड़ बनाने से रोक दिया। बुल्स के लिए सुरेंदर सिंह ने हाई-5 लगाया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 129 रनों का लक्ष्य

**शारजाह।** जॉर्जिया पिलमर (33), सूजी बेट्स (26) और इसाबेला गेज ने (नाबाद 20) रनों की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को महिला टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 129 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पिलमर की सलामी जोड़ी ने धीमी लेकिन अच्छी शुरूआत करते हएु पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। नौवें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने सूजी बेट्स (26) को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई।

## नारंग ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक में सरकार के प्रयासों की सराहना की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाने में सरकार के प्रयासों की सराहना की और इसे भारत के खेल महाशक्ति बनने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। खेल मंत्रालय ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाने पर काम कर रहा है, जिसे पूर्व-विधायी परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आम जनता और हितधारकों की टिप्पणियों/सुझावों को आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। नारंग ने एक्स पर पोस्ट किया, मनसुख मांडविया सर, एक मजबूत और पारदर्शी खेल प्रशासन मॉड्यूल बनाने में सरकार के प्रयास उल्लेखनीय हैं। आगामी ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2024 निश्चित रूप से एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि भारत खेल प्रशासन के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और एक खेल महाशक्ति बनने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ये उपाय ओलंपिक और पैरालंपिक चार्टर का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब हैं और एक पूर्व एथलीट के रूप में, खेलों में हमारे देश के विकास को देखकर मुझे गर्व होता है। मसौदा विधेयक पारदर्शिता और जवाबदेही लाकर देश में खेल प्रशासन में सुधार करेगा, जो कि मुख्य रूप से समय की मांग है। विधेयक में खिलाड़ियों के विकास और कल्याण को बढ़ावा देने, नैतिक शासन सुनिश्चित करने और प्रभावी विवाद समाधान तंत्र प्रदान करने के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित किया गया है। यह खेल महासंघों के शासन के लिए संस्थागत क्षमता और विवेकपूर्ण मानक भी स्थापित करेगा जो ओलंपिक और खेल आंदोलन, ओलंपिक चार्टर, पैरालिंपिक चार्टर, अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और स्थापित कानूनी मानकों के सुशासन, नैतिकता और निष्पक्ष खेल के बुनियादी सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधारित हैं। साथ ही यह एकीकृत, न्यायसंगत और प्रभावी तरीके से खेल शिकायतों और खेल विवादों के समाधान के लिए एक उपाय स्थापित करेगा। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को विधेयक पर विचार-विमर्श करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ, राष्ट्रीय खेल महासंघों और राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठनों के साथ हितधारकों की परामर्श बैठक की अध्यक्षता की थी। उन्होंने हितधारकों को आश्वासन दिया कि मसौदा विधेयक को परिष्कृत करने में उनके बहुमूल्य इनपुट पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने निष्पक्ष खेल, समावेशिता और एथलीटों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने वाला वातावरण बनाकर भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के मंत्रालय के दृष्टिकोण को दोहराया।

## चोट के कारण पैन पैसिफिक ओपन से हटीं नाओमी

एजेंसी



**टोक्यो।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने पीठ की चोट के कारण शुक्रवार को टोक्यो में अगले सप्ताह होने वाले पैन पैसिफिक ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी इस महीने की शुरूआत में चाइना ओपन में अंतिम-16 के मैच से रिटायर होने के बाद से ही कोर्ट से बाहर हैं, जिसमें वह अंतिम चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ खेली थीं। इसके बाद उन्होंने इस सप्ताह जापान ओपन से भी अपना नाम वापस ले लिया था। 27 वर्षीय खिलाड़ी को वाइल्ड कार्ड के रूप में पैन पैसिफिक ओपन में भाग लेना था, लेकिन आयोजकों ने कहा कि वह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण अनुपस्थित रहेंगी। ओसाका का चाइना ओपन में खेलना पैट्रिक मौराटोग्लू के नेतृत्व में उनका पहला टूनार्मेंट था, जो फ्रांसीसी खिलाड़ी हैं और सेरेना विलियम्स के लंबे समय तक कोच रहने के लिए जाने जाते हैं। जुलाई 2023 में अपनी बेटी शाई के जन्म के बाद जनवरी में टेनिस में वापसी करने के बाद से वह निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही हैं। माता-पिता बनने के बाद से उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम दो क्वार्टर फाइनल में पहुंचना रहा है।चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन (दुनिया में सातवें नंबर पर) पैन पैसिफिक ओपन में शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी हैं। रूस की डारिया कसाटकिना और ब्राजील की बीट्रिज हदाद मैया भी प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं।

# आयुक्त ने गढ़वा एवं भवनाथपुर के मतदान केंद्रों का किया भ्रमण, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा जिले के 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की उपलब्धता का आकलन किया। साथ ही वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ एवं उपस्थित पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में मतदान के दिन के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखा को ठीक एवं चालू स्थिति में रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय व्यवस्था को भी देखा और वहां रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निदेश दिया। इसके अलावा कुछ मतदान केन्द्रों की रैंप को मरम्मत करवाने का भी निदेश दिया।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त व डीसी।

**इन मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण:** आयुक्त ने 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के आरके सीएम एक्सीलेंस स्कूल गढ़वा, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मेन रोड, गढ़वा एवं रामा साहू सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस, गढ़वा तथा 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के मतदान भवन में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।

उन्होंने मतदान केन्द्रों पर चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निदेश दिया, ताकि मतदान केंद्रों पर पहुंचने में अक्षम मतदाताओं का होम वोटिंग कराया जा सके। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराए जा रहे न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने का भी निर्देश दिया।

मौके पर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पाण्डेय, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रमंडलीय जनसम्पर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर तथा संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चला



डंडई। पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय के निर्देश के आलोक में डंडई थाना पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी अवधेश यादव के नेतृत्व में विभिन्न चैक चैराहो पर दो पहिया और चार पहिया वाहन की चेकिंग की गई। उस दौरान वाहन के डिक्की सहित कागजात की जांच की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध वस्तुएं नहीं मिली। पुलिस ने बगैर हेलमेट के चल रहे कुछ बाइक चालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए वाहन चलाते समय हेलमेंट और सीट बेल्ट के उपयोग करने की हिदायत दी।

### अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान



केतार। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम परती कुशवानी निवासी शिवरतन चैधरी (42वर्ष) पिता गराई चैधरी के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में करीब 200 किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही करीब 35 लीटर अवैध देसी महुआ शराब को जप्त किया। इस आधार पर केतार थाना कांड संख्या 66/24 दर्ज किया गया है। मौके पर कृष्ण कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

### डीसी-एसपी ने की मंडल कारागार में छापेमारी

गढ़वा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुवार देर रात्रि गढ़वा के मंडल कारागार में छापेमारी अभियान चलाया गया। दो घंटे से अधिक चली इस छापेमारी अभियान में केंद्रीय कारा के सभी वार्डो, सभी सेलों, कैंटीन समेत अन्य एरिया का सघन निरीक्षण किया गया। छापेमारी में किसी भी प्रकार के कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुआ। इस दौरान डीसी श्री जमुआर ने कैदियों को दी जाने वाली विभिन्न खाद्य सामग्रियों व अन्य सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही जेल के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। छापेमारी दल में एसी राज महेश्वरम, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पाण्डेय, कार्यपालक दंडाधिकारी, शहर थाना प्रभारी समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

### गला काटकर वृद्ध की हत्या

कांडी। थाना क्षेत्र के कान्हा ढोंढ़ गोसांग गांव निवासी एक वृद्ध की गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात करीब 8 बजे की है। मृतक की पहचान स्व. रामप्रीत रजवार के 65 वर्षीय पुत्र चूल्हन रजवार के रूप में की गई। घटना का कारण भूमि विवाद बताया जाता है। ज्ञात हो कि रात 8 बजे के करीब चूल्हन की झोपड़ी से कुछ दूर रहने वाले रामचंद्र मिस्त्री ने चूल्हन को चिल्लाते सुना। उस वक्त मिस्त्री पेशाब करने के लिए अपने घर से बाहर निकले थे। उन्होंने चिल्लाने की आवाज सुनकर गोसांग गांव में स्थित चूल्हन के घर में फोन किया।

## पूर्व सांसद घुरन राम के रिश्तेदार सहित 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

# भाजपा जनता का वोट व हक दोनों लूटती है: मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### ग्रामीण चिकित्सकों ने भी थामा झामुमो का दामन



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** भाजपा नेता पूर्व सांसद घुरन राम के कई रिश्तेदारों सहित रंका, मेराल, गढ़वा आदि प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों से दो सौ से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। साथ ही रंका, मेराल आदि क्षेत्रों के काफी संख्या में ग्रामीण चिकित्सकों ने भी झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को सभी लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से लखेया, संगबरिया, करकोमा, मेराल, पिपरा आदि गांवों से राज कुमार साह, विनोद कुमार पासवान, जयप्रकाश चंद्रवंशी, मनोज बैठा, कृपाल भारती, सुशील कुमार, बहादुर राम, संतोष पासवान, मिठू चैधरी, मनोज चंद्रवंशी, रामप्रवेश बैठा, उमेश शर्मा, अनिल बैठा, विकास कुमार, अनूप कुमार, ग्राम पिपरा से तौलिक खां, संजय विश्वकर्मा, सत्येंद्र कुमार, मलिक चंद राम, सुरेश मिस्त्री, चंद्रिका राम, असलम खां, विनय बैठा, रीता देवी, ललिता देवी, दुखनी देवी, राधिका देवी, मैना देवी, मालती देवी, कुमारी देवी, प्रियंका कुमारी, बीना देवी, सोनी देवी, रानी देवी, अखिलेश कुमार, राजदेव राम, कामेश्वर राम, कपिल राम, अनरूद राम, महेंद्र राम सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में एक जुट होकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। साथ ही सभी ने कहा कि वे आज से ही अपने अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उन्हें झारखंड सरकार के कार्यों से अवगत कराएंगे एवं पुनः मंत्री ठाकुर को जिताने की अपील करेंगे।

मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चैबे, चंदा देवी, सलीम जाफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### क्या कहा मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी संख्या में लोग भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं। गढ़वा में भाजपा की पूरी तरह से कमर टूट गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट भी लूटती है और जनता का हक भी लूटती है। पिछली रघुवर सरकार में प्रदेश के 11 लाख जनता का राशन का कार्ड निरस्त कर उन्हें अनाज की सुविधाओं से वंचित कर दिया था। भाजपा राज्य इकाई को प्रदेश के नेताओं पर कोई भरोसा नहीं है। यहां प्रचार प्रसार के लिए बाहरी राज्यों से नेताओं को आयात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने हर घर को एक लाख रुपए देने का वादा किया है। अगली सरकार बनते ही उस वादे को पूरा किया जाएगा। राज्य का भला सिर्फ झामुमो ही कर सकती है।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक भानु पर प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़नदस्ता की टीम के दंडाधिकारी सह डंडई बीडीओ देवलाल करमाली के शिकायत पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक भानु प्रताप शाही समेत धुरकी सांसद प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, अंबाखोरेया पंचायत के मुखिया पति समेत आधा दर्जन कार्यकर्ता पर धुरकी थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही सहित अन्य कार्यकताओं पर धुरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता टीम के दंडाधिकारी डंडई बीडीओ देवलाल करमाली द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि विधायक व उनके कार्यकताओं द्वारा क्षेत्र के अम्बा खोरेया के बाल चैरा के पास बिना अनुमति के नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था। जिस कारण विधायक भानु प्रताप शाही, मुखिया प्रतिनिधि हरि लाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता, भाजपा कार्यकर्ता मदन राम के अलावे 100 से 150 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नाराज लाभुकों ने राशन लेने से किया इंकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हंगामा करते लाभुक।

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे में जन वितरण प्रणाली दुकानदार राजेश्वर राम के द्वारा सितंबर माह का राशन नहीं दिए जाने पर नाराज लाभुकों ने अक्टूबर माह का राशन लेने से इनकार कर हंगामा किया। इस दौरान महिला व पुरुष लाभुक सविता देवी, कांति देवी, रजपतिया देवी, तेतरी देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी, संगीता देवी, किस्मतीया देवी, प्रतिमा देवी, नेत्री देवी, दशरथ राम, कमलेश राम, वसंत प्रजापति, पप्पू कुमार, सत्येंद्र पासवान, राम सुंदर प्रजापति, कमलेश राम, केवल राम, प्रभु राम, हरेंद्र राम, गोविंद राम, अजय चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, पंकज राम सहित अन्य लाभुकों ने बताया कि डीलर के द्वारा पोस मशीन में अंगूठा लगवा कर सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया था। डीलर के द्वारा कहा गया कि अक्टूबर माह में सभी लोगों को राशन दे दिया जाएगा। जिसको लेकर इन्होंने 25 सितंबर को दर्जनों लोगों के बीच हस्ताक्षर युक्त लिखित रूप से भी दिया गया था कि 8 अक्टूबर से दोनों माह का राशन दिया जाएगा। लेकिन जब अक्टूबर माह में 18 तारीख से राशन वितरण करने के लिए आए तो उनके द्वारा मात्र डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है। उनके अंडर में 315 लाभुक है और सभी लाभुकों को डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है। इससे नाराज लाभुकों ने काफी हंगामा किया और प्रखंड के पदाधिकारी को भी इसका सूचना दिया। लाभुकों ने बताया कि चुनाव व्यवस्था के कारण पदाधिकारी नहीं आए। हम सभी लोग जब तक सितंबर माह का राशन नहीं मिल जाता है तब तक हम लोग अक्टूबर माह का पंचिंग नहीं करेंगे और राशन भी नहीं लेंगे।

इस संबंध में जन वितरण प्रणाली दुकानदार राजेश्वर राम ने कहा कि हम पहले से ही डीयू में चल रहे हैं लेकिन हम उसका भरपाई करेंगे और राशन वितरण करेंगे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने बतायी कि हम मिटिंग में हैं और एवं एमो प्रभार हमें नहीं मिला है। इस संबंध में एमो प्रभारी सतीश भगत ने कहा कि अगर डीलर राशन वितरण नहीं कर रहा है जिसे जांच किया जाएगा।

## स्कूल बस की टक्कर से महिला की मौत, सड़क जाम

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के पटना में तेज रफ्तार स्कूली बस ने एक महिला को कुचल दिया। सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला अपनी बेटी का दवा लाने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित कुर्जी पुल के पास की है। स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर सड़क को जाम कर दिया और आगजनी की। हालांकि मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई है। मृत महिला की पहचान मस्जिद गली की रहने वाली फूल कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर ही आगजनी कर रोड जाम कर दिया। वहीं स्कूल बस में तोड़फोड़ भी की गई है।

### पटना में लोगों ने किया सड़क जाम



मृत महिला फूल कुमारी अपनी दिव्यांग बच्ची की दवा लाने जा रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई है। मृत महिला फूल कुमारी की गोतनी कल्पना रंजन ने बताया कि अपनी दिव्यांग बेटी का दवा लाने जा रही थी। इस दौरान स्कूली बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। वहीं मृत महिला की बेटी ने आरोप लगाया है कि बस काफी तेज रफ्तार में थी। वहीं उसने सरकार से यह भी गुहार लगाई है कि मुआवजा जल्द से जल्द मिलनी चाहिए।

## मुकेश सहनी ने मांग नीतीश का इस्तीफा

**एजेंसी**



**पटना।** वीआईपी चीफ मुकेश सहनी आज पटना में सिवान और छपरा जिले में हुए जहरीली शराब कांड पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शराब बंदी वाले बिहार राज्य में खुलेआम सरकार के संरक्षण में अवैध शराब का धंधा चल रहा है, कोई कुछ नहीं कर रहा, सब सरकारी अफसर बैठकर पैसा कमा रहा है। वीआईपी प्रमुख ने कहा कि जिस तरह से छपरा और सिवान में गरीबों की लाशें बिछी हैं। इस पर नीतीश कुमार चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने केंद्र में रहकर रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, तो आज 8 वर्षों में लाखों गरीबों की मौत के जिम्मेदार नीतीश कुमार गद्दी छोड़ इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे? राज्य के मुख्यमंत्री के इर्दगिर्द बैठे सारे लोग जो तथाकथित उनके सलाहकार हैं, वे सब शराब माफियाओं से मिलकर प्रदेश के कोने-कोने में शराब की होम डिलीवरी करवा रहे हैं। हर पुलिस का अधिकारी शराब का धंधा करने वाले लोगों से वसूली कर धन कुबेर बन गया और बेचारा गरीब मर रहा है।

# राज्य टेबल टेनिस में आलीशाद, अरित्रो, स्वणार्ली और शिवांगी चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी।

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में आयोजित 24वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए अंडर 11 बालक वर्ग के फाइनल में रांची के अरित्रो डे ने अपने ही जिले के फैजल खान को 3-1 (12-10, 11-7, 8-11, 9, 11-7) जबकि बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की शिवांगी मिश्रा ने अपने ही जिले के रशिका शर्मा को 3-0 (11-7, 11-9, 11-7) से, अंडर 13 बालिका वर्ग में स्वणार्ली माझी ने शिवांगी मिश्रा को 3-0 (11-8, 11-8, 11-8) से, अंडर 13 बालक वर्ग में रांची के अलीशाद खान ने रांची के ही अर्थ घोष को 3-0 (11-4, 11-7, 11-8) से हराकर चैंपियन बने। इससे पहले अंडर 11 बालक वर्ग के सेमी फाइनल मैच में रांची के फैजल खान ने गढ़वा के कार्तिक पाल को 3-1 ( 11-9, 11-9, 8-11, 11-5), दूसरे सेमीफाइनल में रांची के ही अरित्रो डे ने पूर्वी सिंहभूम के वर्धन वशिष्ठ को 3-1 (11-5, 9-11, 11-4, 11-6), अंडर 11 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में पूर्वी सिंहभूम के शिवांगी मिश्रा ने गढ़वा के पलक भारती को 3-0 (11-2, 11-2, 11-4) से, दूसरे सेमीफाइनल में पूर्वी सिंहभूम के रशिका शर्मा ने वहीं के अश्विका सिंह को 3-1 (11-9, 11-8, 9-11, 11-8) से, अंडर 13 बालिका वर्ग के सेमीफाइनल मैच में पूर्वी सिंहभूम के स्वणार्ली माझी ने गढ़वा के आयुषी कुमारी को 3-1 (11-5, 11-9, 9-11, 11-2) से, पूर्वी सिंहभूम के ही शिवांगी मिश्रा ने अनन्या साहा को 3-1 (14-12, 12-10, 9-11,11-6) से, अंडर 13 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में रांची के आलीशाद खान ने हजारीबाग के राजवीर गोयल को 3-0 ( 11-4, 11-4, 11-4) से जबकि अंडर 13 बालक वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में रांची के अर्थ घोष ने रांची के आयुष बनर्जी को 3-1( 11-3, 11-5,9-11, 11-6) से हराकर फाइनल में पहुंचे। मौके पर झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव समरजीत सिंह, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव, उपाध्यक्ष संजय सोनी, चंद्रभूषण सिन्हा, आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश कुमार दुबे, अशोक विश्वकर्मा, मोजीबुद्दीन खान, गजेंद्र साहू, रामाशंकर सिंह, अजय ठाकुर, अभय कुमार, अयोध्या ठाकुर, ललन सोनी, आमोद कुमार पांडेय, संजय सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, पंकज सोनी, मनोज पाठक, मनीष उपाध्याय, सुशांत चैबे आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### अबुआ आवास में अनियमितता से लोगों में आक्रोश

**भंडरिया।** प्रखंड में अबुआ आवास में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इस अनियमितता के विरोध में करचाली पंचायत भवन में बैठक की गई। बैठक में अबुआ आवास निर्माण कार्य में कर्मियों एवं पदाधिकारी द्वारा बरती जा रही भ्रष्टाचार को लेकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। लोगों ने आरोप लगाया कि अबुआ आवास निर्माण में संबंधित कर्मियों द्वारा रिश्वत के तौर पर मोटी रकम लेकर आवास निर्माण का कार्य दी जा रही है। इस भ्रष्टाचार में पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, प्रखंड के आवास कोऑर्डिनेटर सहित अन्य पदाधिकारी का नाम शामिल है। जो लाभुक रिश्वत नहीं दे पा रहे हैं, उनके नाम अबुआ आवास नहीं दिया जा रहा है। बैठक में करचाली गांव निवासी नेजाम अंसारी ने कहा कि योग्य लोगों को आवास से वंचित रखा गया जा रहा है। कमरे आलम ने कहा कि संपन्न लोगों को ही आवास दिया जा रहा है। गरीब लोगों की एक भी नहीं सुनी जा रही है। करचाली गांव निवासी अब्दुल मजीद अंसारी ने भंडरिया बीडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता की शिकायत किया था। शिकायत के बाद संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही गई थी। इसी मामले को लेकर करचाली पंचायत के मुखिया मोनिका खलखो द्वारा शुक्रवार को पंचायत भवन में लोगों के साथ बैठक की गई। साथ ही इसकी लिखित शिकायत वरीय पदाधिकारियों से करने की बात कही गई। बैठक में मुखिया मोनिका खलखो, वाजुद्दीन अंसारी, रफीक अंसारी, विनेश तिर्की, नुरुल ऐन फिदा हुसैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### धुरकी पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**धुरकी।** थाना क्षेत्र शिवरी गांव में अवैध देशी शराब बनाने और बेचने वालो पर पुलिस प्रशासन लगातार छापेमारी कर रही है। किसी भी अवैध कार्यो पर धुरकी पुलिस सख्त नजर बनाए हुए है। शुक्रवार को अवैध देशी शराब बनाने वालो के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्र के शिवरी में अवैध शराब बनाने व बेचने वाले के खिलाफ छापेमारी की गई। ग्राम शिवरी में अवैध देषी महुआ शराब का निर्माण कर बिक्री किया जा रहा था।

## पेज एक का शेष

### पहले चरण की...

झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर वोटिंग 13 नवंबर को होगी। जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। दोनों की मतगणना 23 नवंबर को होगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को पालन करना होगा। **पहले चरण की सीटें :** कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, जमशेदपुर पश्चिम, इचागढ़, रांची, जमशेदपुर पूर्व, डाल्टनगंज, हटिया, पांकी, बहरागोड़ा, बिश्रामपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर, घाटशिला, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, मांडर, पोटका, सरायकेला, चाईबासा, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, मझगांव, जगन्नाथपुर, सिसई, लोहरदगा, मनिका, जुगसलाई, कांके, सिमरिया, चतरा, लातेहार और छतरपुर।

### भाजपा 68, आजसू ...

झारखंड सरकार ने राज्य में तबाही और विनाश मचा रखा है। झारखंड में केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि बेटियों की आजीविका और उनकी जमीन बचाने और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिये एनडीए मिलकर चुनाव लड़ेगी। आपस में चर्चा पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हम महागठबंधन के कुशासन को यहां से खत्म करेंगे।

**कुशासन से लोग त्रस्त : सुदेश :** पीसी में मौजूद आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि जब भी भाजपा, आजसू पार्टी साथ रही हो, अपेक्षित परिणाम आये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कुशासन से कोई वर्ग अछूता नहीं है। यह भारत की पहली सरकार है, जिसके पास न तो शासन है और न ही नीति। क्षेत्रीय पार्टी होने के नाते वे एनडीए के साथ गठबंधन कर चुनाव लडेंगे। उन्होंने कहा कि हमने कभी रूठने जैसे शब्द नहीं निकलने दिये। उन्होंने कहा कि आजसू उम्मीदवार के नाम की घोषणा होने में एक-दो दिन और लगेंगे।

**वादाखिलाफी करती रही सरकार : मरांडी :** इस मौके पर प्रदेश भाजपा अद्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए गठबंधन राज्य की जनता के लिए चुनाव जीतना चाहेगा। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते कहा कि 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था। सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाई थी। विधानसभा के अंदर कहा था कि बेरोजगारी भत्ता देंगे। पूरे पांच साल बीत गये, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। सीएम आदिवासियों का नाम लेते रहे लेकिन आज संथाल की क्या दुर्गति हो गयी है। हर जगह यही स्थिति है। जमीन दलाल सेना की जमीन भी नहीं छोड़ते। ऐसे में एनडीए को झारखंड की रोटी, बेटी और मिट्टी को बचाना है। मौके पर सांसद सीपी चौधरी और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस भी उपस्थित थे।

### सभी सीटों पर...

ऐसे में यह सीट आजसू को देने पर भी पार्टी नहीं सोच सकती थी। जब आजसू ने चंदनकियारी सीट छोड़ी तो उमाकांत रजक ने अपनी नयी राह झामुमो में तलाश ली। वहीं जमुआ के वर्तमान विधायक केदार हाजरा इसलिए झाममो में गये, क्योंकि दो दिन पहले ही भाजपा ने 2019 में जमुआ विधानसभा सीट पर रनर अप रही कांग्रेस उम्मीदवार डॉ मंजू कुमारी को भाजपा में शामिल कराया है। ऐसे में केदार हाजरा ने अपनी जमुआ की उम्मीदवारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थाम लिया।

### माता-पिता भी नाबालग...

कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल लॉ से ऊपर रखने का मसला संसद में लंबित है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गयी याचिकाकताआओं में से एक सोसाइटी फॉर इनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन ने आरोप लगाया था कि राज्यों के स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम का सही तरह से अमल नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते बाल विवाह के मामले बढ़ रहे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से बातचीत कर केंद्र सरकार को बताने के लिए कहा था कि बाल विवाह पर रोक लगाने के कानून पर प्रभावी अमल के लिए उसकी ओर से क्या कदम उठाये गये हैं। याचिका में बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधान को प्रभावशाली रूप से लागू कराए जाने की मांग की गयी थी।

स्पीड न्यूज

## ‘भूल भुलैया 3’ में मंजुलिका बनीं माधुरी



मुंबई । अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया 3 साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निमार्ता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है। बाद शुक्रवार को टी-सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए।

## आज कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे।
मिशन कर्मयोगी की शुरूआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 701.2 अरब डॉलर पर रहा था।

## जम्मू-कश्मीर में मंत्रियों को विभाग आवंटित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रदेश में सरकार गठन के बाद नये मंत्रियों को विभाग सौंप दिये हैं। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी को लोक निर्माण (आर एंड बी), उद्योग एवं वाणिज्य, खनन, श्रम एवं रोजगार और कौशल विकास विभाग सौंपे गए हैं। सुश्री सकीना इटू स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और समाज कल्याण का प्रबंधन करेंगी। इसी तरह जावेद अहमद राणा को जल शक्ति, वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण और जनजातीय मामलों का प्रभार दिया गया है।

## सोमालिया में विस्फोट सात लोगों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में गुरुवार को एक पुलिस अकादमी के पास एक आत्मघाती बम विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। गारोवे समाचार पोर्टल ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी। किसी भी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है, लेकिन समाचार पोर्टल का सुझाव है कि हमले के पीछे कट्टरपंथी इस्लामी समूह अल-शबाब हो सकता है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को जमानत

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें 50 हजार रुपये के मुचलके पर सशर्त जमानत दी गई है। फिलहाल, उनके देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। इससे पहले उन्हें पिछले साल मई में स्वास्थ्य कारणों के चलते जमानत दी गई थी। तब वह 10 महीने तक बेल पर रहे थे।

# गिरिडीह जिले में खिसकी कांग्रेस की जमीन

## हाजरा के झामुमो में शामिल होने से जमुआ सीट भी मिलने के आसार नहीं




सत्येन्द्र



रांची। गिरिडीह जिले की छह विधानसभा सीटों में से एक भी सीट कांग्रेस को न मिले इसकी संभावना प्रबल दिख रही है। यह स्थिति तब उत्पन्न हुआ है जब जमुआ विधानसभा सीट पर अदला बदली का खेल हो गया। इस बनते बिगड़ते समीकरण से भाजपा गदगद है तो जेएमएम भी यहां फुल फॉर्म में नजर आ रहा है। हालांकि इन सबों के बीच किसी की जमीन खिसक रही है तो वह कांग्रेस है। अब ऐसा लगने लगा है कि इंडिया गठबंधन में जमुआ सीट की प्रबल दावेदार रही कांग्रेस को शायद यह सीट मिले ही नहीं। वहीं यह भी संभावना है कि गिरिडीह जिले के सभी छह सीट से कांग्रेस का सफाया ही हो जाए। ये आशंका जमुआ विधानसभा सीट के वर्तमान हालात को देखते हुए व्यक्त की जा रही है।

दरअसल, वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस और राजद का गठबंधन हुआ। गठबंधन के तहत कांग्रेस को जिले की छह सीटों में से दो सीट मिले। एक सीट बगोदर थी तो दूसरी जमुआ। बगोदर में कांग्रेस के प्रत्याशी बासुदेव प्रसाद वर्मा को महज 2049 मत मिला। जबकि जमुआ सीट पर कांग्रेस से खड़ी मंजू देवी ने भाजपा के उम्मीदवार केदार हाजरा को कड़ी टक्कर दी। मंजू को यहां 40293 मत मिला। अब 2024 के विधानसभा चुनाव में मंजू को लेकर कांग्रेस की दावेदारी मजबूत हो गई थी।

**समीकरण 14 अक्टूबर से बदला :** कांग्रेस की टीम मंजू के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई। 14 अक्टूबर से पहले तक यही लग रहा था कि भाजपा के सिटिंग एमएलए के सामने कांग्रेस की मंजू देवी चुनाव लड़ेंगी और टक्कर जोरदार होगी। लेकिन अचानक 14 अक्टूबर को मंजू देवी ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा में शामिल हो गई। यहीं कांग्रेस को जोरदार झटका लगा।

**केदार के जेएमएम में जाते ही सकते में कांग्रेस :** मंजू देवी के भाजपा में जाने के बाद इस सीट के लिए अभी कांग्रेस उम्मीदवार खोज ही रही थी। कांग्रेस नेता डॉ समीर राज चौधरी ने इस सीट पर दावा भी ठोक दिया था। अभी मंजू के जाने के झटके से कांग्रेस उबर भी नहीं पायी थी कि 18 अक्टूबर को भाजपा के साथ कांग्रेस को भी झटका लगा। जमुआ के सिटिंग विधायक केदार हाजरा ने दोनों दलों को झटका दिया। शुक्रवार को केदार ने भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हो गए। केदार के झामुमो में जाने के बाद अब जमुआ सीट पर जेएमएम का दावा मजबूत हो गया है। इस बार इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग में शायद जमुआ सीट कांग्रेस को नहीं मिले। शायद इस बार इस सीट का टिकट जेएमएम के केदार को मिले। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग में बगोदर की सीट भाकपा माले को मिले। ऐसे यह भी कहा जा रहा है कि गिरिडीह जिले की छह विधानसभा सीटों में से एक भी सीट कांग्रेस को न मिले। तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

# जैविक हथियार डिफेंस सेक्टर के लिए चुनौती

## रक्षा क्षेत्र में निजी उद्योग को अब लीड लेना चाहिए : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**▸▸ टेक्नोलॉजी ने एक नये गैर परंपरागत वॉरफेयर को जन्म दिया : रक्षा मंत्री**



नयी दिल्ली । नई टेक्नोलॉजी ने डिफेंस सेक्टर को ट्रांसफॉर्म किया है। आज पारंपरिक युद्ध का जो स्वरूप हम अपने आसपास देखते हैं, वह आज से 50-60 साल पहले के स्वरूप से कहीं ज्यादा अलग है। जमीन पर, हवा में या फिर समुद्र में जिन हथियारों एवं उपकरणों का प्रयोग होता था, आज टेक्नोलॉजी की वजह से उनमें बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। यह बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कही। वह दिल्ली में आयोजित रक्षा प्रौद्योगिकी पर आयोजित डीआरडीओ की एक कार्यशाला में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि डिफेंस सेक्टर में टेक्नोलॉजी का प्रभाव सिर्फ कन्वेंशनल वॉरफेयर तक ही सीमित नहीं रहा। टेक्नोलॉजी ने रक्षा क्षेत्र में एक नए गैर परंपरागत वॉरफेयर को जन्म दिया है। ड्रोन, साइबर वॉरफेयर, जैविक हथियार और स्पेस डिफेंस जैसे अनेक एलिमेंट डिफेंस सेक्टर के लिए एक चुनौती बनकर उभरे हैं।

रक्षा मंत्री ने रिसर्च को संबोधित करते हुए कहा कि एक परिवर्तनकारी दौर में जिस तरह से आप डिफेंस व रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपने कदम आगे बढ़ा रहे हैं, वह निश्चित रूप से हमारे डिफेंस सेक्टर को और भी ज्यादा मजबूत बनाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह काम कोई एक संस्था या इंस्टीट्यूशन अकेले नहीं कर रहा है बल्कि स्टार्टअप, देश के वैज्ञानिक, उद्योगपति, शिक्षा जगत व युवा उद्यमी सभी एक साथ मिलकर इस काम को कर रहे हैं। रक्षा मंत्री का कहना है कि मुझे ऐसा लगता है कि वक्त आ गया है जब डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को लीड लेना चाहिए, मैं भागीदारी की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि प्राइवेट सेक्टर को अब लीड लेना चाहिए। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि प्राइवेट इंडस्ट्री तेजी से हो रहे परिवर्तनों को आत्मसात करने के साथ-साथ नए नवाचार बनाने की भी क्षमता रखती है। रक्षा मंत्री का कहना है कि आज दुनिया जिस तरह से बदल रही है, टेक्नोलॉजी और रिसर्च का महत्व भी उसी अनुपात में तेजी से बदल रहा है। टेक्नोलॉजी की वर्तमान समय में क्या भूमिका है और भविष्य में क्या भूमिका होने वाली है, सभी लोग इससे परिचित हैं।

## बेनामी लेनदेन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा अपना ही फैसला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वर्ष 2022 के अपने उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 3(2) को असंवैधानिक घोषित किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि असंशोधित बेनामी लेनदेन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिकता को मूल कार्यवाही में कभी नहीं उठाया गया या इस पर बहस नहीं की गई। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार की समीक्षा याचिका स्वीकार कर ली। पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 के असंशोधित प्रावधान की धारा 3 (2) को स्पष्ट रूप से मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 20 (1) का उल्लंघन करने के कारण असंवैधानिक घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने पाया कि 2016 के संशोधन से पहले असंशोधित अधिनियम की धारा 5 के प्रावधानों को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया है कि वे स्पष्ट रूप से मनमाने हैं। पीठ ने कहा कियह निर्विवाद है कि असंशोधित प्रावधान की संवैधानिक वैधता को कोई चुनौती नहीं दी गई थी। वास्तव में, पीठ के समक्ष विचार के लिए उठे प्रश्न से यह स्पष्ट है कि समीक्षा की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने असंशोधित प्रावधानों को खारिज कर दिया, जबकि उन्हें 2016 में संशोधित किया गया था। तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम 1988 के प्रावधानों को खारिज कर दिया, जिसमें तीन साल तक की कैद या जुर्माना लगाया जाता था।

# बिलावल के बाद अब नवाज ने की भारत के साथ दोस्ती की हिमायत

**पाकिस्तान की अकड़ टूटी**

**दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में सुधार से कई क्षेत्रों में खुल सकता प्रगति का रास्ता : पूर्व प्रधानमंत्री**



एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन, पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों को सुधारने की दिशा में एक नई शुरूआत साबित हो सकता है। एक हफ्ते में यह दूसरी बार है जब पाकिस्तान के किसी बड़े नेता ने भारत के साथ दोस्ती की हिमायत की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में भारतीय पत्रकारों से बात करते हुए, सत्तारूढ़ पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले और तीन बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज ने कहा कि दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में सुधार से कई क्षेत्रों में प्रगति का रास्ता खुल सकता है। नवाज ने कहा कि अगर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ सम्मेलन में शामिल होते तो बेहतर होता। उन्होंने कहा कि एससीओ सम्मेलन पाकिस्तान-भारत संबंधों के लिए एक अच्छी शुरूआत हो सकती है। अगर पाकिस्तान-भारत संबंध बहाल होते हैं तो बहुत कुछ बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान आना चाहिए। हालांकि, नवाज ने माना कि अतीत कड़वा रहा है। उन्होंने कहा कि देखते हैं भविष्य में क्या होता है। इससे पहले 15 अक्टूबर को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मंगलवार को दोनों देशों के बीच एक आम सहमति पर पहुंचने की जरूरत पर जोर दिया, खास तौर पर जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद के मुद्दे पर। गौरतलब है कि गंभीर आर्थिक संकट, अफगानिस्तान के साथ तनाव पूर्ण रिश्ते, भारत के साथ व्यापार के जरिए होने वाला लाभ, कुछ ऐसे कारक हैं जो पाकिस्तान को भारत के साथ रिश्ते सुधारने को मजबूर कर रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने इस साल मार्च में संकेत दिया कि इस्लामाबाद की नई दिल्ली के साथ व्यापार को फिर से शुरू करने की इच्छा है। डार ने कहा कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय प्रत्यक्ष व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए बहुत उत्सुक है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन, का बड़ा सपोर्ट बेस- छोटे पूंजीपतियों और बड़े उद्योगपतियों का रहा है।

# सिनवार की हत्या पूरी दुनिया के लिए अच्छा दिन : बाइडेन

**अमेरिका के राष्ट्रपति बोले- मेरे इजरायली दोस्तों के लिए यह निस्संदेह राहत**



वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या को इजरायल के लिए अच्छा दिन बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की मौत ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच राजनीतिक समझौते के लिए एक अवसर प्रस्तुत किया है। बाइडेन ने कहा कि यह इजरायल, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए अच्छा दिन है। मेरे इजरायली दोस्तों के लिए यह निस्संदेह राहत और यादों का दिन है, वैसा ही दिन जैसा कि 2011 में राष्ट्रपति ओबामा द्वारा ओसामा बिन लादेन को मारने का आदेश दिए जाने के बाद अमेरिका ने देखा था। बाइडेन ने कहा कि अब गाजा में हमास के सत्ता में न रहने और एक राजनीतिक समझौते के लिए मौका है जो इजरायलियों और फिलिस्तीनियों दोनों के लिए बेहतर भविष्य प्रदान करता है। सिनवार उन सभी लक्ष्यों को हासिल करने में एक बड़ी रुकावट था। यह बाधा अब मौजूद नहीं है।

## सलमान खान को फिर धमकी बिश्नोई गैंग ने मांगे पांच करोड़

मुंबई। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नाम पर एक धमकी भरा संदेश मिला है। धमकी भरे संदेश में अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई है। यह संदेश मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप नंबर पर भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि इसे हल्के में न लें। अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे। मैसेज में आगे चेतावनी दी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो सलमान खान की स्थिति बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने इस पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है। धमकी भरे मैसेज के बाद महाराष्ट्र के रायगढ़ में सलमान खान के पनवेल फार्महाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई।

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पांच और गिरफ्तार

एजेंसी

**नितिन मुख्य साजिशकर्ता के संपर्क में था और हथियार मुहैया कराये थे : पुलिस**

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में शुक्रवार को और पांच लोगों को गिरफ्तार किया जिसके साथ ही सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या नौ हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर अपराध शाखा ने पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत में छापेमारी की तथा इन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में डोंबिवली से नितिन सप्रे (32), अंबरनाथ से राम कनौजिया (44), पनवेल से संभाजी किसन पारधी (43), अंबरनाथ से प्रदीप थोम्ब्रे (37) और अंबरनाथ से चेतन पारधी (27) शामिल हैं। इन सभी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 25 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। संयुक्त पुलिस आयुक्त लक्ष्मी गौतम ने बताया कि नितिन सप्रे मुख्य साजिशकर्ता के संपर्क में था और उसने हथियार मुहैया कराये थे। इसके अलावा कुछ वित्तीय लेन-देन भी किये गये और आरोपियों को तीन पिस्तौलें भी मुहैया करायी थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोग लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के संपर्क में भी थे, जिस पर सिद्दीकी की हत्या का आरोप है। पुलिस ने कहा कि ये आरोपी राकांपा नेता की हत्या की साजिश में शामिल थे। पुलिस ने अदालत को बताया अन्य गिरफ्तार आरोपियों के साथ जांच के दौरान इन पांचों आरोपियों की भूमिका स्थापित हुई और उनके मोबाइल नंबर मुख्य आरोपी के मोबाइल में पाये गये हैं।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 218 अंक चढ़ा

## निफ्टी 104 अंक की तेजी के साथ 24,854 पर पहुंचा

एजेंसी

**▸▸ बीएसई के 4043 कंपनियों में कारोबार हुआ, 1923 में तेजी 2014 में गिरावट और 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ**



मुंबई । मांग को बढ़ाव देने के लिए चीन के नई नीतिगत कदम की बदौलत विदेशी बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज, बैंकिंग और धातु समेत बारह समूहों में हुई लिवाली से पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 218.14 अंक की बढ़ोतरी लेकर 81,224.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 104.20 अंक की तेजी के साथ 24,854.05 अंक पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.21 प्रतिशत बढ़कर 47,946.33 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 0.16 अंक फिसलकर 56,500.05 अंक रह गया।

बीएसई में कुल 4043 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1923 में तेजी जबकि 2014 में गिरावट रही जबकि 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य 17 में बिकवाली हुई।

बीएसई के 12 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.02, वित्तीय सेवाएं 1.12, हेल्थकेयर 0.21, दूरसंचार 0.60, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.58, बैंकिंग 1.84, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.21, धातु 1.65, पावर 0.46, रियल्टी 0.39 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, आईटी 1.73 और टेक समूह के शेयर 1.37 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर ब्रिटेन के एफटीएसई की 0.27 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य में तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.20, जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 3.61 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.91 प्रतिशत उछल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 257 अंक की गिरावट लेकर 80,749.26 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,409.25 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 81,391.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,006.61 अंक के मुकाबले 0.27 प्रतिशत मजबूत होकर 81,224.75 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह निफ्टी भी 85 अंक उतरकर 24,664.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,567.65 अंक के निचले जबकि 24,886.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 24,749.85 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,854.05 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एक्सिस बैंक 5.57, आईसीआईसीआई बैंक 2.49, टाटा मोटर्स 2.06, टाटा स्टील 1.94, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.76, एनटीपीसी 1.75, एसबीआई 1.12, सन फार्मा 1.04, अडानी पोर्ट्स 0.75, अल्ट्रासिमको 0.64, एचडीएफसी बैंक 0.47, टीसीएस 0.38, भारती एयरटेल 0.37, बजाज फिन सर्व 0.32, कोटक बैंक 0.32, पावरग्रिड 0.20, रिलायंस 0.15 और एलटी 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

